# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

# चाची से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

पीपीगंज (एसएनबी)। जानमाल की धमकी देकर चाची से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पीपीगंज पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम आदित्य दुवे वताया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 376, 452, 323, 504, 506 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पीपीगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने स्थानीय पुलिस को तहरीर दी कि उसके भतीजे ने जानमाल की धमकी देकर उसके साथ दुराचार किया। वह लोकलाज के भय से चुप रही। इसके वाद वह उसे ब्लैक मेल कर उसके साथ दुराचार करना शुरू कर दिया। परेशान होकर भतीजे की हरकतों की जानकारी उसने परिवार के लोगों को देने के साथ ही थाने पर दी। थाने पर दोनो पक्षों को बुलाकर समझौता कराया गया कि अव वह उसके साथ कोई गलत हरकत नहीं करेगा। वावजूद युवक अपनी हरकतों से वाज नहीं आया। पीड़िता फिर से थाने पहुंची और उपुलिस को तहरीर दी। इस वार पुलिस ने आरोपित को समझाया नहीं वल्कि केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दुष्कर्म में सात साल की सजा

गोरखपुर (एसएनबी)। दुष्कर्म करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट सुनील कुमार ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटसहरा बाजार निवासी अभियुक्त सलीम को सात साल के कठोर कारावास एवं पच्चीस हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमित पाण्डेय का कहना था कि 28 अक्टूबर 2006 को शाम पांच बजे वादी की लड़की शौच के लिए घर से बाहर गई थी। जहां से अभियुक्त उसे बहला फुसलाकर कर भगा कर गोरखपुर लाया और वहां से खलीलाबाद अपनी बहन के घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वहां से मुंबई ले गया जहां से वापस आते समय पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## लूट के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** लूट के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के मोहल्ला कजाकपुर निवासी आरोपी सिकंदर निषाद की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ला का कहना था कि सिकटौर निवासी वादी नवनीत कुमार मिश्र सी एम एस कम्पनी में कस्टोडियन के पद पर कार्यरत है।16 अगस्त 2021 को समय करीब 1135 बजे वह स्पेंसर,हायर, मंत्रा से प्राप्त पांच लाख अठ्ठाईस हजार रुपया बैंक रोड स्थित एक्सिस बैंक में जमा करने बाइक से जा रहा था। एस बी आई बैंक बुद्ध विहार रामगढ़ताल के पास एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर आए और वादी को मोटरसाइकिल को रोककर उसके आंख में लाल मिर्च पाउडर डालकर रुपए से भरा बैग छीन कर भाग गए। दौरान विवेचना अभियुक्त का नाम प्रकाश में आया।

# 33 फरार बदमाशों पर 25-25 हजार का इनाम

**GORAKHPUR (24 Sept):** जिले के 33 बदमाशों के खिलाफ शुक्रवार को एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने इनाम जारी किया. इन बदमाशों की गिरफ्तारी पर पुलिस टीम को 25-25 हजार रुपए का इनाम मिलेगा. इनाम घोषित बदमाशों के खिलाफ विभिन्न थानों में गैंगेस्टर सहित अन्य मामले दर्ज हैं.

### 150 पर रहेगी विशेष नजर, अन्य की जुटा रहे डिटेल

गगहा एरिया में किशोरी के मर्डर कांड में फरार एक लाख रुपए के इनामी का एनकाउंटर करने के बाद पुलिस टीम का हौसला बुलंद है. जिले में सक्रिय रहने वाले कुल 150 बदमाशों की स्पेशल लिस्ट तैयार करके उनकी निगरानी बढ़ा दी गई है. इनमें ऐसे बदमाशों को चिन्हित किया गया है जो विधान सभा चुनाव में गड़बड़ी फैला सकते हैं. इसके अलावा इनाम जारी करके अरेस्ट करने के लिए अन्य की लिस्ट तैयारी की जा रही है. इनाम घोषित किए बदमाशों में सबसे ज्यादा कैंट और उरुवा थानों के बदमाश हैं.

### इन पर जारी हुआ इनाम

| | |
|---|---|
| 1. कैण्ट | अजय सिंह, महुआवारी जीरादेई, सिवान बिहार |
| 2. कैण्ट | प्रमोद उर्फ डिलू, सजयाव मखु, सिवान बिहार |
| 3. कैण्ट | सोनू कुमार शाह, मुफलिसपुर, सिवान |
| 4. कैण्ट | तौसीर आलम, सेमरा हरदो कुबेरस्थान कुशीनगर |
| 5. कैण्ट | शेर मोहम्मद, रसलूपुर, हाटा कुशीनगर |
| 6. कैण्ट | इजमामलु खान, धौताल, तरकुलवा देवरिया |
| 7. कैण्ट | अजहरूद्दीन, पतया, कसया कुशीनगर |
| 8. तिवारीपुर | राजकुमार सिंह, थाना मधबुन मऊ |
| 9. खोराबार | महेंद्र सिंह, आजाद नगर वार्ड नंबर 1, कोतवाली फरीदाबाद, ?हरियाणा |
| 10. खोराबार | विकास शर्मा, डबुआ कॉलोनी, सारन फरीदाबाद ?हरियाणा |
| 11. शाहपुर | पंकज निषाद, अहिरौली, आजमगढ़ |
| 12. शाहपुर | रामअवतार, अलौवा, कप्तानगंज, कुशीनगर |
| 13. कैंपियरगंज | शहजाद, पठानपट्टी, थावे, बिहार |
| 14. सहजनवा | दीपक कोईंदी, तरया सुजान, कुशीनगर |
| 15. सहजनवा | पारस गुप्ता, सलेमगढ़ बसडीला, तरया सुजान, कुशीनगर |
| 16. चिलुआताल | सूरज चौहान, हरैया धनघटा, संतकबीरनगर |
| 17. चिलुआताल | इरफान, मुडेरा, चिलुआताल |
| 18. गीडा | हाजी मजीद, मस्जिद कंधारा, शामली |
| 19. गीडा | सतीश बाबू, सेहरा फूफूद औरैया |
| 20. गीडा | मुनव्वर, ?छड़ियान, कैराना शामली |
| 21. गीडा | सलमान, बड़ीमाता, शामली |
| 22. गीडा | मोहम्मद रियाज, वरवाना बागपत |
| 23. बांसगांव | जितेंद्र यादव, छपरा खुर्द एकवना, देवरिया |
| 24. बांसगांव | महावीर, चोदरी घाघरा, झारखंड |
| 25. बांसगांव | जज सिंह, डहरीया, पटियाला पंजाब |
| 26. बेलघाट | तौफिक अहमद, रानीपुर, गंभीरपुर, आजमगढ़ |
| 27. बेलघाट | राहुल यादव, हेमचौरा, उरुवां, गोरखपुर |
| 28. बेलघाट | लालजी केवट, नरगड़ाजंगा, बेलघाट |
| 29. उरुवा | सरफराज, अंडाखोर, बिलयारीगंज, आ. |
| 30. उरुवा | नवील, टिकरियागंज अंडाखोर, बिलयारीगंज, आजमगढ़ |
| 31. उरुवा | विरेंद्र यादव, बिजुलियाडीह, अयोध्या |
| 32. उरुवा | अजय सोनकर, विसरा, गोला गोरखपुर |
| 33. उरुवा | इजहार, रामगढ़, गोला गोरखपुर |

# पुलिस महकमे में आया भूकंप हिलीं चौकी प्रभारियों की कुर्सी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (24 Sept):** जिले के पुलिस महकमे में बदलाव जारी है. गुरुवार रात एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने 56 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया. नई तैनाती में कई प्रभारियों की चौकी छिन गई. शहर की विभिन्न पुलिस चौकियों पर तैनात रहे सब इंस्पेक्टर को ग्रामीण एरिया के थानों पर एसएसपी ने पोस्ट किया है. साथ ही ग्रामीण थानों और पुलिस चौकियों पर रहे दरोगाओं को शहर में आने का मौका भी मिला. इसके पूर्व एसएसपी करीब छह सौ हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में भारी फेरबदल कर चुके हैं. माना जा रहा है कि अगला बदलाव थानेदारों के कार्यक्षेत्र में होगा. गैर जनपद तबादले से जहां आठ थाने खाली हो रहे हैं. वहीं, कुछ इंस्पेक्टर लंबे समय से जिले में मनचाहे थानों के चार्ज पर हैं. एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने कहा, जिले में कानून- व्यवस्था को देखते हुए फेरबदल किए गए हैं. आवश्यकतानुसार आगे भी होंगे. क्राइम कंट्रोल करने में नाकाम, पब्लिक से खराब व्यवहार करने की शिकायत और अनुशासनहीनता के मामले सामने आने पर दोषी पुलिस कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे.

### यहां के चौकी प्रभारियों का हुआ फेरबदल

बेनीगंज, नखास , नगर निगम, घासीकटरा, मोहददीपुर, एयरफोर्स, कलेक्ट्रेट, पैडलेगंज, आजाद नगर, फलमंडी, कौआबाग, असुरन, पादरी बाजार, मछलीगांव, बरगदवां, मजनू पुलिस चौकी

### रूरल एरिया में हुआ ट्रांसफर

शहर में तैनात रहे अधिकांश दरोगाओं को ग्रामीण क्षेत्र के थानों पर भेजा गया है. एसएसआई कैंट रहे इत्यानंद पांडेय को बांसगांव के हरनही चौकी का प्रभारी बनाया गया. साथ ही अन्य चौकियों पर तैनात रहे दरोगाओं को बड़हलगंज, गगहा, बांसगांव, कैंपियरगंज, पीपीगंज, चौरीचौरा, सहजनवां सहित अन्य थानों पर तैनाती दी गई है.

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

**गोरखपुर।** मार्ग दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। चरगांवा स्थित चालक प्रशिक्षण केंद्र (डीटीआइ) में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ बांसगांव विधायक विमलेश पासवान और संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आरटीओ ने बताया कि यह वाहन जनपद में घूमकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान अतिथियों ने लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने आटो चालक तारा देवी को सम्मानित किया।

## लेखपालों पर हमले का आरोपी हिरासत में

**चौरीचौरा।** थाना क्षेत्र के देवीपुर गांव में कमिश्नर के निर्देश पर भूमि की जांच करने गए दो लेखपालों पर हमला करने के आरोपी को पुलिस ने दो दिन पूर्व ही हिरासत में ले लिया है हालांकि अभी उनका चालान नहीं किया गया है। चर्चा है कि पुलिस इस मामले में लीपापोती में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे गरीब कल्याण मेला की शुरुआत

### 15 योजनाओं के 75 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित होने का दिया जाएगा प्रमाण-पत्र

- कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे 375 लाभार्थी, पूरे प्रदेश में किया जाएगा सजीव प्रसारण, 25 सितंबर तक सभी ब्लाकों में होगा कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं आम लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए गरीब कल्याण मेला का आयोजन 25 सितंबर को प्रदेश के सभी ब्लाकों पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर के भरोहिया ब्लाक मेले में उपस्थित होकर इसकी शुरुआत करेंगे। 15 कल्याणकारी योजनाओं के 75 लाभार्थियों (हर योजना से पांच-पांच) को मुख्यमंत्री मंच से योजना का लाभ देने का प्रमाण-पत्र प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में इन योजनाओं से जुड़े करीब 375 लाभार्थी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। इसके बाद वे गोंडा के लिए रवाना हो जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। सुबह करीब 11 बजे भरोहिया ब्लाक स्थित गुरु गोरखनाथ विद्या पीठ पर आयोजित मेले में पहुंचेंगे और मेले का शुभारंभ करेंगे। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर गोरखपुर से इस कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। मेले में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरण, वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं निराश्रित पेंशन, पीएम आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों, स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत शौचालय, स्वरोजगार योजनाओं के लाभार्थियों, एनआरएलएम से चयनित महिला समूहों, पीएम किसान योजना, पुष्टाहार वितरण, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और अन्न प्रासन, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत पात्र लाभार्थियों, सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

**योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए लगाए जाएंगे स्टाल :** मेला में विभिन्न विभाग की ओर से योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए स्टाल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही आरोग्य मेला भी लगेगा, जिसमें गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी होगा। बैंकों से समन्वय स्थापित कर विशेष लोन शिविर लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी ब्लाकों पर विभागों की ओर से स्टाल लगाए जाएंगे।



मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर निरीक्षण करते डीएम और एसपी • जागरण

### बापू पीजी कालेज में उतरेगा मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर

पीपीगंज : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकाप्टर बापू पीजी कालेज में बनाए गए हेलीपैड पर उतरेगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी विजय किरन आनंद, एसएसपी विपिन ताडा, एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, सीओ कैंपियरगंज अजय कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक बच्चा सिंह ने पूरे कार्यक्रम स्थल की सफाई कराई। 250 से अधिक सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गंगा प्रसाद जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### पं. दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे सीएम योगी

गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को भरोहिया जाने से पहले गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर में स्थापित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर उनकी जयंती के अवसर पर सुबह 10.30 बजे माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री सर्किट हाउस पहुंचेंगे और वहां से हेलीकाप्टर से भरोहिया के लिए रवाना होंगे।

## तेज आवाज करने वाले 10 मोटरसाइकिलों का चालान

गोरखपुर : संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह के नेतृत्व में परिवहन अधिकारियों की टीम ने शुक्रवार को देवरिया बाइपास पर चिड़ियाघर के पास बिना मानक के चल रहे वाहनों के खिलाफ जांच अभियान चलाया। इस दौरान तेज आवाज करने के आरोप में 10 मोटरसाइकिल का चालान किया गया। शासन ने मानक से अधिक आवाज करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। (जासं.)

## कुशीनगर में चोरी करने वाले गोरखपुर के दो चोर गिरफ्तार

**जासं, कुशीनगर:** कसया पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने गुरुवार देर रात ओवरब्रिज के समीप देवरिया रोड से चोरों के गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनमें से दो गोरखपुर के रहने वाले हैं। तीनों के पास से सोने की एक चेन व दो लाख से अधिक रुपये बरामद हुए। एसपी सचिन्द्र पटेल ने बताया कि गिरोह के सदस्यों की पहचान राहुल गौड़ निवासी छोटकी सपरी, थाना गौरी बाजार देवरिया और अखिलेश चौहान निवासी कलटरी, थाना शाहपुर व सन्नी देओल राजभर निवासी गायत्री नगर थाना शाहपुर गोरखपुर के रूप में हुई।

# 16 चौकी प्रभारी समेत 56 दारोगा का तबादला

**जागरण संवाददाता, गोरखपुरः** एसएसपी डा. विपिन ताडा ने गुरुवार की रात शहर क्षेत्र में तीन साल से तैनात 16 चौकी प्रभारी समेत 56 दारोगा का तबादला कर दिया। शनिवार तक सभी को नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लेना है।

**व्यवस्था**

- मुख्यालय से आदेश आने पर एसएसपी ने बदला कार्यक्षेत्र
- शनिवार तक सभी को नवीन तैनाती स्थल पर ग्रहण करना होगा कार्यभार

एसएसआइ कोतवाली रहे इत्यानंद पांडेय को हरनहीं चौकी प्रभारी बनाया गया है, नखास चौकी प्रभारी राम सिंह को थाना कैंपियरगंज, बेनीगंज चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह को थाना बड़हलगंज, नगर निगम चौकी प्रभारी नंदलाल यादव को चौरी चौरा थाना, अरविंद राय को कोतवाली से खजनी, अविनाश कुमार को राजघाट से खजनी, गौरव कन्नौजिया को राजघाट से बेलघाट, घासी कटरा चौकी प्रभारी गुरु प्रसाद को चौकी प्रभारी मजनू, पंकज कुमार को तिवारीपुर से पिपराइच, शैलेंद्र कुमार को तिवारीपुर से कैंपियरगंज, सरदेंदु को तिवारीपुर से हरपुर बुदहट, रविंद्र नाथ चौबे को चौकी प्रभारी मोहद्दीपुर से थाना गगहा, एयरफोर्स चौकी प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता व कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी अवधेश चंद्र मिश्रा को सिकरीगंज थाना, पैडलेगंज चौकी प्रभारी अशोक कुमार यादव को गगहा, दिनेश कुमार चौधरी को कैंट से थाना गोला, घनश्याम यादव को कैंट से बड़हलगंज, पुष्पेंद्र द्विवेदी को खोराबार से पीपीगंज, सरवर आलम को खोराबार से कैंपियरगंज, अरविंद कुमार यादव को खोराबार से उरुवा थाना, अभिनव मिश्रा को आजाद नगर चौकी प्रभारी से एयरफोर्स चौकी, राजेश कुमार सिंह को रामगढ़ताल से गगहा, अखिलेश कुमार को रामगढ़ताल से बांसगांव, दिनेश कुमार को गोरखनाथ से गगहा, कौवाबाग चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह को मछली गांव चौकी प्रभारी बनाया गया। असुरन चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार को थाना पिपराइच, चंदन खरवार को कैंपियरगंज से चौकी प्रभारी पैडलेगंज, सदानंद सिन्हा को पीपीगंज से चौकी प्रभारी घासी कटरा, शेर बहादुर यादव को पीपीगंज से चौकी प्रभारी नगर निगम, बरगदवा चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह परमार को थाना कैंट, चौकी प्रभारी मजनू अरविंद कुमार सिंह को थाना सहजनवा, हरि प्रकाश यादव को चिलुआताल से रामगढ़ताल, सत्य प्रकाश त्रिपाठी को चिलुआताल से चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट, रमेश चंद्र चौधरी को गीडा थाने से चौकी प्रभारी आजाद नगर, सत्यदेव को कोरोना सेल से चौकी प्रभारी कौवाबाग, प्रणव ओझा को चौरी चौरा से चौकी प्रभारी असुरन, जयप्रकाश यादव को चौरी चौरा से थाना कोतवाली,भूपेंद्र कुमार को झंगहा से तिवारीपुर, शंभू दयाल मिश्रा को कैंपियरगंज से रामगढ़ताल, संतोष यादव को गुलरिहा से थाना गीडा, सरोज प्रसाद को गुलरिहा से गगहा, अजय कुमार वर्मा को गुलरिहा से झंगहा, वंश बहादुर यादव गुलरिहा से झंगहा, सुनील कुमार गुलरिहा से बांसगांव, संजय कुमार सिंह बेलघाट से चौकी प्रभारी पादरी बाजार, प्रवीण कुमार बेलघाट से चौकी प्रभारी मेडिकल कालेज, दुर्गेश कुमार शुक्ला खजनी से चौकी प्रभारी नखास, रविंद्र कुमार दुबे सिकरीगंज से चौकी प्रभारी झरना टोला बनाया गया है।

# चेन लूटकर मोहद्दीपुर पहुंचे थे बदमाश

**जासं, गोरखपुरः** शाहपुर के असुरन में गुरुवार की रात महिला की चेन लूटने के बाद बाइक सवार बदमाश मोहद्दीपुर पहुंचे थे।शुक्रवार की सुबह कैंट थाने पहुंची महिला ने आरोपितों को देखकर पहचान लिया। पूछताछ में लूट की तीन घटनाओं का पर्दाफाश हुआ। उनके पास से लूटी गई दो सोने की चेन बरामद हुई।पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि देवरिया जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र के कन्हैया कुटीर निवासी प्रेम शंकर गुरुवार की रात में अपने साथ आई महिला शशि के साथ घर लौट रहे थे। मोहद्दीपुर चौराहा के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर शशि की चेन छीन ली।शोर मचाने पर चौराहे पर चेकिंग कर रहे चौकी प्रभारी मोहद्दीपुर ने सिपाहियों के साथ घेराबंदी कर बाइक सवार बदमाशों को दबोच लिया।पकड़े गए बदमाशों की पहचान शाहपुर के बिछिया हनुमान मंदिर निवासी अभिषेक सिंह और राहुल कुमार के रुप में हुई।दोनों के कब्जे से मिली बाइक पर कार का नंबर प्लेट लगा था।बदमाशों से पूछताछ करने पर पता चला कि 15 दिन पहले उन्होंने बेतियाहाता में पति के साथ सब्जी लेकर घर लौट रही महिला की चेन लूटी थी।मोहद्दीपुर से पहले बदमाशों ने असुरन चौराहा के पास मोबाइल की दुकान पर काम करने वाले युवक के साथ बाइक से घर लौट रहीं रामजानकी नगर की रश्मि की चेन लूटी थी।

पुलिस को सूचना दिए बिना ही रश्मि घर चली गईं।शुक्रवार की सुबह शाहपुर थाने में केस दर्ज कराया।बदमाशों के पकड़े पर कैंट थाने पहुंची तो उन्हें पहचान लिया।

# दो तमंचे के साथ युवक पकड़े गए

**जासं, गोरखपुर:** कैंट पुलिस ने दो बदमाशों को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। शुक्रवार दोपहर उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान बेतियाहाता निवासी विरेंद्र उर्फ डेविड और बेलीपार के करजही निवासी विश्वजीत कुमार के रूप में हुई है। डेविड पर लूट, हत्या की कोशिश समेत 17 मुकदमे दर्ज हैं। उसे फलमंडी व विश्वजीत को रुस्तमपुर के पास पकड़ा गया।

**मोबाइल की दुकान में चोरी:** गोरखनाथ के बरगदवा चौराहा स्थित मोबाइल की दो दुकान में सीमेंट शीट तोड़कर घुसे चोर मोबाइल, बैट्री और सामान उठा ले गए। चौराहे पर रहने वाले राजू जायसवाल की पत्नी मोबाइल की दुकान चलाती हैं। उनके पड़ोसी सूरज जायसवाल भी बगल में मोबाइल की दुकान चलाते हैं। दोनों दुकान से चोर 50 हजार रुपये कीमत के मोबाइल व सामान ले गए हैं।

# 10 बुलेट बाइक का चालान किया

**गोरखपुर।** ध्वनि प्रदूषण करने वाली बुलेट बाइक के विरुद्ध शुक्रवार को अभियान चलाया गया। देवरिया बाईपास चिड़ियाघर के पास जांच की गई। प्रवर्तन टीम ने 10 बुलेट बाइक का चालान किया। यह अभियान वरिष्ठ सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन प्रथम एसपी श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बीके सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। संवाद

DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

## दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**देवरिया।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र द्वारा जनपद में चलाये जा रहे अपरेशन शिकंजा के अन्तर्गत थाना मदनपुर पर पंजीकृत मु.अ. सं.-411ए/2006 धारा-302 भादंसं बनाम रामाश्रय विश्वकर्मा पुत्र रामचन्द्र विश्वकर्मा एवं राजाराम पुत्र वासदेव निवासी-नैपुर थाना-मदनपुर जनपद-देवरिया के विरूद्ध न्यायालय में प्रचलित वाद में न्यायालय द्वारा दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं 15-15 हजार रूपये के जुर्माना एवं जुर्माना न अदा किये जाने की स्थिति में छः-छः माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया।

## हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

देवरिया(एसएनबी)। सदर कोतवाली के ग्राम पिपरपांती में कुछ लोगों के साथ मारपीट करने वाले हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ब्राह्मण महासभा परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की।

राष्ट्रीय सहारा दि. 25/9/21

# 29 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

देवरिया(एसएनबी)। एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने जिले के 29 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें कई चौकी प्रभारी भी शामिल हैं।

एसपी डॉ. मिश्र ने जिन उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है उनमें उ.नि. अंजनी कुमार यादव को थाना खुखुंदू से थाना मदनपुर, उ.नि. अमरनाथ सोनकर को चौकी प्रभारी बैतालपुर थाना गौरीबाजार से थाना बरहज, महिला उ.नि. सुषमा तिवारी को थाना कोतवाली से आरटीसी/वन स्टाप सेंटर, उ.नि. अखिलेश कुमार यादव को थाना कोतवाली से थाना सलेमपुर तथा उ.नि. बृजेश कुमार दुबे को चौकी प्रभारी भुजौली थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी भागलपुर थाना मईल स्थानान्तरित किया गया है।

इसी प्रकार महिला उ.नि. सरोजनी वर्मा को थाना कोतवाली से महिला थाना/महिला सेल/ऐच्छिक ब्यूरो, महिला उ.नि. अनीता सम्बद्ध एअरपोर्ट गोरखपुर को चौकी निर्भया थाना कोतवाली से पुलिस लाइन, उ.नि. सुभाष चन्द्र पाण्डेय को चौकी प्रभारी रेलवे स्टेशन रोड थाना कोतवाली से एसएसआई थाना बरहज, उ.नि. राधेश्याम चौधरी को एसएसआई तरकुलवा से चौकी रामलक्षन थाना रूद्रपुर, उ.नि. प्रहलाद कुमार को चौकी रामलक्षन थाना रुद्रपुर से चौकी प्रभारी सेंटर थाना कोतवाली, उ.नि. जयशंकर मिश्र को एसएसआई थाना बरहज से चौकी प्रभारी रेलवे स्टेशन रोड थाना कोतवाली तथा उ.नि. केशव कुमार मौर्य को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी भुजौली थाना कोतवाली स्थानान्तरित किया गया है। इसी प्रकार उ.नि. रविन्द्र नाथ यादव को थाना बघौचघाट से थाना सलेमपुर, उ.नि. अश्वनी कुमार सिंह को चौकी प्रभारी सेंटर थाना कोतवाली से थाना भटनी, उ.नि. शेषनाथ कन्नौजिया को थाना रामपुर कारखाना से चौकी करौंदी थाना बरियारपुर, उ.नि. महेन्द्र मोहन मिश्र को चौकी प्रभारी सिविल लाइन थाना कोतवाली से थाना खामपार, उ.नि. महेंद्र कुमार को थाना गौरीबाजार से थाना बनकटा, उ.नि. रामबदन चौहान को चौकी प्रभारी करौंदी थाना बरियारपुर से पीआरओ पुलिस अधीक्षक, उ.नि. संजीव कुमार राय को चौकी प्रभारी हेतिमपुर थाना महुआडीह से थाना भाटपाररानी तथा उ.नि. अश्वनी कुमार प्रधान को चौकी प्रभारी भागलपुर थाना मईल से थाना रूद्रपुर स्थानान्तरित किया गया है।

इसी प्रकार उ.नि. शिवचन्द को थाना खामपार से थाना कोतवाली, उ.नि. अजय कुमार सिंह को थाना मदनपुर से थाना बघौचघाट, उ.नि. गुलाब सिंह को थाना रूद्रपुर से थाना बरहज, उ.नि. राजाराम यादव को थाना बरहज से थाना रूद्रपुर, उ.नि. हरिकेश्वर सिंह को थाना भटनी से थाना सलेमपुर, उ.नि. ज्ञानेंद्र सिंह को थाना रामपुर कारखाना से जनसुनवाई जिलाधिकारी कार्यालय एवं प्रभारी सम्मन सेल, उ.नि. अशोक कुमार राय को थाना लार से थाना गौरीबाजार, उ.नि. वीरेन्द्र कुमार कन्नौजिया को थाना बनकटा से थाना गौरीबाजार तथा उ. नि. सुदेश शर्मा को पीआरओ पुलिस अधीक्षक से चुनाव सेल स्थानांतरित किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि. 25/9/21

# आनलाइन फ्राड के शिकार 21 व्यक्तियों के ₹ 11 लाख वापस

देवरिया(एसएनबी)। साइबर सेल को लगभग सात लाख रूपये कीमत की 54 गुमशुदा मोबाइल बरामद करने एवं पिछले तीन महीने में आनलाइन फ्राड के शिकार 21 व्यक्तियों के ₹ 11,18,935 वापस कराने में कामयाबी मिली है। शुक्रवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र के हाथों जब सम्बन्धित लोगों को गुमशुदा मोबाइल मिले तो उनके चेहरे खिल उठे। साइबर सेल को मिली इस कामयाबी के लिए एसपी ने पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु ₹ 10,000 नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

शुक्रवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने बताया कि गुमशुदा मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में साइबर सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन के संबन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण एवं मोबाइल की बरामदगी हेतु नियमानुसार लगातार प्रयास किया जाता रहा, जिसके परिणाम स्वरूप 54 आवेदकगण के गुमशुदा 54 मोबाइल फोन जिनकी कीमत लगभग सात लाख रूपये हैं, जिन्हें नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बरामद किया गया। बरामदशुदा मोबाइल फोन की आज संबन्धित आवेदकगणों को सुपुर्द किया गया। एसपी डॉ. मिश्र ने बताया कि बरामद मोबाइल फोन में आठ अदद एमआई, सात अदद सैमसंग, 11 अदद वीवो, पांच अदद इनफिनिक्स, 9 अदद रीयल-मी, 4 अदद ओप्पो, तीन अदद टेकनो एवं सात अदद अन्य कम्पनी के शामिल हैं। एसपी डॉ. मिश्र ने बताया कि आनलाइन फ्राड करके 21 लोगों के खाते से उड़ाए गए रूपये भी वापस कराने में साइबर क्राइम सेल को कामयाबी मिली है। उन्होंने बताया कि जनपद में साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों ने अपनी फरियाद जब मुझे सौंपा तो मैंने उन प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए साइबर सेल को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम धनराशि को यथा सम्भव उनके खाते में वापस करा दिया जाय तथा उक्त अपराधियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाय।

साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए माह -जून, जुलाई और अगस्त में कुल 21 व्यक्तियों के ₹ 11,18,935/ खाते से अवैध तरीके से निकाले गये धनराशि को वापस कराने में सफलता हासिल की।

**साइबर क्राइम सेल की टीम में ये रहे शामिल :** गुमशुदा मोबाइल बरामद करने एवं आनलाइन फ्राड के जरिए खातों से उड़ाए गए रूपये वापस कराने वाली साइबर क्राइम सेल की टीम में इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार राय, उ. नि. मुकेश कुमार मिश्र, कं. अ. शिवमंगल यादव, कां. प्रद्युम्न कुमार जायसवाल,कां. दीपक सोनी, एवं म.कां. प्रिया शामिल रहे।

हिन्दुस्तान दि. 25/9/21

# जालसाजों से साइबर सेल ने 11 लाख वापस कराए

देवरिया | निज संवाददाता

जालसाज दिन प्रतिदिन नए नए तरीकों से ऑन लाइन फ्राड कर लोगों के खातों से रुपये उड़ा ले रहे हैं। पीड़ितों की शिकायत पर साइबर सेल ने पिछले तीन माह में जिले के अलग अलग स्थानों के 21 पीड़ितों के 11 लाख रुपए वापस खाते में कराया है। पीड़ितों के खाते में रुपये वापस होने पर उन्होंने साइबर सेल का धन्यबाद दिया है। एसपी ने लोगों से आन लाइन ठगी के शिकार होने से बचने के लिए खाते और अंगुठे के निशान किसी को भी नहीं देने से मना किया। जिससे लोग ठकी से बच सके।

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में आए दिल जालसाज अलग अलग तरीकों से लोगों के खातों से रुपये उड़ा ले रहे हैं। पीड़ितों ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से किया। एसपी ने साइबर सेल ने इसकी जांच कर पैसे वापसी करने का निर्देश दिया। पिछले जून, जुलाई और अगस्त में कुल 21 व्यक्तियों के 11,18,935 रुपये खाते से जालसाजों ने उड़ा लिया था। साइबर सेल ने जांच शुरु की और सभी के रुपये उनके खाते में वापस कराया। रुपये खाते में आने पर पीड़ितों ने पुलिस को धन्यबाद दिया।

**सफलता**

- पिछले तीन माह में 21 पीड़ितों का कराया रुपया वापस
- खाते में रुपये पाकर पीड़ितों ने पुलिस को दिया धन्यवाद

## एक माह में बरामद किए 7 लाख के 51 मोबाइल

देवरिया | निज संवाददाता

साइबर सेल ने एक माह में 7 लाख रुपये के 54 मोबाइल बरामद किया। एसपी ने चार दर्जन लोगों को पुलिस लाइन में उनका बरामद किया गया मोबाइल दिया। गायब हुआ मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए। एसपी ने टीम के सदस्यों को इस सफलता पर दस हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा किया। मोबाइलों की बरामदगी का खुलासा एसपी डॉ.श्रीपति मिश्र ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में किया।



गायब मोबाइल बरामद करने के बाद शुक्रवार को पीड़ितों को पुलिस लाइन में सौपते हुए एसपी। • हिन्दुस्तान

उन्होंने बताया कि जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में मोबाइल गिरने और गायब होने के बारे में पुलिस को शिकायत मिलती है। जिसे साइबर सेल को मोबाइल बरामद करने के लिए भेज दिया जाता है। पिछले एक माह में साइबर सेल की टीम ने अलग अलग स्थानों से कुल 54 मोबाइल बरामद किया है। इनकी कीमत लगभग सात लाख रुपये की है। जिसे शुक्रवार को पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में एसपी ने बरामद मोबाइल को पीड़ितों को सौंपा। पीड़ितों को मोबाइल वापस मिलने पर खुशी का ठीकाना नहीं रहा।

**यह मोबाइल हुआ बरामद :** साइबर सेल की टीम ने जो मोबाइल बरामद किया है। उसमें वीवो की 11, सैमसंग की 7, ओपो की चार, रियलमी 9, रेडमी 8, टेक्नो की 3, इन फिनिक्स की पांच, आइटिल की तीन, पोको की दो और अन्य कंपनियों के दो मोबाइल बरामद हुआ।

हिन्दुस्तान दि० 25/9/21

# रेल की संपत्ति चुराते युवक को दबोचा, मुकदमा दर्ज

देवरिया | निज संवाददाता

सरदार नगर रेलवे स्टेशन पर रेलवे की संपत्ति चुराते समय एक चोर को आरपीएफ की गश्ती दल ने शुक्रवार को दबोचा। चोर के पास मौजूद तलाशी लेने पर उसके पास से दो फिट का फिश प्लेट मिला। आरपीएफ ने चोर के विरुद्ध केस दर्ज कर चालान कर दिया।

देवरिया सदर रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक मनभरन के नेतृत्व में आरपीए के जवान गश्त कर रहे थे। टीम के सदस्य सरदार नगर रेलवे स्टेशन पर गश्त करते हुए आरपीएफ को देख कर एक युवक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 के पूर्वी छोर पर स्टेशन बोर्ड के पास लाइन नंबर 1 के किनारे एक व्यक्ति को कंधे पर बोरी में कुछ वजनी सामान लेकर जाते हुए देखा। युवक को रोकने पर वह भागने लगा। आरपीएफ ने दौड़ा कर लाइन के किनारे स्थित लोकेशन बॉक्स के पास पकड़ लिया। हिरासत में लिए गए युवक के कंधे पर मिले बोरे की तलाशी लिया तो उसमें दो रेल लाइन को जोड़ने वाला 2 फिट का फिश प्लेट मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम रघुवंशी राजभर पुत्र रामायण राजभर निवासी अवधपुर सरदार नगर थाना चौरी चौरा जिला गोरखपुर बताया। पूछताछ में उसने बताया कि प्लेट को रेल लाइन से निकाला था, जिसे वह किसी चलते-फिरते कबाड़ी को बेच कर अपने नशे का जुगाड़ करता।

दैनिक जागरण दि. 25/9/21

# 21 लोगों के 11.18 लाख रुपये वापस, 54 मोबाइल बरामद

जागरण संवाददाता, देवरिया : जिले की साइबर सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। टीम के प्रयास से तीन माह में आनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए 21 व्यक्तियों के 11.18 लाख रुपये वापस कराने में सफलता मिली है। जबकि चुराए गए व गायब 54 मोबाइल भी बरामद हुए हैं। जिसे मोबाइल स्वामियों को बुलाकर एसपी डा. श्रीपति मिश्र ने प्रेक्षागृह में सिपुर्द किया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक ने टीम को 10 हजार रुपये नकद देने की घोषणा की है।

इसके बारे में पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि बरामद 54 मोबाइल की कीमत सात लाख रुपये है। वहीं 11.18 लाख रुपये तीन माह में विभिन्न तरीके से धोखाधड़ी कर जालसाजों ने हड़प लिया था।

प्रार्थना पत्रों के आधार पर साइबर सेल के प्रभारी अश्वनी कुमार राय, एसआइ मुकेश कुमार मिश्र अपनी टीम के साथ मोबाइल बरामद करने व रुपये वापस कराने के लिए प्रयासरत थे। जिसके परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। सभी मोबाइलधारकों को उनका मोबाइल सिपुर्द किया गया।

**इनके खाता से जालसाजों ने ट्रांसफर किए थे रुपये:** मनभावती देवी पत्नी स्व. नागेंद्र निवासी भरहे चौरा थाना भटनी, नूर आलम पुत्र हाफिज सलेमपुर, अरुण तिवारी द्वारिकापुरी थाना सदर कोतवाली, आरक्षी गीता पासवान थाना भाटपारानी, नैतुल्लाह खां पुत्र नूरहसन खां धुसवा थाना तरकुलवा, पंकज विश्वकर्मा पुत्र रामअषीष विश्वकर्मा चिउरहा खास थाना मंहुआडीह, मिल्टन विश्वास पुत्र जीवन रामपुर जगदीश, बुद्धू कुमार जायसवाल रामपुर कारखाना समेत 21 लोगों के खाते से जालसाजों ने रुपये ट्रांसफर कर लिए थे।



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में गुमशुदा मोबाइल वितरण करने बाद लोगों के साथ एसपीपी डा. श्रीपति मिश्र मध्य में, एएसपी राजेश कुमार सोनकर बाएं • जागरण

दैनिक जागरण दि॰ 25/9/21

# 21 लोगों के 11.18 लाख रुपये वापस, 54 मोबाइल बरामद

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले की साइबर सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। टीम के प्रयास से तीन माह में आनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए 21 व्यक्तियों के 11.18 लाख रुपये वापस कराने में सफलता मिली है। जबकि चुराए गए व गायब 54 मोबाइल भी बरामद हुए हैं। जिसे मोबाइल स्वामियों को बुलाकर एसपी डा. श्रीपति मिश्र ने प्रेक्षागृह में सिपुर्द किया। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक ने टीम को 10 हजार रुपये नकद देने की घोषणा की है।

इसके बारे में पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि बरामद 54 मोबाइल की कीमत सात लाख रुपये है। वहीं 11.18 लाख रुपये तीन माह में विभिन्न तरीके से धोखाधड़ी कर जालसाजों ने हड़प लिया था।

प्रार्थना पत्रों के आधार पर साइबर सेल के प्रभारी अश्वनी कुमार राय, एसआइ मुकेश कुमार मिश्र अपनी टीम के साथ मोबाइल बरामद करने व रुपये वापस कराने के लिए प्रयासरत थे। जिसके परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। सभी मोबाइलधारकों को उनका मोबाइल सिपुर्द किया गया।

**इनके खाता से जालसाजों ने ट्रांसफर किए थे रुपये:** मनभावती देवी पत्नी स्व. नागेंद्र निवासी भरहे चौरा थाना भटनी, नूर आलम पुत्र हाफिज सलेमपुर, अरुण तिवारी द्वारिकापुरी थाना सदर कोतवाली, आरक्षी गीता पासवान थाना भाटपारानी, नैतुल्लाह खां पुत्र नूरहसन खां धुसवा थाना तरकुलवा, पंकज विश्वकर्मा पुत्र रामअषीष विश्वकर्मा चिउरहा खास थाना महुआडीह, मिल्टन विश्वास पुत्र जीवन रामपुर जगदीश, बुद्धू कुमार जायसवाल रामपुर कारखाना समेत 21 लोगों के खाते से जालसाजों ने रुपये ट्रांसफर कर लिए थे।

दैनिक जागरण दि. 25/9/21

# कच्ची के साथ तीन गिरफ्तार



**जासं, भाटपाररानी, देवरिया:** खामपार थाना क्षेत्र के कतरवा हरदो गांव से पुलिस ने गुरुवार की रात तीन तस्करों को 30 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने बताया कि पकड़े गए लोगों में मन्नतो उरांव, शिव उरांव व समुंदर उरांव निवासी झारखंड का आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान किया गया।

अमर उजाला दि. 25/9/21

# साइबर सेल ने गायब 54 मोबाइल फोन लौटाए

देवरिया। पुलिस की साइबर सेल ने गायब 54 मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। साथ ही विभिन्न बैंक खातों से ऑनलाइन फ्रॉड कर निकाले गए 11.18 लाख रुपये संबंधित व्यक्ति के खाते में लौटाने में कामयाबी हासिल की है। गुम होने के छह से दस माह बाद अपने मोबाइल फोन पाने वालों के चेहरे खिल गए। एसपी ने साइबर सेल के कार्यों की तारीफ करते हुए टीम को थानेवार स्कूल-कॉलेजों में जाकर साइबर क्राइम के प्रति छात्रों एवं अन्य लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में शुक्रवार को एसपी डॉ.श्रीपति मिश्र ने पत्रकारों को जानकारी दी। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

हिन्दुस्तान

# तीन चोर गिरफ्तार, 2.40 लाख नकद बरामद

पडरौना | निज संवाददाता

कसया थाने की पुलिस एवं स्वाट टीम ने अहम कामयाबी हासिल करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लाख 40 हजार नकद बरामद किया। पकड़े गये चोरों में दो गोरखपुर के एवं एक चोर देवरिया जिले का निवासी है। चोरों ने कसया में दिनदहाड़े अधिवक्ता के घर चोरी को अंजाम दिया था। इसके अलावा इन चोरों ने कसया, हाटा एवं तुर्कपट्टी में भी चोरी की अन्य घटनाएं की थी।

एसपी सचिन्द्र पटेल ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि गुरूवार को थाना कसया व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम को सूचना मिली कि कसया में हाईवे अंडरपास ओवरब्रिज के समीप देवरिया रोड पर शातिर चोर किसी घटना की योजना बना रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तीन संदिग्धों को दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गये संदिग्धों की पहचान राहुल गोंड निवासी छोटकी सपरी थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया, अखिलेश चौहान निवासी मोहल्ला कलेक्ट्री थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर एवं ज्वेलर्स सन्नी देओल राजभर निवासी गायत्रीनगर थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। पुलिस ने इनकी तलाशी ली तो दो लाख 40 हजार नकद और सोने का चेन बरामद हुआ। चेन अधिवक्ता के घर से चोरी हुआ था।

एसपी के मुताबिक पूछताछ में शातिर चोरों ने बताया कि उनके द्वारा कसया, हाटा, तुर्कपट्टी तथा सहजनवा गोरखपुर में दिन में बन्द मकानों में चोरी किया जाता था। चोरी के माल को ज्वेलर्स सन्नी देओल राजभर को बेचकर रूपया प्राप्त करते थे और नेपाल जाकर कैशीनो में जुआ आदि खेलते थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में कसया एसओ अखिलेश कुमार सिंह एवं स्वाट प्रभारी अमित शर्मा अपनी टीम के साथ शामिल रहे।



पकड़े गये चोरों को पेश कर चोरी का खुलासा करते एसपी सचिन्द्र पटेल, एएसपी एपी सिंह व सीओ कसया। • हिन्दुस्तान

**कार्रवाई**

- कसया, हाटा और तुर्कपट्टी में हुई चोरी की घटनाओं का हुआ खुलासा
- कसया में दिन दहाड़े अधिवक्ता के घर चार महीने पहले हुई थी चोरी

## हत्या में वांछित आरोपी हुआ गिरफ्तार

**हाटा।** हाटा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के मामले में वांछित मंकेश्वर सिंह ग्राम महुअवा मस्जिदिया को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। वांछित फरार चल रहा था। सूचना के आधार पर कोतवाली के एसआई चंदन प्रजापति ने कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, लव कुमार के साथ उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया।

हिन्दुस्तान

# सड़क सुरक्षा सप्ताह प्रारंभ, वाहन रैली निकली

कुशीनगर | वरिष्ठ संवाददाता

24 सितंबर से 30 सितंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाए जाने का उद्घाटन शुक्रवार को संभागीय परिवहन कार्यालय में हुआ। विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, डीएम एस राजलिंगम, एएसपी तथा आरटीओ ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रैली को रवाना किया।

विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इसमें हेलमेट, सीट बेल्ट पहनने, तेज़ रफ़्तार व नशे में वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन आदि की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि शपथ लेने का मतलब होता है कि जितनी बातें शपथ में हैं उस पर कार्य करना ही है। उन्होंने कहा कि आज जितने लोग गंभीर बीमारी या अन्य किसी कारण से मृत्यु से ग्रसित नहीं होते, उससे अधिक सड़क दुर्घटना में मौत के शिकार बनते हैं। अतः थोड़ी सी सावधानी बरती जाए तो इन दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। दुर्घटनाएं इस वजह से होती हैं कि जहां से रास्ता नहीं है। क्रॉसिंग सिस्टम पर ध्यान देने की जरूरत है।



शुक्रवार को सुरक्षा सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर एएसपी ने डीएम का किया स्वागत।

इस अवसर पर एक प्रचार वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर विधायक, जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक एपी सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मो अजीज ने रवाना किया। ये प्रचार वाहन सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर सीओ पडरौना संदीप वर्मा, जिला सूचना अधिकारी कृष्ण कुमार, आरआई आरडी प्रसाद वर्मा, जनप्रतिनिधि मार्कण्डेय शाही समेत संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# आत्मदाह करने पहुंची महिला को पुलिस ने पकड़ा

**कमिश्नर कार्यालय**

गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता

कुशीनगर पटहरेवा की रहने वाली एक महिला आत्मदाह करने कमिश्नर कार्यालय पहुंची, वह कुछ कर पाती कि कुशीनगर और स्थानीय पुलिस ने उसे पकड़ लिया। महिला सिर पर मिट्टी तेल डालकर वहां पहुंची थी। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर कैंट थाने लेकर चली गई। वहां काफी देर तक महिला से पूछताछ होती रही। इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि जांच के दौरान महिला के पास कुछ भी नहीं मिला। कुशीनगर पुलिस की सूचना पर हमारी महिला सिपाही कमिश्नर कार्यालय पर पहले से मौजूद थी, जिसने महिला के आते ही हिरासत में ले लिया।

उधर, कुशीनगर डीएम एस राजलिंगम ने बताया कि कमिश्नर कार्यालय के सामने शुक्रवार को आत्मदाह की कोशिश करने वाली फातिमा की मांग प्रशासन व ग्रामीणों दोनों की नजर में नाजायज है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दिनों भी उसने दो फीट जमीन की मांग को लेकर कमिश्नर कार्यालय पर आत्मदाह की कोशिश की थी। आयुक्त के निर्देश पर दूसरे लोगों की दीवार तोड़वा कर उसे जमीन दिला दी गयी। लेकिन अब वह और दो फीट जमीन मांग रही है। जहां जमीन मांग रही है, वहां मंदिर है।



आत्मदाह के लिए गोरखपुर स्थित कमिश्नर कार्यालय पहुंची फातिमा। • हिन्दुस्तान

डीएम एस राजलिंगम ने बताया कि बाबूजान पुत्र ईसरायल अपनी जमीन को विपक्षी शहीद पुत्र तेजू व रियासत पुत्र सहाबुद्दीन आदि से मुक्त कराने की मांग की थी। प्रकरण में संयुक्त स्थलीय जांच 22 सितम्बर को उपजिलाधिकारी कसया व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज ने की। यह तथ्य प्रकाश में बाबूजान एवं उसके विपक्षी शहीद की पुरानी निर्मित दीवार चली हुई है। जिसे बाबूजान व उसकी बहन फातिमा तोड़कर दो फीट आबादी की भूमि में बढ़ाकर निर्माण करना चाहते हैं। ऐसा हुआ तो विपक्षी शहीद तथा काली मंदिर को तोड़ना पड़ेगा। बाबूजान के पास किसी न्यायालय का कोई आदेश नहीं है। प्रशासन पर अनावश्यक दबाव डालकर इस कार्य को नियम विरूद्ध तरीके से कराना चाहते हैं। पक्षकारों को अपना-अपना दावा या पक्ष सिविल न्यायालय में दायर करने की सलाह दी गयी एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत दोनों पक्षों को पाबंद भी किया था।

> “महिला की मांग पूरी तरह से नाजायज है। वह प्रशासन पर दबाव बनाकर जमीन लेना चाहती है। यह संभव नहीं है। वह बहकावे में आकर आत्मदाह की धमकी दे रही थी कि प्रशासन दबाव में आकर जमीन दिला दे। प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा।
>
> **एस राज लिंगम**, डीएम कुशीनगर

hindustan

# गैर संगीन मामलों में घर बैठे कराएं एफआईआर

पडरौना | निज संवाददाता

## सहूलियत

- थाना प्रभारी के नाम से उनके नंबर पर भेजना होगा वाट्सएप
- पिछले वर्ष सिर्फ 30 लोगों ने दर्ज कराया था ई-एफआईआर

गैर संगीन मामलों में पीड़ित व्यक्ति घर बैठे भी थाने पर ई-एफआईआर दर्ज करा सकता है। इसके लिए निर्धारित वाट्सएप पर थाना प्रभारी के नाम से शिकायती पत्र भेजना होगा, जिसके साथ आधार कार्ड का नंबर भी होना जरुरी है। जागरूकता के अभाव में पिछले वर्ष सिर्फ 30 लोगों ने ही ई-एफआईआर कराया था। हत्या, डकैती और दुष्कर्म जैसे मामलों में कार्रवाई के लिए थाने पर ही जाना होगा।

गैर संगीन मामलों में एफआईआर के लिए सभी थानों में ई-एफआईआर की व्यवस्था की गयी है। इसके लिए पीड़ित व्यक्ति को थाना प्रभारी के नाम संबोधित शिकायत आधार कार्ड के साथ वाट्सएप पर करना होगा। इसका वाट्सएप नंबर 9454401003 है। यह सुविधा केवल गैर संगीन अपराधों के लिए ही है। शिकायती पत्र की थाना प्रभारी जांच कराएंगे और उनकी स्वीकृति के बाद ही ई-एफआईआर दर्ज होगा। शिकायती पत्र की स्वीकृति या अस्वीकृति के साथ ही उस पर हुई कार्रवाई से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाएगा। शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता को सबसे पहले घटना का विवरण उसके बाद समय, दिनांक, उसका हस्ताक्षर, नाम-पता, जिला, राज्य, राष्ट्रीयता एवं आधार कार्ड का नंबर लिखना होगा। इस संबंध में एसपी सचिन्द्र पटेल ने कहा कि पीड़ित घर बैठे ही इस योजना का लाभ ले सकता है।

हिन्दुस्तान

# अपहरण का नाटक रच घर वालों से मांग रहा था रुपये

पडरौना | निज संवाददाता

कसया के टीचर कॉलोनी सबया निवासी प्रभात रंजन तिवारी उर्फ चंदन का अपहरण नहीं हुआ था बल्कि उसने खुद ही अपहृत होने का स्वांग रचा था। वह घर वालों से 1.5 लाख रुपये फिरौती मांग रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने उसे कसया में ही रोडवेज के पास से बरामद करते हुए उसे जेल भेज दिया। पांच दिन पहले चंदन के परिजनों के पास उसके मोबाइल से फोन आया कि उसे अज्ञात लोगों ने गोरखपुर में बैठा लिया है। बातचीत में दिये गये पते पर जब उसके पिता नागेन्द्र तिवारी पहुंचे तो उसका कहीं पता नहीं चला।

इसके बाद वे कसया लौटकर थाने में इसकी सूचना दी। बाद में अपहरण होने की बात तब पता चली जब चंदन के मोबाइल से 1.5 लाख की फिरौती मांगे जाने लगा। पुलिस को यह मामला शुरू से ही संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। शुक्रवार को पुलिस टीम ने रोडवेज कसया कुशीनगर के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह खुद ही अपहृत होने का स्वांग रचकर घर वालों से रुपये मांग रहा था। पुलिस ने पहले से दर्ज अपहरण के मुकदमे में धारा 195 भादवि की बढ़ोत्तरी कर उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई विवेकानन्द यादव एवं कां. विशाल यादव शामिल रहे।

## जेल भेजा

- कसया के सबया निवासी चंदन ने अपहृत होने का रचा था स्वांग
- शुक्रवार को पुलिस ने कसया रोडवेज के पास से बरामद कर भेजा जेल

हिन्दुस्त

# गाजीपुर बैरियर से अपराधी को उठाया

तमकुहीराज | हिन्दुस्तान संवाद

तरयासुजान थाना क्षेत्र के गाजीपुर बैरियर से जिले की स्वाट टीम द्वारा किसी बड़े अपराधी को हिरासत में लिए जाने की चर्चा है। हालांकि मामले में मुकामी पुलिस किसी भी तरह की गिरफ्तारी से अनभिज्ञता जाहिर कर रही है।

शुक्रवार को पुलिस ने तमकुहीराज कस्बे से सटे फोरलेन पर स्थित पुराने व्यापार कर बैरियर से एक अपराधी को नाटकीय ढंग से हिरासत में लिया। गाजीपुर बैरियर सहित तमकुहीराज कस्बे में चर्चा है कि जिले की स्वाट टीम ने सादे वेश में गाजीपुर में स्थित पुराने व्यापार कर बैरियर पर पहुंच कर एक होटल से अपराधी को हिरासत में ले लिया। हालांकि इस कार्रवाई की जानकारी से तरयासुजान पुलिस अनभिज्ञता जाहिर कर रही है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष तरयासुजान कपिलदेव चौधरी का कहना है कि ऐसी किसी कार्रवाई की जानकारी उन्हें नहीं है।

# बसहिया में छापेमारी, वध के लिए बांधे गए चार गोवंश बरामद

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार तड़के बसहिया गांव में छापेमारी कर गन्ने के खेत में वध के लिए बांधे गए चार गोवंश बरामद किए। पशु काटने की तैयारी करने वाले मौके से फरार हो गए। पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने तस्करों पर गैंगस्टर लगाने का निर्देश दिया है।

कोतवाल अनुज कुमार सिंह तड़के चार बजे टीम के साथ गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि बसहिया में गाय काटने की तैयारी चल रही है। पुलिस टीम तत्काल गांव में पहुंची। तलाशी के दौरान गांव के समीप एक गन्ने के खेत में तीन गाय व एक बछड़ा बंधे मिले।

मौके से धारदार हथियार भी मिला। पुलिस गोवंश तथा बरामद हथियार को सिधुआ चौकी ले आई। मामले में छोटू, असरफ, शमशाद व गुलाबद्दीन निवासी बसहिया बनवीरपुर के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि चारों पर गैंगस्टर लगाया जाएगा। साथ ही इन पर घोषित इनाम की धनराशि बढ़ाने के लिए भी लिखा जा रहा है।

# चोरी की नौ घटनाओं का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** कसया पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने गुरुवार देर रात ओवरब्रिज के समीप देवरिया रोड से अंतरजनपदीय चोरों के गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। तीनों के पास से सोने की एक चेन व दो लाख से अधिक रुपये बरामद हुए। यह गिरोह रेकी कर दिन में बंद मकानों में चोरी करता था। इस गिरोह ने कसया में सात, कोतवाली हाटा तथा तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में एक-एक घटनाओं सहित नौ जगह चोरी की थी।

यह जानकारी देते हुए एसपी सचिन्द्र पटेल ने पत्रकारों को बताया कि संयुक्त टीम रात साढ़े 12 बजे बदमाशों की तलाश में थी। तभी सूचना मिली कि ओवरब्रिज के समीप देवरिया रोड पर अंतरजनपदीय चोर गिरोह के कुछ सदस्य मौजूद हैं। टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस का वाहन देख तीनों रोड से हटकर घरों की तरफ भागे। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी लेने पर एक की जेब से सोने की चेन तथा 40 हजार जबकि दो अन्य के पास से एक-एक लाख रुपये मिले। चेन व रुपये के बारे में पूछने पर तीनों आनाकानी करने लगे। सख्ती बरतने पर तीनों ने बताया कि रुपये व चेन चोरी के हैं। हाल ही में तीनों ने कसया व तुर्कपट्टी में दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। एसपी ने बताया कि शातिर चोरों का यह गैंग बंद मकानों में दिन में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था।

इनकी पहचान राहुल गौड़ निवासी छोटकी सपरी थाना गौरी बाजार देवरिया तथा अखिलेश चौहान निवासी कलटरी थाना शाहपुर व सन्नी देओल राजभर निवासी गायत्री नगर थाना शाहपुर गोरखपुर के रूप में हुई। एसपी ने बताया कि सन्नी सोने-चांदी का कारोबारी है, जो चोरी के आभूषणों की खरीदारी भी करता था। पत्रकार वार्ता में एएसपी एपी सिंह, सीओ कसया पियूषकांत राय मौजूद रहे। टीम में एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह, स्वाट प्रभारी अमित शर्मा व उनके हमराही शामिल थे।




पुलिस लाइन सभागार में चोरी की घटनाओं की जानकारी देते बाएं से एएसपी एपी सिंह, एसपी सचिंद्र पटेल, सीओ पीयूष कांत राय●जागरण

## अंतरजनपदीय गिरोह

- वंद मकानों में दिनदहाड़े में देते थे घटनाओं को अंजाम
- कसया में सात, हाटा व तुर्कपट्टी में दो जगह की थी चोरी

### रात में रेकी, दिन में गिरोह करता था चोरी

शातिर चोरों का यह गैंग रात में रेकी और दिन में घटनाओं को अंजाम देता था। गैंग के सदस्य शहर, कस्बों में घूम कर यह पता करते थे कि किन घरों में ताले लटक रहे हैं। चिन्हित घरों की रेकी के बाद तय योजना के तहत उन घरों का ताला तोड़ घटनाओं को अंजाम देते। घटना को अंजाम देने के दौरान कुछ सदस्य बाहर रहकर आनेजाने वालों पर नजर रखते ताकि कोई बाधा न आने पाए।

# निस्तारित की जाएंगी पुलिस पेंशनर्स की समस्याएं : एसपी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एसपी सचिन्द्र पटेल ने कहा कि पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। पेंशनर्स अपने को कमजोर या असहाय महसूस न करें। वह पुलिस परिवार के सम्मानित सदस्य हैं, जिनकी देखरेख करने की जिम्मेदारी हर पुलिसकर्मी की है। वह अपने कार्यालय सभागार में पुलिस पेंशनर्स की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

एसपी ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं को सूचीबद्ध कर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को उसके समाधान के निर्देश दे दिए गए हैं। मेडिकल से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। एसपी ने कहा कि पेंशनर्स अपनी समस्या वाट्सएप ग्रुप में भी बता सकते हैं। उनकी समस्याओं को सहजता से सुनना तथा समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाना हमारी ड्यूटी है। बैठक में पेंशनर्स की तरफ से डिजिटल प्रमाण-पत्र बनाने की मांग की गई। इस पर एसपी ने कहा कि शीघ्र ही आप सभी को डिजिटल प्रमाण-पत्र

# युवती ने की आत्मदाह की कोशिश, हिरासत में

## पटहेरवा थाना क्षेत्र के नाथापट्टी की निवासी है फातिमा, जमीन मुक्त कराने के लिए कर चुकी है अनशन

**जासं, गोरखपुर :** कुशीनगर जिले के पटहेरवा थानाक्षेत्र के ग्राम नाथा पट्टी की 22 वर्षीय युवती फातिमा पुत्री इसरायल ने जमीन को पट्टीदारों से मुक्त कराने की मांग को लेकर शुक्रवार की दोपहर मंडलायुक्त कार्यालय पर आत्मदाह करने की कोशिश की। फातिमा गैलेन में करीब पांच लीटर डीजल लेकर मंडलायुक्त कार्यालय पहुंची थी, लेकिन वहां पहले से मौजूद कैंट पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। महिला एवं उसके साथ आए दो और लोगों को कैंट थाने पर ले जाया गया है।

पटहेरवा पुलिस एवं कुशीनगर के कसया तहसील प्रशासन के अधिकारी भी थाने पर मौजूद हैं। महिला से पूछताछ की जा रही है। कुशीनगर जिला प्रशासन का कहना है कि फातिमा व उसका भाई बाबूजान प्रशासन पर अनावश्यक दबाव डालकर नियम विरुद्ध तरीके से जमीन लेना चाहते हैं। फातिमा ने आत्मदाह करने की चेतावनी कुशीनगर जिला प्रशासन को पहले ही दी थी। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे वह मंडलायुक्त कार्यालय पर पहुंच गई। युवती ने जैसे ही विकास भवन के सामने बने मुख्य गेट से मंडलायुक्त कार्यालय के पोर्टिको की ओर जाने की कोशिश की, वहां पहले से मौजूद कैंट पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और थाने ले गए। सुरक्षा की दृष्टि से फायर ब्रिग्रेड को भी लगाया गया था। युवती के पास से डीजल भी बरामद किया गया। इस बात की जानकारी कुशीनगर पुलिस को भी दे दी गई। महराजगंज में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने के कारण मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे।

### जिला प्रशासन ने जताई साम्प्रदायिक माहौल बिगड़ने की आशंका

**गोरखपुर :** कुशीनगर जिला प्रशासन का कहना है कि बाबूजान एवं फातिमा की ओर से अपने काम के लिए नियम विरुद्ध दबाव बनाने से साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की प्रबल आशंका है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों को पाबंद भी किया जा चुका है।

### यह है प्रकरण

फातिमा व उसके भाई बाबूजान की ओर से विपक्षी शहीद पुत्र तेजू व रियासत पुत्र शहाबुद्दीन व कुछ अन्य लोगों से अपनी जमीन मुक्त कराने की मांग की जा रही है। उसने कई बार तहसील प्रशासन एवं जिला प्रशासन से इसकी शिकायत भी की थी। जिला प्रशासन का कहना है कि 22 सितंबर को कसया के एसडीएम एवं तमकुहीराज के सीओ ने संयुक्त रूप से मौके की जांच की थी। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि जिस जमीन की बात की जा रही है वह आबादी श्रेणी की भूमि है। बाबूजान एवं उसके विपक्षी शहीद की वहां पहले से दीवार बनी है। बाबूजान एवं फातिमा उस दीवार को तोड़कर आबादी की भूमि में बढ़कर निर्माण कराना चाहते हैं। यह हिस्सा शहीद एवं काली मंदिर के परिसर में आता है। बाबूजान के पास इस मामले में किसी न्यायालय का आदेश भी नहीं है।

> फातिमा एवं उसके भाई बाबूजान द्वारा विपक्षी से अपनी जमीन मुक्त कराने की मांग की जा रही है। इस प्रकरण की जांच एसडीएम एवं सीओ की संयुक्त टीम ने 22 सितंबर को मौके पर जाकर की थी। जांच में यह बात सामने आयी कि उनके पास न किसी न्यायालय का आदेश नहीं है और वे प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाकर नियम विरुद्ध तरीके से यह काम कराना चाहते हैं। दोनों पक्षकारों को अपना दावा सिविल न्यायालय में दाखिल करने की सलाह दी गई है। शांति व्यवस्था को देखते हुए दोनों पक्षों को पाबंद भी किया जा चुका है। इसके बाद भी फातिमा नहीं मानी और मंडलायुक्त कार्यालय के सामने आत्मदाह करने का प्रयास किया।
>
> **एस राजलिंगम,** जिलाधिकारी, कुशीनगर

# डेढ़ लाख रुपये के लिए रची खुद के अपहरण की कहानी

**जासं, पडरौना :** कसया नगर क्षेत्र के टीचर कालोनी सबया निवासी युवक के अपहरण की कहानी जांच में झूठी निकली। युवक ने डेढ़ लाख रुपये के लिए अपने अपहरण का ड्रामा किया और फिरौती के लिए पिता के मोबाइल पर मेसेज भेजा। युवक को सकुशल बरामद कर पुलिस ने जब पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गई।

एसपी सचिन्द्र पटेल व एएसपी एपी सिंह ने युवक को पत्रकारों के सामने पेश कर पूरी दास्तान बताई। एसपी ने बताया कि टीचर कालोनी सबया निवासी नागेंद्र तिवारी ने चार दिन पूर्व तहरीर देकर बेटे प्रभात रंजन तिवारी के अपहरण की सूचना दी। युवक शाम को घर से बाजार के लिए निकला लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा पंजीकृत तलाश शुरू की। इसके लिए सर्विलांस टीम की भी मदद ली गई।

## कार्रवाई

- **मुकदमा दर्ज कर युवक को न्यायालय ले गई पुलिस**
- **कोर्ट के आदेश पर आरोपित को भेजा गया जेल**

शुक्रवार को युवक के मोबाइल का लोकेशन कसया बस स्टेशन मिला। पुलिस टीम ने मौके से उसे पकड़ लिया। एसपी ने बताया कि जब उससे पूछताछ हुई तो उसने बताया कि अपहरण की झूठी कहानी उसी ने तैयार की। उसे विश्वास था कि घर वाले उसके बताए स्थान पर रुपये पहुंचा देंगे।

युवक के विरुद्ध झूठी सूचना देने का मामला दर्ज कर उसे कोर्ट ले जाया गया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# 2.40 लाख नकदी के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## प्रोफेसर के घर में हुई चोरी में संलिप्त थे

**पडरौना।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गड़हिया गांव के निवासी और एसबीएन पीजी कॉलेज फाजिलनगर के प्रोफेसर डॉ. राकेश प्रताप शाही के घर से चोरी के मामले में वांछित तीन और अपराधियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

उनके पास से 2.40 लाख रुपये बरामद हुए। इसका खुलासा एसपी सचिंद्र पटेल ने पुलिस कार्यालय में किया। एसपी ने बताया कि इन्हें 23 सितंबर को कसया थाना व स्वॉट की संयुक्त पुलिस टीम ने कसया स्थित हाईवे अंडरपास के निकट गिरफ्तार किया। इनका नाम राहुल गौड़ निवासी छोटकी सपरी थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया, अखिलेश चौहान निवासी मोहल्ला कलेक्ट्री थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर और ज्वेलर्स सन्नी देओल राजभर निवासी गायत्रीनगर थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर है।

इनके खिलाफ तुर्कपट्टी थाने में मुकदमा दर्ज है। चोरों ने बताया कि बंद मकानों में चोरी करते हैं तथा सामान ज्वेलर्स सन्नी देओल राजभर को बेचते हैं। पुलिस इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही है।

# खुद के अपहरण की साजिश रचने वाला गिरफ्तार

**पडरौना।** खुद के अपहरण की साजिश रचने वाले एक व्यक्ति को कसया थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी कसया रोडवेज के निकट हुई। इसकी जानकारी एसपी सचिंद्र पटेल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रभात रंजन तिवारी उर्फ चंदन तिवारी निवासी टीचर कॉलोनी (सबया) थाना कसया के खिलाफ दर्ज मुकदमे में धारा बढ़ाते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। उसने स्वयं को अपहृत होने का स्वांग रचकर अपने परिजनों से 1.5 लाख रुपये मांगे थे। उसे शुक्रवार को एसआई विवेकानंद यादव और कांस्टेबल विशाल यादव ने गिरफ्तार किया। संवाद

# कमिश्नरी में आत्मदाह करने की कोशिश, पुलिस ने बचाया

## पटहेरवा की महिला ने पहले ही आत्मदाह की दी थी धमकी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कुशीनगर/गोरखपुर।** जमीन संबंधी मामले की सुनवाई न होने का आरोप लगाते हुए कुशीनगर के पटहेरवा की महिला ने शुक्रवार को कमिश्नर कार्यालय पर आत्मदाह का प्रयास किया लेकिन पहले से सतर्क पुलिस ने उसे बचा लिया। महिला को कैंट थाने ले जाकर कुशीनगर पुलिस को सूचना दी गई है।

देररात तक महिला कुशीनगर पुलिस के सुपुर्द की जाएगी। उधर, कुशीनगर डीएम एस राजलिंगम ने बताया कि महिला की मांग नाजायज है। कानून के हद में रहते हुए प्रशासन पहले ही उसकी मदद कर चुका है। यह कृत्य दबाव बनाने के लिए किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला शुक्रवार की सुबह 11.15 बजे विकास भवन द्वार से कमिश्नरी कार्यालय की तरफ बढ़ी। पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल देखकर उसने गेट के अंदर प्रवेश करते ही कनस्तर से अपने ऊपर केरोसिन तेल उड़ेलना शुरू कर दिया। पहले से सतर्क महिला पुलिस ने दौड़कर उसे पकड़ लिया और उसके हाथ से कनस्तर दूर फेंक दिया। तलाशी लेने पर उसके पास से और कुछ नहीं मिला। महिला पुलिस उसे पकड़कर कैंट थाने ले गई। बता दें कि कुशीनगर के पटहेरवा की रहने वाली फातिमा खातून ने पूर्व में ही शुक्रवार के दिन कमिश्नरी में आत्मदाह करने की धमकी दी थी।

*महिला की मांग पूरी तरह से नाजायज है। वह प्रशासन पर दबाव बनाकर जमीन लेना चाहती है। यह संभव नहीं है। वह बहकावे में आकर आत्मदाह की धमकी दे रही थी कि प्रशासन दबाव में आकर जमीन दिला दे। इस मामले में प्रशासन अब आगे की कार्रवाई करेगा।*

**-एस राजलिंगम, डीएम कुशीनगर**

कुशीनगर के डीएम एस राजलिंगम ने बताया कि कमिश्नर कार्यालय के सामने शुक्रवार को आत्मदाह की कोशिश करने वाली फातिमा की मांग प्रशासन व ग्रामीणों, दोनों की नजर में नाजायज है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दिनों भी उसने दो फीट जमीन की मांग लेकर कमिश्नर कार्यालय पर आत्मदाह की कोशिश की थी। आयुक्त के निर्देश पर दूसरे लोगों की दीवार तोड़वा कर उसे जमीन दिला दी गई, मगर अब वह और दो फीट जमीन मांग रही है। जहां जमीन मांग रही है, वहां मंदिर है।

डीएम एस राजलिंगम ने बताया कि बाबूजान पुत्र इसरायल ने अपनी जमीन को विपक्षी शहीद पुत्र तेजू व रियासत पुत्र सहाबुद्दीन आदि से मुक्त कराने की मांग की थी। प्रकरण में संयुक्त स्थलीय जांच 22 सितम्बर को उपजिलाधिकारी कसया व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज ने की। यह तथ्य प्रकाश में आया कि बाबूजान एवं उसके विपक्षी शहीद की पुरानी निर्मित दीवार चली हुई है। जिसे बाबूजान व उसकी बहन फातिमा तोड़कर दो फीट आबादी की भूमि में बढ़ाकर निर्माण करना चाहते हैं। ऐसा हुआ तो विपक्षी शहीद व काली मंदिर की दीवार को तोड़ना पड़ेगा।

बाबूजान के पास किसी न्यायालय का कोई आदेश नहीं है। प्रशासन पर अनावश्यक दबाव डालकर इस कार्य को नियम विरुद्ध तरीके से कराना चाहते हैं। पक्षकारों को अपना-अपना दावा या पक्ष सिविल न्यायालय में दायर करने की सलाह दी गई, एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत दोनों पक्षों को पाबंद भी किया था।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

अमर उजाला | महराजगंज | amarujala.com | गोरखपुर | शनिवार, 25 सितंबर 2021 | 3


सहभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। संवाद


रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित। संवाद




# 'हिट है योगी का मल्टीपल रोल'

## फिल्म राम-श्याम का जिक्र कर रक्षामंत्री ने योगी को बताया मल्टी रोल वाला सीएम


महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते रक्षा मंत्री। संवाद

संजय कुमार पांडेय

महराजगंज। चौक बाजार में शुक्रवार को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण करने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने फिल्मों में डबल रोल का जिक्र किया तो पंडाल ठहाकों से गूंज उठा। राजनाथ ने अपने दौर की फिल्म राम और श्याम का जिक्र करते हुए कहा कि हमने तो बस फिल्मों में ही डबल रोल देखा है। असल जिंदगी में व्यक्तियों का डबल रोल नहीं देखा, लेकिन यहां सीएम योगी आदित्यनाथ का दो नहीं, बल्कि मल्टीपल रोल है। हर रोल में योगी फिट हैं।

उन्होंने कहा कि मंदिर में महंत, सदन में नेता और जनता के बीच जननायक बनकर जिस तरह योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की आवाम की जन भावनाओं पर खरा उतरकर दिखलाया है, वह अपने आप में बेमिसाल हैं। बिना थके, बिना रुके योगी लोककल्याण को अपनी शीर्ष प्राथमिकता मानकर लगातार काम कर रहे हैं। यूपी को अपराध और अपराधियों से मुक्त कराने में भी योगी का अलग अंदाज हैं। इसी अंदाज की देन है कि आज उत्तर प्रदेश में अपराधी योगी का नाम सुनते ही खौफ खाने लगता हैं। संवाद

### 'भविष्य के गर्भ में क्या है उसे संत देख लेते हैं'

रक्षामंत्री ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ ने राष्ट्रीयता, सामाजिक समरसता और समाज को जोड़ने का काम किया, योगी आदित्यनाथ उन्हीं के मार्ग पर चलते हुए इसे तेजी से बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य के गर्भ में क्या है उसे संत देख लेते हैं। महंत अवेद्यनाथ जी भी ऐसे ही थे। उन्होंने ऐसा उत्तराधिकारी चुना जो सनातन संस्कृति की रक्षा कर सके, सामाजिक समरसता का लक्ष्य प्राप्त कर सके और जरूरत पड़ने पर उत्तर प्रदेश का नेतृत्व भी कर सके। ये सारे कार्य योगी जी कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैंने बहुत प्रतिमाओं का अनावरण देखा। सामान्यतः उसके अनावरण में लोगों की बहुत ज्यादा रुचि नहीं होती लेकिन यहां जिस तरह लोग ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शांत चित्त से बैठे हैं, ये सनातन धर्म व संस्कृति के प्रति आस्था को दर्शाता है।

### 'हमारी एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता कोई'

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत कमजोर नहीं, बल्कि दुनिया का ताकतवर देश है। सेना को हमने हिदायत दे रखी है कि पहला आक्रमण हम नहीं करेंगे। यह हमारे देश का प्राचीन इतिहास भी रहा है, लेकिन किसी ने भी आक्रमण करने की पहल की तो सेना को किसी का इजाजत लेने की जरूरत नहीं है। आक्रमण करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। आज कोई भी हमारी एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता है।

आपके राज्य की हर खबर amarujala.com पर

पढ़ें, एक खबर के कई पहलू, 'स्पेशल स्टोरी' में amarujala.com पर





चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। संवाद


चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के दौरान स्थानिय लोगों को राकती पुलिस। संवाद

# 29 मिनट में 16 बार भाइयों एवं बहनों बोले रक्षामंत्री

ख़बरें मोबाइल पर amarujala.com

## संबोधन में गोरक्षपीठ की महत्ता बताने के साथ विकास पर रहा फोकस, सभा में मौजूद लोगों से किया संवाद


प्रतिमा के अनावरण के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। संवाद

विवेक जायसवाल

महराजगंज। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक बाजार में शुक्रवार को सभा में लोगों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोरखपीठ की महत्ता को रेखांकित किया। 29 मिनट के संबोधन में 16 बार भाइयों एवं बहनों बोलकर अपनत्व का भाव जताया। उन्होंने देश एवं समाज हित में नाथ संप्रदाय के योगदान पर चर्चा के साथ यूपी में हुए विकास कार्यों को गिनाया।

रक्षा मंत्री ने वर्ष 2014 से पहले की सरकार के कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जबसे देश का नेतृत्व पीएम मोदी कर रहे हैं, तबसे विश्व में भारत का मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं को प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ बेहतर ढंग से संचालित कर विकास की नई इबारत लिखे रहे हैं।

कोरोना काल में सीएम योगी ने बेहतर प्लानिंग से कार्य किया। आज देश में यूपी के विकास मॉडल का उदाहरण दिया जाता है। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से सीधा संवाद भी किया। सत्ता की शक्ति तो बहुत लोगों के पास होती है, लेकिन इच्छा शक्ति सीएम योगी के पास है। यूपी में गुंडों की 18 हजार 600 करोड़ की संपत्ति सरकार ने जब्त की है। महराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को भी गिनाया। महंत अवेद्यनाथ से अपने जुड़ाव को बताते हुए वर्ष 1971 में गोरखपुर में अपने पढ़ाई जीवन का जिक्र किया। उन्होंने 3:58 बजे संबोधन शुरू किया और 4:27 बजे समाप्त। संवाद

### अमन को मंच पर नहीं मिला बोलने का मौका


मंच पर बैठे नौतनवां के विधायक अमन मणि त्रिपाठी। संवाद

महराजगंज। चौक बाजार में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान नौतनवां के विधायक अमन मणि त्रिपाठी मंच पर पहुंचे तो सबसे पहले सुरक्षा कर्मी ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद जाने दिया। जिले की चार विधानसभा क्षेत्र के विधायकों ने सभा को संबोधित करने का मौका मिला, लेकिन नौतनवां के विधायक को बोलने का मौका नहीं मिला। संवाद

# छत पर खड़े होकर लोगों ने देखा कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

चौक बाजार। लोगों ने कार्यक्रम के दौरान छत पर खड़े होकर सीएम एवं रक्षा मंत्री के संबोधन को सुना। इसके अलावा जगह-जगह गलियों में खड़े होकर भी लोग भाषण सुन रहे थे।

उधर, महंत अवेद्यनाथ की सातवीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री की चौक छावनी पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें नगर पंचायत के प्रत्येक घरों से एक सदस्य को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने पहले पंक्ति में बैठे साधु-संतों को भोजन कराया।


चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के दौरान छावनी के पास छत पर खड़े लोग। संवाद

TMU तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय
दिल्ली रोड, मुरादाबाद-244001

डी.एल.एड.(बी.टी.सी.) प्रशिक्षण 2021

22 से 30 सितम्बर, 2021 तक, वेबसाइट updeled.gov.in पर चलने वाली विकल्प भरने की प्रकिया में मुरादाबाद स्थित निम्न अल्पसंख्यक संस्थानों को प्रथम वरीयता देकर प्रवेश सुनिश्चित करायें-

| COLLEGE NAME | CODE |
|---|---|
| Teerthanker Mahaveer Institute of Mgmt. & Tech. | 120008 |
| Teerthanker Aadinath College of Education | 120010 |
| Teerthanker Kunthnath College of Education | 120013 |
| S.B.L. Memorial College | 120014 |
| Shri Prem Prakash Memorial College | 120016 |

प्रशिक्षण के साथ ही सी-टैट, टैट, सुपर-टैट तथा शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी भी कराई जाती है, जिसके कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का चयन सरकारी अध्यापक भर्तियों में होता रहा है।

सीधे प्रवेश हेतु सम्पर्क करें :
9568418000, 9568717000, 9568618000




चौक स्थित गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को स्मृति चिह्न देते पूर्व कुलपति प्रो. यूपी सिंह, साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य। • हिन्दुस्तान


शुक्रवार को चौक स्थित गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उपस्थित कालेज की छात्राएं। • हिन्दुस्तान

### दिग्विजय नाथ महाविद्यालय चौक में प्रतिमा स्थापित, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया अनावरण

# महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण

**कार्यक्रम**

महराजगंज | निज संवाददाता

देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक में स्थापित ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार को किया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री ने महंत अवेद्यनाथ के साथ गुजारे यादगार व ऐतिहासिक लम्हों को भी साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की।

महाविद्यालय के सामने महंत अवेद्यनाथ की विशाल कांस्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर 3.14 बजे महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण के समय केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश के जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह, सिद्धार्थ विवि के कुलपति हरिबहादुर श्रीवास्तव, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर उदय प्रताप सिंह, अयोध्या बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष बालक दास महराज, विधायक बजरंग बहादुर सिंह, प्रेमसागर पटेल, ज्ञानेंद्र सिंह, जयमंगल कन्नौजिया, अमन मणि त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, ऋषि त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


प्रतिमा अनावरण के बाद संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • हिन्दुस्तान

### जवाब देने के लिए सेना को इजाजत की जरूरत नहीं

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह महराजगंज के चौक बाजार में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के मौके पर कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। अब भारत कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर भारत है। सेना के जवानों से यह कहा जा चुका है कि पहला आक्रमण भारत की तरफ से नहीं होगा। अगर हमले की कोई पहल करता है तो मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सेना को किसी से इजाजत लेने की जरूरत नहीं है।

## कुछ हुआ है, अभी बहुत कुछ बाकी है : योगी

**बोले सीएम**

महराजगंज | अनिल वर्मा

चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा अनावरण के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत महाराज की प्रेरणा व मार्गदर्शन की बदौलत चौक क्षेत्र में कुछ विकास हुआ है। अभी यहां बहुत कुछ करना है। अभी चौक को विकास के नए-नए आयाम देखने हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौक को नगर पंचायत बनाया गया। यहां तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। लोगों को नगरीय सुविधाएं मिलनी शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि जब वह सीएम नहीं थे, तब भी चौक में आते थे। उस समय महंत अवेद्यनाथ पूछा करते थे कि तुम वहां किससे-किससे मिले? वहां कोई दिक्कत तो नहीं है। तुम उनसे मिले? विद्यालय में गए थे कि नहीं? वह चौक के शैक्षणिक विकास का सपना देखते थे। इंटर कालेज की स्थापना के बाद जब यहां के बेटे और बेटियां उच्च शिक्षा लेने के लिए कई मिल दूर जाते थे तो महंत अवेद्यनाथ ने महाविद्यालय खोलने को कहा। तब उस समय दूसरी सरकार थी। सभी कार्य बिना अर्थ के नहीं होते थे। तब महंत जी से कहा कि हम पैसा देकर महाविद्यालय की स्थापना नहीं लेंगे। धीरे-धीरे स्थितियां ऐसी बनीं कि महाविद्यालय की स्थापना के लिए नींव रखना शुरू किया। मान्यता भी मिल गई। आज यहां के बेटे और बेटियों को दूर उच्च शिक्षा ग्रहण करने नहीं जाना पड़ता है। कहा कि मुख्यमंत्री बनने से पहले जब वह चौक आते थे तो यहां की सड़कें खराब थीं। अस्पताल एक कमरे में चलता था। महंत जी से इस पर चर्चा होती थी। वह कहा करते थे कि यहां के लोगों का नुकसान नहीं होना चाहिए। जब तक सरकार पक्का अस्पताल नहीं बना दे, भवन में अस्पताल चलने दो। सेवा में कमी नहीं होनी चाहिए। उनकी प्रेरणा से चौक में आज विकास कार्य तेजी से हो रहा है।


शुक्रवार को प्रतिमा का अनावरण करने के बाद पुष्पांजलि अर्पित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। • विनय शर्मा

## गोरखपुर से छात्र राजनीति शुरू की, महराजगंज से खास लगाव

चौक बाजार | विनीत पांडेय

चौका था। माहौल और दस्तूर भी। चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण करने आए देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने सियासी कैरियर में गोरखपुर की भूमिका को चर्चा करते हुए महराजगंज से भी अपने खास लगाव को बताया। गोरखपुर विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान ही वह राजनीति में रुचि लेना शुरू किया।

1971 में भारतीय हवाई जहाज को हाईजैक कर आतंकी उसे पाकिस्तान के लाहौर ले गए। वहां यात्रियों को उतार कर हवाई जहाज को फूंक दिया गया था। उस समय मैं गोरखपुर विवि में एमएससी की पढ़ाई कर रहा था। छात्रों का संगठन भी बनाया था। लाहौर में हवाई जहाज फूंकने के विरोध में गोरखपुर को बंद कराने की मांग उठने लगी। इस प्रस्ताव को लेकर मैं गोरक्षपीठ में आया। उस समय महंत अवेद्यनाथ गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर थे। प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि देश में इस घटना को लेकर आक्रोश है। पर, गोरखपुर की दुकानों को बंद कराने में कोई जोर-जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। सभी ने स्वेच्छा से दुकान बंद किया। गोरखपुर में ऐतिहासिक बंदी हुई। महराजगंज से अपने लगाव को जोड़ते हुए बताया कि यहां पहले भी आ चुका हूं। एक बार अटल जी के साथ आने का सौभाग्य मिला था। उस समय योगी आदित्यनाथ भी साथ थे।

## 'राम और श्याम' के बहाने योगी की तारीफ

**रक्षा मंत्री**

महराजगंज | नवीन विशेन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की। महराजगंज के चौक बाजार में सीएम की तारीफ में उन्होंने कहा कि योगी जी को आज मैं मल्टीपल रोल में देखता हूं। इस दौरान राजनाथ सिंह थोड़ी देर के लिए अपने कॉलेज के दिनों में भी लौट गए। पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा, एमएससी का छात्र रहते मैंने पहली फिल्म राम और श्याम देखी थी। उसमें एक व्यक्ति का डबल रोल था, लेकिन आज मैं योगी आदित्यनाथ जी में अलग-अलग मल्टीपल रोल देखता हूं।


शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जनसभा को संबोधित करते हुए।

### पुराने अंदाज में दिखे राजनाथ, खूब किया संवाद

महराजगंज में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कइयों बार आ चुके हैं। मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री रहते हुए उनकी सभाएं यहां हो चुकी हैं। तब और अब, एक चीज लोगों से संवाद के अंदाज में बात करना कॉमन रही। विपक्ष में रहते हुए व्यंगात्मक लहजे में संवाद करते थे कि शाम को बिजली तो आती होगी? फिर विनोदपूर्ण माहौल होता था। इस बार भी शैली वही थी। माहौल भी विनोदपूर्ण हुआ, लेकिन विषय सीएम योगी की तारीफ से जुड़ा था। पूछा कि डबल रोल वाला फिल्म तो देखे ही होंगे। हां की आवाज आई तो पूछ बैठे कौन सी? बहुत से लोगों ने जब जुड़वा फिल्म का नाम लिया तो उन्होंने कहा कि मैंने तो राम और श्याम देखी। फिर उसी फिल्म के डबल रोल और सीएम के मल्टीपल रोल की बात को जोड़कर उन्होंने सीएम की तारीफों के पुल बांध दिए।

चौक बाजार में ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करने आए केंद्रीय रक्षा मंत्री प्रदेश व गोरखपुर से खुद के जुड़ाव की चर्चा करना वे नहीं भूले। अपने खास अंदाज में 2014 के बाद देश और 2017 के बाद प्रदेश के सुधरे हालात पर चर्चा की। सीएम योगी की कार्यशैली को सराहा। गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमएससी की पढ़ाई के दौरान गोरक्ष पीठ से अपने नातों पर खूब चर्चा की।

कहा कि वर्ष 2017 में जब प्रदेश की कमान देने की बात आई तो मोदी जी ने सिर्फ एक नाम योगी आदित्यनाथ जी का चुना। उनका चयन बेहतर था। वे आज स्वीकार्य नाम बन गया। राजनाथ सिंह के साथ मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इसके पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में महंत की प्रतिमा का अनावरण किया।

**झलकियां**

### सहभोज में समरसता की झलकी तहजीब

चौक बाजार। महंत अवेद्यनाथ की सातवीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री की छावनी चौक बाजार में सहभोज कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहुंचे। छावनी में उनकी देखरेख में सभी वर्ग व धर्म के लोग छुआछूत की भावना को मिटाने के लिए एक साथ बैठ कर सहभोज किया। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास, अजय कुमार श्रीवास्तव, नरसिंह पांडेय, राजेश सिंह, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, काशीनाथ सिंह, संजय यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, आकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बांधा समां

महराजगंज। चौक बाजार में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा अनावरण के दौरान महाविद्यालय के छात्राओं व छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। लोक कलाकार, गायक व उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सदस्य अमित अंजन के नेतृत्व में कार्यक्रम शुरू होने से पहले और बाद में प्रस्तुतियां होती रहीं। अतिथियों के आने के बाद सरस्वती वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। विपिन श्रीवास्तव ने देश भक्ति गीत जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती हैं बसेरा, वह भारत देश है मेरा प्रस्तुत कर सभी को देश भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। तू मेरा करम, मैं तेरा करम... पर खूब वाहवाही लूटी। अतिथियों के स्वागत में वंदना के इन सुरों में एक स्वर मेरा मिला लो प्रस्तुत किया।

### रातों रात चकाचक हो गई सड़क

कार्यक्रम के आयोजन को लेकर चौक छावनी से लेकर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय तक की पहले से बनी पिच रोड को फिर से चकाचक कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। बिना पास वालों को अंदर नहीं जाने दिया। जिससे कई लोगों को जब प्रवेश नहीं मिला तो वह साउंड के पास खड़े होकर रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री की बातों को सुनने लगे।

### मुख्यमंत्री से सीटें बढ़ाने की मांग

अभाविप से जुड़े जेएलएनएस पीजी कालेज के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को मांग पत्र देकर महाविद्यालय में सीटें बढ़ाने व अन्य समस्याओं को दूर करने की मांग की। परिषद के विद्यार्थियों ने स्नातक व परास्नातक में सीटें बढ़ाने, महिला छात्रावास का निर्माण कराने, छात्र संघ चुनाव की तिथि निर्धारित करने, छात्र संघ भवन का निर्माण कराने की मांग की है। जिला संगठन मंत्री संदीप स्वरूप ने कहा कि मौजूदा शैक्षिक वर्ष में स्नातक व परास्नातक में 913 विद्यार्थियों का ऑनलाइन आवेदन [illegible]

### एफपीओ प्रबंधक ने लगाई गुहार

महराजगंज। किसान उत्पादक संगठन एफपीओ को सरकारी योजनाओं में उपेक्षित रखने से एफपीओ मुखर होने लगे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री जिले में रहे। इसी दौरान किसान उत्पादक संगठन के प्रबंधक निदेशक रामगोपाल ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजकर एफपीओ की दुश्वारियों को बताया है। उन्होंने कहा कि एफपीओ की उपेक्षा से किसानों की आय दो गुनी नहीं होगी। एफपीओ को प्रोत्साहन दिया जाए तो किसानों की आय चार गुनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि [illegible]

### सुरक्षा के चक्रव्यूह में था चौक बाजार

**चौक बाजार।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर चौक बाजार में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। वाहनों को नगर सीमा के बाहर ही रोकने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी। अनाधिकृत प्रवेश को रोकने को सुरक्षा कर्मी मोर्चा संभाले थे। कार्यक्रम स्थल के आसपास के मकानों पर भी रूफ टॉप सुरक्षा का इंतजाम किया गया था।

महराजगंज व निचलौल की तरफ से आने वाले वाहनों को चौक बाजार के ठेकी चौराहे पर कस्बे की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर बैरिकेडिंग किया गया था। सोनाड़ी व जंगल की तरफ से आने वाले मार्ग पर भी पुलिस कर्मी तैनात थे।

## सनातन धर्म की रक्षा में नाथ सम्प्रदाय का अद्भुत योगदान

महराजगंज | मनोज त्रिपाठी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए नाथ सम्प्रदाय का अद्भुत योगदान है। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ नाथ परम्परा के सच्चे वाहक थे। उन्होंने आजीवन सामाजिक समरसता के लिए काम किया और छुआछूत की प्रथा का हमेशा मुखर विरोध किया।

महंत अवेद्यनाथ की कांसे की बनी आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद रक्षामंत्री ने कहा कि गोरक्षपीठ और नाथ संप्रदाय ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए जो भी कार्य किया है, वह अद्भुत है। यह उनके अद्भुत व्यक्तित्व की देन है कि जब रामजन्म भूमि की पहली बैठक हुई तो सभी संतों ने अध्यक्षता के लिए महंत अवेद्यनाथ का नाम लिया। 1949 में अयोध्या में रामलला की सबसे पहले पूजा गोरक्षपीठ के ही महंत दिग्विजयनाथ ने की थी। रामजन्म भूमि का जब इतिहास लिखा जाएगा तो उसमें गोरक्षपीठ के महंत दिग्विजयनाथ व अवेद्यनाथ का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। सामाजिक समरसता आंदोलन में गोरक्षपीठ की भूमिका पर रक्षामंत्री ने कहा कि नाथ परम्परा समाज को तोड़ने वाली कभी नहीं रही।

### लोकार्पण के रंग


चौक छावनी में आयोजित सहभोज में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • हिन्दुस्तान


रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने के लिए शुक्रवार को छत पर उमड़ी भीड़। • हिन्दुस्तान


सरस्वती वंदना व श्रद्धांजलि गीत प्रस्तुत करती कालेज की छात्राएं। • हिन्दुस्तान

### ईज आफ डूइंग बिजनेस में पूरे देश में दूसरे पायदान पर यूपी


वित्त राज्यमंत्री सांसद पंकज चौधरी ने किया संबोधित।

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में कोई भी पूंजी निवेश करने को तैयार नहीं होता था। आज शानदार कानून व्यवस्था से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धारणा बदल दी है। आज उत्तर प्रदेश ईज आफ डूइंग बिजनेस में पूरे देश में दूसरे पायदान पर है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोरोना का काल में उत्तर प्रदेश को पूरे देश के लिए रोल मॉडल बनाया। उन्होंने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ से अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि महंत जी उनके मार्गदर्शक थे। 1991 और 1996 में लोकसभा में भी उनका सानिध्य मिला। ब्रह्मलीन महंतश्री आजीवन सामाजिक कुरीतियों को दूर कर सामाजिक समरसता के अभियान को बढ़ाने में लगे रहे।

### ब्रह्मलीन महंत के चरणों में अर्पित किया श्रद्धासुमन

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रसंत गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की भव्य प्रतिमा का बटन दबाकर अनावरण करने के बाद ब्रह्मलीन महंत के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किया। शीश झुकाकर, करबद्ध हो उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, मस्तनाथ पीठ रोहतक के महंत व अलवर के सांसद महंत बालकनाथ, अयोध्या दिगंबर अखाड़ा के महंत सुरेश दास, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।


अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश, लखनऊ
9वीं मंजिल, अकादमिक ब्लॉक, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न सरकारी और निजी नर्सिंग कॉलेजों में निम्नलिखित पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
- विज्ञापन संख्या-01/सीईटी/एबीवीएमयूयूपी/2021 बी.एससी नर्सिंग
- विज्ञापन संख्या-02/सीईटी/एबीवीएमयूयूपी/2021 एमएससी नर्सिंग
- विज्ञापन संख्या-03/सीईटी/एबीवीएमयूयूपी/2021 पोस्ट बेसिक बी.एससी नर्सिंग

विस्तृत जानकारी और आवेदन वेबसाइट- www.abvmuup.edu.in पर उपलब्ध है।
रजिस्ट्रार

www.ipsacademy.org
IPS ACADEMY
CENTRAL INDIA'S PREMIER NAAC ACCREDITED INSTITUTE
i to identity
Approved by UGC, AICTE, COA, NCTE, PCI, BCI, MP Govt. & Affiliated to DAVV Indore, RGPV Bhopal, RMTSAVV Gwalior, MCRPV Bhopal Universities
Placements: Highest Pkg : 33.60 Lac, Avg Pkg : 7.41 Lac
12 PSU, 30 MNC, 13 Banks, 43 IT, 14 Pharma and 305 Blue Chip Cos.
ADMISSIONS OPEN FOR 21-22
INSTITUTE OF ENGINEERING AND SCIENCE
(A UGC Autonomous, NBA Accredited UG Programs, Affiliated to RGPV Bhopal)
B.Tech (14 Branches) / M.Tech (8 Branches)
- Minor B.Tech. : Pursue two branches of engineering together
- International Internship • Course offered in regional language also
- Opportunity to learn foreign languages like German & French
- Preparing students from first year itself for on campus placements
- Association with IBM, IITs & International Collaborations.
call 7746000161, 9826079161, 0731 4014640
Visit : ies.ipsacademy.org/email: admission.ies@ipsacademy.org
Institute of Business Management & Research
NIRF Management Ranking amongst top 100 institutes of India
MBA, BBA, BA(Eco.), Ph.D
Call: 9926676161, 9111009161

ADVERTISEMENT
लकवा से आई अपंगता को आयुर्वेद ने किया दूर
मैं नयना बैन, C-19 प्रांगन सोसायटी, न्यु सामा रोड, जिला वडोदरा, गुजरात –390008 से हूं। नयना बैन लकवा को ...
दाग, बालू, हाथ पैर और जुबान का न चलना, मुँह टेढ़ा, सुन्नपन, झटके, अकड़न के रोगी हो सकते हैं ठीक
दस्सान को youtube पर सुन कर ठीक हो रहे अनेकों रोगियों का पते सहित सबसे अधिक डाटा www.drdassans.com और dr.dassans channel Youtube पर उपलब्ध है।

# सुरक्षा के चक्रव्यूह में था चौक बाजार

**चौक बाजार।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर चौक बाजार में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। वाहनों को नगर सीमा के बाहर ही रोकने के लिए जगह-जगह बैरेकेडिंग की गई थी। अनाधिकृत प्रवेश को रोकने को सुरक्षा कर्मी मोर्चा संभाले थे। कार्यक्रम स्थल के आसपास के मकानों पर भी रूफ टॉप सुरक्षा का इंतजाम किया गया था।

महराजगंज व निचलौल की तरफ से आने वाले वाहनों को चौक बाजार के ठेकी चौराहे पर कस्बे की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर बैरेकेडिंग किया गया था। सोनाड़ी व जंगल की तरफ से आने वाले मार्ग पर भी पुलिस कर्मी तैनात थे।

## एक नजर में

### महंत अवेद्यनाथ ने चौक क्षेत्र में जलाई थी शिक्षा की ज्योति

**महराजगंज:** महंत अवेद्यनाथ ने महराजगंज विशेषकर चौक क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति जलाई थी। उनके निर्देशन मे चौक के नगर वासियों के लिए उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय की भी स्थापना कराई गई। शुक्रवार को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि चौक बाजार क्षेत्र से ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी का विशेष लगाव था। जब यहां शिक्षा का कोई भी केंद्र नही था, तब ब्रह्मलीन गुरु दिग्विजयनाथ के नाम पर पूज्य अवेद्यनाथ ने इंटर कालेज की स्थापना की। जिससे यहां के शिक्षा स्तर ऊपर हुआ। बाद में बालिकाओं के लिए डिग्री कालेज भी उन्ही के प्रयासों से संभव हुआ। जिस डिग्री को प्राप्त करने के लिए छात्र-छात्राओं को पहले 70 किलोमीटर दूर गोरखपुर जाना पड़ता था, आज वह यहीं उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। (जासं.)

### 108 वाहनों का चालान

**महराजगंज:** शुक्रवार को जिले के 19 थानों की पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वाले कुल 108 वाहनों का चालान किया है। यातायात प्रभारी जयनारायण यादव ने बताया कि यातायात नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। (जासं.)

### 26 का शांतिभंग में चालान

**महराजगंज :** जिला पुलिस ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर शुक्रवार को जिले के 19 थानों से कुल 26 लोगों को शांतिभंग मामले में चालान किया है। अकेले सदर कोतवाली पुलिस ने ही पांच लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। (जासं.)

### कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज:** फरेंदा थाने की पुलिस ने शुक्रवार को कच्ची पर रोक के लिए कार्रवाई करते हुए निरनाम गांव निवासी सिंधु के पास से 10 लीटर कच्ची बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। (जासं.)



कार्यक्रम में नेपाल के नवलपरासी के सांसद देवेंद्र राज कंडेल (बाएं से दूसरे) ● जागरण



चौक में हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल की तरफ जाते (दाएं से दूसरे) सीएम योगी आदित्यनाथ व (बाएं से दूसरे) केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ● जागरण



महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के बाद कार्यक्रम में (दाएं से) मंचासीन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● जागरण

# भंडारे में शामिल हुए 5000 लोग, दिया समरसता का संदेश

## चौक में आयोजित भंडारे में शामिल होने दूर-दूर से आए थे साधु-संत, चौक क्षेत्र से था महंत अवेद्यनाथ का गहरा लगाव

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** चौक में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के बाद आयोजित भंडारे में पांच हजार से अधिक लोगों ने सम्मिलित होकर समरसता का संदेश दिया। नाथ संप्रदाय की परंपरा के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भंडारे में पहुंच भगवान को भोग लगाया, और प्रसाद भी ग्रहण किया। इसके बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भंडारा आपसी समरसता बढ़ाने का सबसे सरल तरीका है। इसी भंडारे से महंत अवेद्यनाथ ने वाराणसी में जाति-पाति और छुआछूत की परंपरा को तोड़ने की पहल की थी। गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ ने 1977 में वाराणसी में डोम राजा के वहां साधु-संतों की मंडली के साथ भोजन किया था। इसी परंपरा को जीवंत करने एवं उनके सातवीं पुण्यतिथि पर आज यहां भी भंडारे का आयोजन किया गया है। चौक स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर स्थित छावनी के प्रभारी त्यागीनाथ जी महाराज ने बताया कि आयोजित भंडारे में कुल पांच हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



भंडारा कार्यक्रम में प्रसाद ग्रहण करते (दाएं से) सीएम योगी आदित्यनाथ ● जागरण



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते साधु-संत ● जागरण

**रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री को लेकर अलर्ट रहा स्वास्थ्य विभाग:** चौक, महराजगंज: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहा। हेलीपैड से लेकर फ्लीट तक स्वास्थ्य टीम मुस्तैद रही। सेफ हाउस में भी चिकित्सकों की टीम डटी रही। रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की ड्यूटी में लगाए गए स्वास्थ्य कर्मियों और एंबुलेंस चालकों को स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक दिन पूर्व ही प्रशिक्षित कर अलर्ट कर दिया गया। शुक्रवार को चिकित्सकों, जीवन रक्षक औषधियों तथा उपकरणों से सुसज्जित कर फ्लीट में लगाई गई पांच एंबुलेंस निर्धारित स्थलों पर पहुंच गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि जिला अस्पताल में एक सेफ हाउस तथा चौक महाविद्यालय में दो सेफ हाउस बनाया गया था। यहां दो एंबुलेंस के साथ चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। इसी प्रकार फ्लीट के साथ दो एंबुलेंस, खाद्य सैंपलिंग टीम के साथ एक एंबुलेंस और चिकित्सकों की टीम अपने दायित्वों का निर्वहन करती रही।

**ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने दिया था सामाजिक समरसता का संदेश**

# बिना पास नहीं मिला प्रवेश, पुलिस तैनात



कार्यक्रम में तैनात पुलिस कर्मी ● जागरण

**जासं, महराजगंज:** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुक्रवार को चौक में आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। देश के रक्षामंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा को लेकर बिना पास के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल और चौक नगर को जाने वाली सड़कों पर विशेष बैरिकेडिंग की गई थी। मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर समेत नेटवर्क जैमर की भी व्यवस्थाएं की गई थी।

शुक्रवार को चौक नगर पंचायत स्थित महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो बजे ही कार्यक्रम स्थल पहुंच गए थे। 3:15 बजे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का हेलिकाप्टर भी कार्यक्रम स्थल पहुंचा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम की सुरक्षा में तीन अपर पुलिस अधीक्षक, 10 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 28 निरीक्षक, 150 उपनिरीक्षक, 20 मुख्य आरक्षी व 850 आरक्षी, जिसमें 150 महिला आरक्षियों की ड्यूटी लगाई गई थी। एसपी प्रदीप गुप्ता स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते दिखे।

# किशोर स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**जागरण संवाददाता, लक्ष्मीपुर:** भगीरथी इंटर कालेज में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीपुर के तत्वावधान में किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोर और किशोरियों को चिकित्सकों ने पोषण तथा मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही अवसाद, आत्महत्या की प्रवृति, सीखने की क्षमता, गर्भ धारण, गर्भ निरोधक साधन, गर्भपात, बाल विवाह आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किशोरों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया।

इस दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आई प्रेमलता, पुष्पा, पूनम मौर्या, आंचल कन्नौजिया, रामकुमार आदि को पुरस्कृत किया गया। हेल्थ एंड वेलनेस अंबेसडर शिक्षक मनोज कन्नौजिया, पूजा सिंह, सुचिता पटेल, संगीता यादव, संघमित्रा गौतम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा आदि उपस्थित रहे। रतनपुर संवाददाता के अनुसार नौतनवा क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल, हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट विद्यालयों से दो-दो अध्यापकों को ब्लाक संसाधन केंद्र रतनपुर में किशोर स्वास्थ्य व कल्याण विषय पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में डा. एस के त्रिपाठी तथा अभिषेक कुमार पांडेय ने प्रतिभाग किया वहीं रामसुभाष काउंसलर के रूप में मौजूद रहे।

**ऋण के लिए 30 तक करें आवेदन:** महराजगंज: परियोजना अधिकारी डूडा प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत इच्छुक व्यक्ति ऋण के लिए 30 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद में निवास करने वाले इच्छुक व्यक्तियों को व्यक्तिगत ऋण अधिकतम दो लाख एवं तीन से पांच व्यक्तियों के समूह ऋण अधिकतम धनराशि 10 लाख रुपये ब्याज सब्सिडी युक्त ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने लाभार्थियों का योजना का लाभ लेने के लिए अपील की है।


**बड़ौदा यू.पी. बैंक**
**Baroda U. P. Bank**
बड़ौदा यू.पी. बैंक (बैंक आफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित), क्षेत्रीय कार्यालय- गोरखपुर प्रथम, मोहद्दीपुर, गोरखपुर

**अधिग्रहण सूचना** (अचल सम्पत्ति हेतु)

**अधिग्रहण सूचना (अचल सम्पत्तियों हेतु) वित्तिय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन व प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा बड़ौदा यू.पी. बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी एक्ट) 2002 की धारा 13 (2) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का अनुप्रयोग से मांग सूचना जारी की गयी थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि, जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणग्रहिता के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणग्रहिता/जमानतदार और सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त एक्ट की धारा 13(4) सपठित उक्त अधिनियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर लिया गया है।

ऋणग्रहिता को विशिष्ट रूप से और सर्व साधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय बड़ौदा यू.पी. बैंक का ऋण, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | खाताधारक का नाम (मांग सूचना की तिथि) अधिग्रहण की तिथि | अचल सम्पत्ति का विवरण/ सम्पत्ति के मालिक का नाम | बकाया धनराशि (रुपया) |
|---|---|---|---|
| | शाखा-सूरजकुण्ड, जिला-गोरखपुर | | |
| 1- | **ऋणी- श्री राजेश्वर यादव** पुत्र श्री रामचन्द यादव एवं श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री राजेश्वर यादव, पता- 389 हुमायूंपुर उत्तरी निकट दरोगा मस्जिद वार्ड नं0 45 गोरखनाथ गोरखपुर- 273015 | **भू-स्वामी-** श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री राजेश्वर यादव, मकान नं0 389डी, हुमायूंपुर उत्तरी क्षेत्रफल 30.62 वर्गमीटर तप्पा- कस्बा, परगना- हवेली, तहसील- सदर, गोरखपुर। **चौहद्दी-** उत्तर- 12 फीट सड़क, दक्षिण- मकान महेन्द्र प्रसाद वर्मा, पूरब- 8 फीट गैलरी, पश्चिम- मकान गिरिश चन्द वर्मा | ₹1312126/- + ब्याज दिनांक 15.02.2021 डिमाण्ड नोटिस दिनांक 16.02.2021 कब्जा तिथि- 20.09.2021 खाता सं0- 75086620915 |
| 2- | **ऋणी- मे0 फातिमा फर्नीचर हाउस,** प्रो0 कनीज फातिमा पत्नी रफीकुज्जमा, पता- रसूलपुर अजयनगर गोरखनाथ गोरखपुर- 273015 | **भू-स्वामी-** श्री नईमुल्लाह पुत्र गफ्फार खान, अराजी नं0 37, मौजा रसूलपुर, क्षेत्रफल 37.17 वर्गमीटर, तप्पा-कस्बा, परगना- हवेली तहसील-सदर, गोरखपुर। **चौहद्दी-** उत्तर- मकान मुमताज, दक्षिण- जमीन अन्य, पूरब- सड़क पश्चिम- मकान जिआउद्दीन | ₹ 436993/- + ब्याज दिनांक 15.02.2021 डिमाण्ड नोटिस दिनांक 16.02.2021 कब्जा तिथि- 20.09.2021 खाता सं0- 75049135718 |

// प्रणाम //

कार्यक्रम

- जिला महिला अस्पताल में कोरोना टीकाकरण सुबह नौ बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन का जागरूकता सम्मेलन कोल्हुई बाजार में सुबह 10 बजे से।
- जिले के सभी थानों में समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।
- सदर क्षेत्र के खेमपिपरा में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 11 बजे से।



वैक्सीन मीटर

| जिला | 24 सितंबर | अब तक |
|---|---|---|
| गोरखपुर | 13427 | 2485192 |
| देवरिया | 2894 | 1522639 |
| कुशीनगर | 22813 | 1662048 |
| महराजगंज | 8831 | 1250899 |
| बस्ती | 6201 | 1247926 |
| सिद्धार्थनगर | 3850 | 1247993 |
| संतकबीरनगर | 5577 | 730471 |

## एक नजर में

### और कुर्सी लेकर माने विधायक

**महराजगंज** : चौक बाजार स्थित महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मंच पर उस वक्त गहमा-गहमी का माहौल हो गया, जब सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल की कुर्सी पर निर्दल विधायक अमनमणि बैठ गए। मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर स्वागत करने के बाद मंच पर पहुंचे सिसवा विधायक जब अपनी कुर्सी पर अमन मणि को देखा तो आपत्ति दर्ज कराई और मंच के नीचे उतर गए। ऐसे में सक्रिय हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने नौतनवा के विधायक अमन मणि को बात बताते हुए उन्हें दूसरी कुर्सी उपलब्ध कराई। जब जाकर सिसवा विधायक मंच पर चढ़े। (जासं)

### दिखा उत्सव का माहौल

**महराजगंज** : वर्ष 1932 में शिक्षा की ज्योति जलाने वाले महंत दिग्विजय नाथ और महंत अवेद्यनाथ को चौक की जनता बड़े महराज के नाम से पुकारती है। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके लिए पूज्य हैं। शुक्रवार को महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के दौरान चौक में उत्सव का माहौल था। (जासं)

# हृदय पटल पर अंकित हैं अवेद्यनाथ की स्मृतियां

## रक्षामंत्री ने साझा की स्मृतियां, चौक क्षेत्र के लोगों से महंत अवेद्यनाथ का था विशेष लगाव : सीएम



चौक में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा अनावरण के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह • जागरण



महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा अनावरण के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ के ब्रह्मलीन हुए सात वर्ष बीत गए, लेकिन उनकी स्मृतियां आज भी हमारे हृदय पटल पर अंकित हैं। उन्होंने कहा कि सामान्यतः महंत अवेद्यनाथ का व्यक्तिगत जीवन बहुत ही अद्भुत रहा है। गोरखपुर विश्वविद्यालय में वर्ष 1971 में एमएससी में नामांकन के बाद पहली बार उनका आशीर्वाद मिला था। उसके बाद कोई माह ऐसा नहीं था कि मैं उनका आशीर्वाद प्राप्त करने न जाऊं। शोध कार्य के समय भी गोरखनाथ मंदिर जाकर उनका आशीर्वाद लेता था।

राजनाथ सिंह ने कहा कि जब आतंकवादियों ने हवाई जहाज को हाईजैक करके लाहौर में जला दिया था, तो देश में गुस्से का माहौल था। मैंने कहा कि हम लोग विरोध स्वरूप गोरखपुर को एक दिन बंद कराना चाहते हैं। तब महंत अवेद्यनाथ ने सुझाव दिया था कि अपील करो, लेकिन किसी के साथ अशिष्टता नहीं होनी चाहिए, और ऐसा ही हुआ। आज मैंने उनकी प्रतिमा देखी तो ओज तेज का वह चेहरा सामने आ गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ का चौक बाजार में सेवा, धर्म सहित शिक्षा के क्षेत्र को लेकर काफी लगाव रहा है। जब उनको पता चला कि यहां की बालिकाएं उच्च शिक्षा नहीं प्राप्त कर पाती, तो उन्होंने हमें यहां पर डिग्री कालेज खोलने का आदेश दिया। उनके कहने पर मैंने यहां पर गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय की स्थापना कराई। आज यहां की बालिकाओं को उच्च शिक्षा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मंदिर के भवन का उपयोग होता था, इसके लिए लोगों के कल्याण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। चौक के लोगों के साथ उनका काफी लगाव था। मुझसे हमेशा एक-एक व्यक्ति का नाम लेकर पूछते रहते थे, कि उनसे मिले कि नहीं मिले। विद्यालय का क्या हाल है। बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं होनी चाहिए। आज यह गर्व हो रहा है कि गुरुदेव की प्रतिमा का अनावरण देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों हुआ है।

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ ने हिंदुत्व की रक्षा के लिए जीवन भर संघर्ष किया। हिंदू समाज की लड़ाई के लिए ही उनको राजनीति में आना पड़ा। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि राष्ट्र संत महंत अवेद्यनाथ ने समाज को नई दिशा देने का काम किया है। पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ संस्कृति, धर्म एकता एवं शिक्षा के ध्वजवाहक थे। विधायक बजरंग बहादुर ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ ने रामजन्म भूमि के आंदोलन का नेतृत्व किया। जलशक्ति मंत्री डा. महेंद्र सिंह, कुलपति सिद्धार्थनगर हरी बहादुर श्रीवास्तव, अलवर के सांसद महंत बालकदास, विधायक अमनमणि त्रिपाठी, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति उदय प्रताप सिंह, दिगंबर अखाड़ा के सुरेश दास, महंत शेषनाथ, जिपं अध्यक्ष रविकांत पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, हियुवा जिलाध्यक्ष नरसिंह पांडेय, महामंत्री ऋषि त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता अजय श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, राजेश सिंह, संजीव शुक्ला, राजेश जायसवाल, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, काशीनाथ सिंह, प्राचार्य डा. बसंत नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम

- अवेद्यनाथ का व्यक्तिगत जीवन बहुत ही अद्भुत रहा : राजनाथ
- महंत अवेद्यनाथ ने हिंदुत्व की रक्षा के लिए जीवन भर किया संघर्ष



चौक में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह • जागरण

### महंत अवेद्यनाथ, योगी आदित्यनाथ के नारों से गूंजता रहा चौक

महराजगंज : शुक्रवार को चौक बाजार में आयोजित ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण होते ही पूरा पांडाल महंत अवेद्यनाथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में जिले के दूर-दूर से लोग पहुंचे हुए थे। जैसे ही रक्षामंत्री राजनाथ ने प्रतिमा का अनावरण किया, वैसे ही लोग महंत अवेद्यनाथ सहित योगी आदित्यनाथ और जय श्रीराम का नारा लगाने लगे।

### कीचड़ की परवाह नहीं, दर्शन की चिंता

शुक्रवार की भोर में हुई बारिश की वजह से पांडाल में कई जगहों पर पानी लगने से कीचड़ हो गया था। हालांकि इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। लेकिन फिर भी कुछ स्थानों पर कीचड़ रह गया था। लेकिन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के दर्शन की ललक ने लोगों को कीचड़ से कोई परवाह नहीं पड़ा।



चौक कार्यक्रम में उपस्थित लोग • जागरण






# प्रतिमा अनावरण में सुबह से ही जुटने लगी थी भीड़

सच्चिदानंद मिश्र • महराजगंज

महराजगंज में शिक्षा की ज्योति जलाने वाले व चौक के नगरवासियों के लिए बड़े महाराज के रूप में प्रसिद्ध ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण को देखने के लिए चौक में शुक्रवार की सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। नाथ संप्रदाय के साधु-संतों के साथ आम जन की भीड़ से पूरे चौक नगर पंचायत में मेले जैसा माहौल रहा। सभी ने प्रतिमा के अनावरण के बाद बड़े महराज महंत अवेद्यनाथ का दर्शन किया और प्रसाद स्वरूप भंडारे में भोजन कर अपने आप को धन्य किया।

ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ चौक क्षेत्र की जनता के लिए किसी मसीहा से कम नहीं थे। उन्होंने चौक क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के लिए पांच से छह दशक तक अनवरत कार्य किया। इसके अलावा महंत अवेद्यनाथ का लोगों से कुछ अलग ही नाता था। जब उनके छोटे महाराज और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सहयोग से बड़े महराज की प्रतिमा अनावरण की सूचना मिली तो सभी उनके दर्शन को लालायित हो उठे।

शुक्रवार को चौक नगर पंचायत में न सिर्फ सभी दुकानें बंद रहीं, बल्कि अधिकांश घरों में चूल्हे

### उत्साह

- रक्षामंत्री ने भी लोगों की श्रद्धा व विश्वास को सराहा
- महाविद्यालय से लेकर गुरु गोरक्षनाथ मंदिर तक भीड़

### रक्षामंत्री ने भी लोगों की श्रद्धा पर झुकाया शीश

प्रतिमा के अनावरण के दौरान लोगों की बड़ी भीड़ के साथ भी शांति और सौम्य व्यवहार पर अचंभित हो उठे। कार्यक्रम के दौरान ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैंने बहुत सी प्रतिमाओं का अनावरण देखा है। लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में लोगों की रुचि नहीं होती। लेकिन यहां पर प्रत्यक्ष अपनी आंखों से देख रहा हूं। जिस भाव-जिस श्रद्धा के साथ लोग यहां पर शांतिपूर्वक बैठे हुए हैं, यह दर्शाता है कि आपके बीच में भारत की सनातन संस्कृति को संरक्षित रखने वाले नाथ संप्रदाय में आपकी विशेष आस्था है।



# शहरी बेरोजगारों व समूह को आत्मनिर्भर बनाएगा डूडा

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। शहरी बेरोजगारों व समूह से जुड़ी महिलाओं को जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके लिए बेरोजगारों व समूहों को ऋणपरक योजना का लाभ लेने के लिए 30 सितंबर तक डूडा कार्यालय में आवेदन करना होगा।

दीनदयाल अंत्योदय योजना के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद महराजगंज क्षेत्र में रहने वाले तथा स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक लोगों को दो लाख रुपये तक तथा समूह की महिलाओं को अधिकतम 10 लाख रुपये तक ब्याज सब्सिडी युक्त ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है। उद्देश्य है कि व्यक्तिगत ऋण योजना से जुड़कर जहां लाभार्थी स्वयं के व्यवसायिक दायरे को विकसित करें, वहीं समूह की महिलाएं भी अपने व्यापार को व्यापकता देते हुए अपने जीवन स्तर को सुधारने का कार्य करें। ऐसा कर जहां वे सशक्त होंगी वहीं दूसरों को भी प्रेरित कर सकेंगी। डूडा के परियोजना अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ल ने कहा कि मिशन रोजगार के तहत शहरी बेरोजगारों व समूह की महिलाओं के विकास को लेकर पहल प्रारंभ की गई है।

इच्छुक लोग 30 सितंबर तक अपना आवेदन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

### आवेदन के साथ जमा करने होंगे ये कागजात

ऋणपरक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकापी, दो फोटो, व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत करना होगा।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पूर्वांचल लोग पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय ग्राम - पिपरा तिवारी, पो0 सखवनिया, जिला कुशीनगर उ0प्र0 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 295 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है- पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिये गये हैं। **अध्यक्ष-** श्री हरिन्द किशोर तिवारी पुत्र श्री ब्रम्हदेव तिवारी ग्राम- पिपरा तिवारी, पो सखवनिया, जिला कुशीनगर उ0प्र0, **उपाध्यक्ष** - श्री शारदा प्रसाद जायसवाल पुत्र श्री रामवृक्ष ग्राम भैसही, कसया, जिला- कुशीनगर उ0प्र0, **महासचिव** - श्री अभिराम सिंह पुत्र श्री ओम प्रकाश ग्राम बड़गांव आंशिक, पडरौना, जिला कुशीनगर उ0प्र0, **कोषाध्यक्ष** - श्रीकान्त यादव पुत्र श्री इन्द्रजीत ग्राम बकरडेरा, कसया, जिला कुशीनगर उ0प्र0 है।

यदि किसी को पूर्वांचल लोग पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।




कार्यक्रम के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। संवाद



छावनी में कार्यक्रम स्थल के पास सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी। संवाद

# रक्षा मंत्री ने पंकज चौधरी का कद बढ़ाया

## उत्साहित लोगों ने खुब बजाईं तालियां, दर्शक दीर्घा में बैठी रहीं राज्य महिला आयोग की सदस्य

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। चौक बाजार में कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधन के दौरान 4:17 बजे सीएम योगी की तारीफ करते हुए अचानक केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का नाम लिया।

उन्होंने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि पंकज बेदाग छवि के नेता हैं। यही कारण है कि पीएम मोदी ने इन्हें अपने मंत्रिमंडल का हिस्सा बनाया।

उधर, कार्यक्रम के दौरान उत्साहित लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। सीएम योगी एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मंच पर पहुंचते ही लोगों ने खड़े होकर स्वागत किया। यही हाल संबोधन के दौरान भी रहा।

ज्यों ही सीएम ने बोलना शुरू किया तो पंडाल जयश्रीराम के नारों से गूंज उठा। खास बात यह रही कि सीएम ने संबोधन समाप्त करने के बाद जयहिंद बोलकर अपने स्थान पर बैठे।

कार्यक्रम के दौरान दर्शक दीर्घा में राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना चंद्रा एवं नेपाल के सांसद देवेंद्र राज कंडेल बैठे रहे। इनके अलावा पार्टी के अन्य कई नेता भी बैठे रहे।

### बैरिकेडिंग कर लोगों को रोका गया

कार्यक्रम स्थल के आसपास के घरों के पास सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग कर दिया गया था। जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके। वहीं खड़े होकर लोग सीएम एवं रक्षा मंत्री का संबोधन सुनते रहे।



चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनावरण करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। संवाद



सहभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। संवाद



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित। संवाद

# 'हिट है योगी का मल्टीपल रोल'

## फिल्म राम-श्याम का जिक्र कर रक्षामंत्री ने योगी को बताया मल्टी रोल वाला सीएम



महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते रक्षा मंत्री। संवाद

संजय कुमार पांडेय

महराजगंज। चौक बाजार में शुक्रवार को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा का अनवरण करने के उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने फिल्मों में डबल रोल का जिक्र किया तो पंडाल ठहाकों से गूंज उठा। राजनाथ ने अपने दौर की फिल्म राम और श्याम का जिक्र करते हुए कहा कि हमने तो बस फिल्मों में ही डबल रोल देखा है। असल जिंदगी में व्यक्तियों का डबल रोल नहीं देखा, लेकिन यहां सीएम योगी आदित्यनाथ का दो नहीं, बल्कि मल्टीपल रोल है। हर रोल में योगी फिट हैं।

उन्होंने कहा कि मंदिर में महंत, सदन में नेता और जनता के बीच जननायक बनकर जिस तरह योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की आवाम की जन भावनाओं पर खरा उतरकर दिखलाया है, वह अपने आप में बेमिशाल हैं। बिना थके, बिना रुके योगी लोककल्याण को अपनी शीर्ष प्राथमिकता मानकर लगातार काम कर रहे हैं। यूपी को अपराध और अपराधियों से मुक्त कराने में भी योगी का अलग अंदाज हैं। इसी अंदाज की देन है कि आज उत्तर प्रदेश में अपराधी योगी का नाम सुनते ही खौफ खाने लगता हैं। संवाद

### 'भविष्य के गर्भ में क्या है उसे संत देख लेते हैं'

रक्षामंत्री ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ ने राष्ट्रीयता, सामाजिक समरसता और समाज को जोड़ने का काम किया, योगी आदित्यनाथ उन्हीं के मार्ग पर चलते हुए इसे तेजी से बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य के गर्भ में क्या है उसे संत देख लेते है। महंत अवेद्यनाथ जी भी ऐसे ही थे। उन्होंने ऐसा उत्तराधिकारी चुना जो सनातन संस्कृति की रक्षा कर सके, सामाजिक समरसता का लक्ष्य प्राप्त कर सके और जरूरत पड़ने पर उत्तर प्रदेश का नेतृत्व भी कर सके। ये सारे कार्य योगी जी कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैंने बहुत प्रतिमाओं का अनावरण देखा। सामान्यतः उसके अनावरण में लोगों की बहुत ज्यादा रुचि नहीं होती लेकिन यहां जिस तरह लोग ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शांत चित्त से बैठे हैं, ये सनातन धर्म व संस्कृति के प्रति आस्था को दर्शाता है।

### 'हमारी एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता कोई'

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत कमजोर नहीं, बल्कि दुनिया का ताकतवर देश है। सेना को हमने हिदायत दे रखी है कि पहला आक्रमण हम नहीं करेंगे। यह हमारे देश का प्राचीन इतिहास भी रहा है, लेकिन किसी ने भी आक्रमण करने की पहल की तो सेना को किसी का इजाजत लेने की जरूरत नहीं है। आक्रमण करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। आज कोई भी हमारी एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता है।



चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। संवाद



चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के दौरान स्थानिय लोगों को रोकती पु

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। संवाद

# द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिले में 24 से 30 सितंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय पर वाहन को प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वहीं कार्यालय सभागार में गोष्ठी आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई।

यात्री कर अधिकारी मथुरा प्रसाद ने बताया कि सदर विधायक द्वारा नामित प्रतिनिधि अमरनाथ पटेल ने वाहन का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों को पालन करना जरूरी है। लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय

### गोष्ठी में सड़क सुरक्षा नियमों का पालने करने का तरीका बताया गया

संभागीय निरीक्षक संजय सिंह ने कहा कि अगर सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तो सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी अपने वाहन की जांच करने के बाद ही सड़क पर भेजें।

जिससे सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर बस- ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, आटो रिक्सा यूनियन के अध्यक्ष अनवर अली, कार्यालय के वरिष्ठ सहायक दिनेश तिवारी के

# 29 मिनट में 16 बार भाइयों एवं बहनों बोले रक्षामंत्री

## संबोधन में गोरक्षपीठ की महत्ता बताने के साथ विकास पर रहा फोकस, सभा में मौजूद लोगों से किया संवाद



प्रतिमा के अनावरण के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। संवाद

विवेक जायसवाल

महराजगंज। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय चौक बाजार में शुक्रवार को सभा में लोगों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोरखपीठ की महत्ता को रेखांकित किया। 29 मिनट के संबोधन में 16 बार भाइयों एवं बहनों बोलकर अपनत्व का भाव जताया। उन्होंने देश एवं समाज हित में नाथ संप्रदाय के योगदान पर चर्चा के साथ यूपी में हुए विकास कार्यों को गिनाया।

रक्षा मंत्री ने वर्ष 2014 से पहले की सरकार के कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जबसे देश का नेतृत्व पीएम मोदी कर रहे हैं, तबसे विश्व में भारत का मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं को प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ बेहतर ढंग से संचालित कर विकास की नई इबारत लिखे रहे हैं।

कोरोना काल में सीएम योगी ने बेहतर प्लानिंग से कार्य किया। आज देश में यूपी के विकास मॉडल का उदाहरण दिया जाता है। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से सीधा संवाद भी किया। सत्ता की शक्ति तो बहुत लोगों के पास होती है, लेकिन इच्छा शक्ति सीएम योगी के पास है। यूपी में गुंडों की 18 हजार 600 करोड़ की संपत्ति सरकार ने जब्त की है। महराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को भी गिनाया। महंत अवेद्यनाथ से अपने जुड़ाव को बताते हुए वर्ष 1971 में गोरखपुर में अपने पढ़ाई जीवन का जिक्र किया। उन्होंने 3:58 बजे संबोधन शुरू किया और 4:27 बजे समाप्त। संवाद

### अमन को मंच पर नहीं मिला बोलने का मौका



मंच पर बैठे नौतनवां के विधायक अमन मणि त्रिपाठी। संवाद

महराजगंज। चौक बाजार में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान नौतनवां के विधायक अमन मणि त्रिपाठी मंच पर पहुंचे तो सबसे पहले सुरक्षा कर्मी ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद जाने दिया। जिले की चार विधानसभा क्षेत्र के विधायकों ने सभा को संबोधित करने का मौका मिला, लेकिन नौतनवां के विधायक को बोलने का मौका नहीं मिला। संवाद

# छत पर खड़े होकर लोगों ने देखा कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

चौक बाजार। लोगों ने कार्यक्रम के दौरान छत पर खड़े होकर सीएम एवं रक्षा मंत्री के संबोधन को सुना। इसके अलावा जगह-जगह गलियों में खड़े होकर भी लोग भाषण सुन रहे थे।

उधर, महंत अवेद्यनाथ की सातवीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री की चौक छावनी पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें नगर पंचायत के प्रत्येक घरों से एक सदस्य को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर स्वयं मुख्यमंत्री



चौक बाजार में महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा के अनावरण के दौरान


तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय
दिल्ली रोड, मुरादाबाद-244001

डी.एल.एड.(बी.टी.सी.) प्रशिक्षण 2021

22 से 30 सितम्बर, 2021 तक, वेबसाइट updeled.gov.in पर चलने वाली विकल्प भरने की प्रक्रिया में मुरादाबाद स्थित निम्न अल्पसंख्यक संस्थानों को प्रथम वरीयता देकर प्रवेश सुनिश्चित करायें-

| COLLEGE NAME | CODE |
|---|---|
| Teerthanker Mahaveer Institute of Mgmt. & Tech. | 120008 |
| Teerthanker Aadinath College of Education | 120010 |
| Teerthanker Kunthnath College of Education | 120013 |
| S.B.L. Memorial College | 120014 |
| Shri Prem Prakash Memorial College | 120016 |

प्रशिक्षण के साथ ही सी-टैट, टैट, सुपर-टैट तथा शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी भी कराई जाती है, जिसके कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का चयन सरकारी अध्यापक भर्तियों में होता रहा है।

सीधे प्रवेश हेतु सम्पर्क करें :

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

# 10 चौकी प्रभारियों समेत 42 दरोगा बदले

बस्ती | निज संवाददाता

## पुलिस विभाग

- एसपी व जनपदीय स्थापना बोर्ड ने स्थानांतरण की जारी की सूची
- लंबे समय से एक ही थाने पर जमे दरोगा भी लिस्ट में शामिल

एसपी आशीष श्रीवास्तव व पुलिस स्थापना बोर्ड ने दस चौकी प्रभारियों समेत 42 उपनिरीक्षकों का तबादला कर दिया है। इनमें लंबे समय से एक ही थाने पर जमे कई उप निरीक्षक इधर से उधर किए गए हैं। गांधीनगर, रौता चौराहा, दक्षिण दरवाजा, विक्रमजोत, गनेशपुर, मेडिकल कॉलेज रामपुर, रखौना, लालगंज, फुटहिया और टांडा खुर्द चौकी के इंचार्ज बदल दिए गए हैं।

पुलिस कार्यालय से जारी सूची के अनुसार प्रभारी चौकी गांधीनगर एसआई दिनेश चंद्र मिश्रा को प्रभारी चौकी रखौना थाना लालगंज, एसआई अजय कुमार सिंह प्रभारी चौकी रौता से एसएसआई परसरामपुर, एसआई प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी चौकी गणेशपुर से प्रभारी चौकी रौता चौराहा, एसआई रविंद्र नाथ शर्मा प्रभारी चौकी मेडिकल कॉलेज मुंडेरवा से थाना दुबौलिया, ओम प्रकाश मिश्रा प्रभारी चौकी रखौना से प्रभारी चौकी गणेशपुर, विनय प्रताप सिंह प्रभारी चौकी लालगंज से प्रभारी चौकी मेडिकल कॉलेज थाना मुंडेरवा, रामदेव फुटहिया चौकी प्रभारी से थाना सोनहा, मनीष कुमार जायसवाल प्रभारी चौकी विक्रमजोत से प्रभारी चौकी गांधीनगर कोतवाली, राकेश कुमार प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा से थाना सोनहा और एसआई सुनील कुमार सिंह प्रभारी चौकी टांडा खुर्द थाना कलवारी से थाना रुधौली भेजे गए हैं। एसआई राजनाथ प्रसाद कोतवाली से छावनी, महिला उपनिरीक्षक अनीता यादव कोतवाली से हर्रैया, एसआई वीरेंद्र कुमार कोतवाली से छावनी, एसआई ऋषि देव प्रसाद पुरानी बस्ती से छावनी, दिनेश त्रिपाठी पुरानी बस्ती से पैकोलिया, एसआई पूजा पासवान वाल्टरगंज से दुबौलिया, एसआई दिलीप सोनी वाल्टरगंज से थाना हर्रैया, एसआई जीउत प्रसाद मौर्य वाल्टरगंज से रुधौली, मीना सिंह को महिला थाना से प्रभारी रिपोर्टिंग चौकी हर्रैया, एसआई अवधेश यादव रुधौली न्यायालय सुरक्षा से थाना दुबौलिया भेज गए हैं।

एसआई वीरेंद्र यादव कलवारी से छावनी, एसआई लल्लन यादव कप्तानगंज से लालगंज, एसआई राजीव सिंह कप्तानगंज से प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती, एसआई सुधीर कुमार यादव दुबौलिया से थाना पुरानी बस्ती भेजा गया है। एसआई जयनाथ प्रसाद दुबौलिया से थाना मुंडेरवा, एसआई राघवेंद्र प्रताप सिंह दुबौलिया से कोतवाली, एसआई जयकिशन दुबौलिया से पुरानी बस्ती, एसएसआई नगर थाना संतोष कुमार सिंह को थाना रुधौली, नंदलाल सरोज थाना नगर से कोतवाली, एसआई विजय कुमार थाना नगर से वाल्टरगंज, सूर्यभान यादव थाना नगर से लालगंज, आशुतोष कुमार हर्रैया से प्रभारी चौकी लालगंज, अरविंद यादव परसरामपुर से कोतवाली, एसआई सिराज वारसी छावनी से थाना नगर, एसआई अमित कुमार सिंह गौर से थाना नगर, शंकर शरण पांडेय मुंडेरवा से थाना दुबौलिया, विजय कुमार गौतम सोनहा से थाना लालगंज, जितेंद्र कुमार द्विवेदी दुबौलिया से थाना पैकोलिया, सुभाष यादव थाना नगर से छावनी, रामवशिष्ठ छावनी से थाना कलवारी, शंभू राम छावनी से थाना सोनहा और राजेश दुबे को पैकोलिया से रुधौली भेजा गया है।

# दो वांछित पशु तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

घघौवा | हिन्दुस्तान संवाद

छावनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह पचवस-सरसंडा गांव संपर्क मार्ग पर गश्त के दौरान छावनी पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को असलहा के साथ गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान रामचरण यादव पुत्र बाबूराम निवासी दर्जी का बगिया थाना महाराजगंज और सोनी यादव उर्फ सिकंदर यादव पुत्र चंद्रिका यादव निवासी ओसिया थाना पुरा कलंदर अयोध्या के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुई। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि दो दिन से छावनी थाना क्षेत्र के गांव में घूम कर पशु चुराने की योजना बना रहे थे। दो माह पूर्व थानाक्षेत्र मे बालानाला गांव में पशुपालकों की तीन भैंस चुरा कर पिकअप लेकर जाते समय पुलिस की छापामारी में दोनों मौके से फरार हो गए थे। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। आरोपियों को पकड़ने में एसएसआई श्याम मोहन त्रिपाठी चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल का मुख्य भूमिका रही।

# घर से निकले बच्चों को पुलिस ने पहुंचाया घर

**बस्ती।** पुलिस की मदद से नाराज होकर से निकलने के बाद भटके दो बालकों को पुलिस ने घर पहुंचाया। पुलिस कार्यालय के अनुसार कॉलर सौरभ पाण्डेय ने डायल-112 पर सूचना दी कि बड़हरा खुर्द में दो बच्चे मिले है। इस सूचना पर पीआरवी सात मिनट में मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों से बातचीत की।

# जिलाबदर समेत आठ पर कार्रवाई

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने जिलाबदर की सजा का उल्लंघन करने के आरोप में मरवटिया निवासी अरूण मौर्या को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 10 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। परसरामपुर पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी एक बाल अपचारी को कोर्ट भेजा। कलवारी पुलिस ने प्रदीप तिवारी निवासी विचऊपुर थाना कलवारी को गुंडा एक्ट में पाबंद किया गया है। कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ आर्म्स एक्ट और छावनी, परसरामपुर व पैकोलिया थानों में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# धोखाधड़ी कर रकम हड़पने का मुकदमा

**बस्ती :** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के मंगल बाजार निवासी विनोद कुमार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 जून 2018 को उनकी दुकान विनोद इंटर प्राईजेज से आरोपित विमल मिश्रा ने 66,250 रुपये का बिजली का सामान खरीदा था। बदले में 66,250 रुपये का चेक दिया। उन्होंने चेक को जब अपने खाते में जमा किया तो चेक बाउंस हो गया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी व रकम हड़पने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

# दो इनामी पशु तस्कर तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, विक्रमजोत:** छावनी पुलिस ने दो इनामी अंतर जनपदीय पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी पर एसपी की ओर से 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उनके पास से एक तमंचा व दो कारतूस भी बरामद किया गया है।

थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव और उनकी टीम ने छावनी थाने पर दर्ज मुकदमें में वांछित सोनी यादव उर्फ सिकंदर चैसिंह थाना पूरा कलन्दर जनपद अयोध्या और रामचरन यादव निवासी दर्जी की बगिया (मड़ना) थाना महराजगंज जनपद अयोध्या को शुक्रवार की सुबह 5.50 बजे पुलिस ने पचवस -सरसंडा गांव के संपर्क मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। सोनी यादव उर्फ सिकंदर के पास से एक अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ। ऐसे में उसके विरुद्ध छावनी थाने में आर्म्स एक्ट का भी मुकदमा दर्ज किया गया।

## कार्रवाई

- एसपी ने दोनों की गिरफ्तारी पर 15-15 हजार रुपये का घोषित किया था इनाम
- सोनी पर अयोध्या और बस्ती जिले में कुल छह आपराधिक मुकदमे दर्ज

एसओ ने बताया कि सोनी यादव उर्फ सिकंदर पर अयोध्या और बस्ती जनपद में कुल छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं रामचरन पर थाना छावनी बस्ती तथा थाना महराजगंज जनपद अयोध्या में एक एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है। दोनों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ के अलावा वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्याम मोहन त्रिपाठी, पवन कुमार मौर्य, चौकी प्रभारी विक्रमजोत मनीष जायसवाल,सिपाही शिवकेश सिंह, विनय तिवारी, आनंद राय, इंद्रजीत पासवान शामिल रहे।

# आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा

**बस्ती:** कोतवाली थाना क्षेत्र के डिलिया ग्राम पंचायत के कार्ड धारकों से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत मिलने वाले राशन के लिए ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर 28.56 क्विंटल गेहूं व 19.04 क्विंटल चावल का वितरण न करना कोटेदार को महंगा पड़ गया।

# अयोध्या से भटक कर हर्रैया पहुंचे दो बालक

**बस्ती:** नया घाट अयोध्या स्थित अपने घर से नाराज होकर दो बालक हर्रैया थाने के बड़हर खुर्द गांव पहुंचे। कालर सौरभ पांड्येय ने डायल-112 पर इसकी सूचना दी। पीआरवी की टीम ने सात मिनट में मौके पर पहुंच कर दोनो को अपने संरक्षण में लेकर पूछताछ की। 12 व 13 वर्ष के इन बालकों ने बताया कि उनका घर घाट अयोध्या में है। वह अपने घर से 20 सितंबर को ही निकले थे। भटकते हुए शुक्रवार को बड़हर खुर्द पहुंच गए। डायल 112 के सिपाहियों ने परिवार के लोगों से संपर्क कर उन्हें बुलाया और बालको को सिपुर्द कर दिया गया।

# 10 चौकी इंचार्ज समेत 43 उप निरीक्षकों का तबादला

**फेरबदल**

- गांधीनगर, रौता चौराहा, गनेशपुर के चौकी प्रभारी बदले
- तीन महिला उप निरीक्षकों के भी कार्यक्षेत्र बदले गए

**जागरण संवाददाता,बस्ती:** जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड ने 10 चौकी प्रभारियों समेत 43 उपनिरीक्षकों को स्थानांतरित कर दिया है। इसमें तीन महिला उप निरीक्षक भी शामिल हैं। शहर के गांधीनगर,रौता चौराहा,गनेशपुर के चौकी प्रभारी बदल दिए गए हैं।

गांधीनगर चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्रा को प्रभारी लालगंज चौकी, रौता चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक परशुरामपुर के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उप निरीक्षक राजनाथ प्रसाद को कोतवाली से छावनी, महिला उपनिरीक्षक अनीता यादव को कोतवाली से हरैया, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार को कोतवाली से छावनी, उपनिरीक्षक ऋषि देव प्रसाद को पुरानी बस्ती से छावनी, उप निरीक्षक दिनेश त्रिपाठी को पुरानी बस्ती से पैकोलिया भेजा गया है। इसी प्रकार महिला उपनिरीक्षक पूजा पासवान को वाल्टरगंज से दुबौलिया, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी चौकी गणेशपुर को प्रभारी चौकी रौता चौराहा, उप निरीक्षक दिलीप कुमार सोनी को वाल्टरगंज से थाना हरैया, उपनिरीक्षक जीउत प्रसाद मौर्य को वाल्टरगंज से रुधौली, महिला उप निरीक्षक मीना सिंह को महिला थाना से प्रभारी रिपोर्टिंग चौकी हरैया, अवधेश यादव को न्यायालय सुरक्षा रुधौली से थाना दुबौलिया भेजा गया है।

रविंद्रनाथ शर्मा प्रभारी चौकी मेडिकल कॉलेज मुंडेरवा से दुबौलिया, ओमप्रकाश मिश्रा प्रभारी चौकी रुखौना से प्रभारी चौकी गणेशपुर, विनयप्रताप सिंह प्रभारी चौकी लालगंज से प्रभारी चौकी मेडिकल कालेज थाना मुंडेरवा, वीरेंद्र यादव को कलवारी से छावनी, लल्लन यादव को कप्तानगंज से लालगंज, राजीव सिंह को कप्तानगंज से प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा पर नई तैनाती दी गई है। सुधीर कुमार यादव को दुबौलिया से पुरानी बस्ती,



मुंडेरवा, राघवेंद्र प्रताप सिंह को दुबौलिया से कोतवाली, उपनिरीक्षक जयकिशन को दुबौलिया से पुरानी बस्ती, एसएसआइ संतोष कुमार सिंह को थाना नगर से रुधौली, नंदलाल सरोज को थाना नगर से कोतवाली, रामदेव को फुटहिया चौकी प्रभारी से थाना सोनहा, विजय कुमार को थाना नगर से वाल्टरगंज, सूर्यभान यादव को थाना नगर से लालगंज, आशुतोष कुमार को हरैया से प्रभारी चौकी लालगंज, अरविंद कुमार यादव को परशुरामपुर से कोतवाली, मनीष कुमार जायसवाल को प्रभारी चौकी विक्रमजोत से प्रभारी चौकी गांधी नगर, उपनिरीक्षक सिराज वारसी को छावनी से थाना नगर, उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह को गौर से थाना नगर, राकेश कुमार प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा को थाना सोनहा, शंकर शरण पांडेय को मुंडेरवा से थाना दुबौलिया, विजय कुमार गौतम को सोनहा से लालगंज, सुनील कुमार सिंह को प्रभारी चौकी टांडा खुर्द से थाना रुधौली, जितेंद्र कुमार द्विवेदी को दुबौलिया से थाना पैकोलिया, सुरेश यादव को दुबौलिया से प्रभारी चौकी टांडा खुर्द, सुभाष यादव को थाना नगर से छावनी, राम वशिष्ठ को छावनी से थाना कलवारी, शंभू राम को छावनी से थाना सोनहा, राजेश कुमार दुबे को पैकोलिया से

# सीओ ने किया सोनहा थाने का निरीक्षण

**सोनहा।** पुलिस क्षेत्राधिकारी रुधौली धनंजय सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को सोनहा थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, थाना परिसर, आकस्मिक निरीक्षण रजिस्टर, मालखाना, प्रभारी निरीक्षक कार्यालय, बन्दीगृह आदि का निरीक्षण करते हुए प्रभारी निरीक्षक सोनहा रामकृष्ण मिश्र को निर्देश दिया। जिसमें थाना परिसर के साफ सफाई कराने को कहा। प्रशासनिक भवन का जीर्णोद्धार सुन्दरीकरण हुआ तो भवन की बेहतर साफ सफाई कराते रहें। इस अवसर वरिष्ठ उपनिरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी , एखलाक अहमद , संजय कुमार, दीवान विनय कुमार सिंह, मुन्शी सुनील कुमार, कम्प्यूटर इस्तखार आदि लोग मौजूद रहे। संवाद

# गांधी जयंती पर होगी पैदल चाल प्रतियोगिता

**बस्ती।** महात्मा गांधी जयंती पर दो अक्तूबर को तमाम आयोजनों को लेकर प्रशासन कमर कस चुका है। सभी विभागाध्यक्षों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समय सारणी भेजी जा रही है। दो को स्टेडियम में पैदल चाल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। आर एस ओ संजय शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता सुबह नौ बजे से स्टेडियम में होगी।

## सामान्य लोग भी ले सकते हैं हिस्सा

इसमें बालक वर्ग में पांच किलोमीटर व बालिका वर्ग में तीन किलोमीटर की पैदल चाल प्रतियोगिता होगी। खिलाड़ियों के अलावा इसमें सामान्य लोग भी हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया जाएगा। हालांकि इसी दिन प्रतियोगिता से पहले सुबह छह बजे से फिट इंडिया प्लागिंग दौड़ (दौड़ के दौरान रास्ते पर पड़ा कूड़ा भी उठाना) का आयोजन किया जाएगा।

यह दौड़ स्टेडियम के गेट संख्या एक से शुरू होकर शास्त्री चौक, कंपनीबाग, तहसील व कलेक्ट्रेट होते हुए गेट नंबर एक पर आकर समाप्त होगी। इसमें किसी भी आयु की महिला, पुरुष प्रतिभाग कर सकते हैं। आरएसओ ने बताया कि दो अक्तूबर के कार्यक्रम के लिए

# मारपीट व धमकाने में प्रधान समेत 20 पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## लालगंज, मुंडेरवा व कप्तानगंज थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

**बस्ती।** लालगंज, मुंडेरवा व कप्तानगंज थाने की पुलिस ने मारपीट व अन्य धाराओं में 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने के पगार खास निवासी बाबूराम का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान दिव्या यादव, जितेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार व वर्तमान प्रधान जानकी देवी ने जान से मारने की धमकी दी।

कप्तानगंज क्षेत्र की रहने वाली महिला का आरोप है कि वाल्टरगंज क्षेत्र के बब्बन यादव व रामसगुन यादव 19 सितंबर को पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस गए। उनकी एक बेटी को उठाकर पटक दिया और छोटी बेटी को उठा कर ले जाने की कोशिश की। विरोध करने पर उन्हें मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। मुंडेरवा थाने के ससना खंता निवासी अरविंद कुमार तिवारी का आरोप है कि गांव के संजय तिवारी, सुमित, सौरभ व सचिन ने अपने खेत में अरवी का पेड़ लगाने की बात को लेकर उन्हें व उनकी मां को मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। इसी थाने के ओड़वारा निवासी इबारत अली का आरोप है कि गांव के किस्मत अली, बरकत अली, चांद व साबीरा खातुन ने पुस्तैनी जमीन में हिस्सेदारी मांगने पर मारपीट की। अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धमकाया। पुलिस ने सभी घटनाओं में तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पशु तस्करी में दो वांछित गिरफ्तार

**विक्रमजोत।** छावनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह पचवस-सरसंडा गांव संपर्क मार्ग से तस्करी में दो वांछितों को छावनी पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उनकी पहचान रामचरन यादव निवासी दर्जी का बगिया थाना महाराजगंज व सोनी यादव उर्फ सिकंदर यादव निवासी ओसिया थाना पुरा कलंदर जनपद अयोध्या के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से 12 बोर का एक अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों दो दिनों से थाना क्षेत्र के गांव में घूम कर पशु चुराने की योजना बना रहे थे। दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के बालानाला गांव में पशुपालकों की तीन भैंस चुरा कर पिकअप पर लौटते समय पुलिस की कार्रवाई में यह दोनों अभियुक्त बचकर भाग निकले थे। जबकि भैंस और पिकअप वाहन सहित दो बदमाश गिरफ्तार किया गया थे। संवाद

# जिला बदर समेत आठ आरोपितों पर कार्रवाई

**बस्ती।** अलग-अलग थानों की पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस कार्यालय के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने जिलाबदर की सजा का उल्लंघन करने के आरोप में इसी थाने के मरवटिया निवासी अरूण मौर्या को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 10 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। परसरामपुर पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा। कलवारी पुलिस ने प्रदीप निवासी विचऊपुर (कलवारी मुस्तहकम) थाना कलवारी को गुंडा एक्ट में पाबंद किया गया है। कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ आर्म्स एक्ट और छावनी, परसरामपुर व पैकोलिया थानों में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# चौकी इंचार्ज समेत 42 उप निरीक्षक इधर से उधर

## जनपदीय स्थापना बोर्ड की तरफ से किया गया तबादला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पुलिस स्थापना बोर्ड के माध्यम से एसपी आशीष श्रीवास्तव ने 42 उपनिरीक्षकों का तबादला कर दिया है। इनमें लंबे समय से एक ही थाने पर जमे कई उप निरीक्षक इधर से उधर किए गए हैं। साथ ही कोतवाली के गांधीनगर, रौता, पुरानी बस्ती के दक्षिण दरवाजा, लालगंज के चौकी लालगंज व रखौना के अलावा छावनी थाने के विक्रमजोत चौकी के प्रभारी भी बदल दिए गए हैं।

एसआई दिनेश चंद्र मिश्रा प्रभारी चौकी गांधीनगर से प्रभारी चौकी लालगंज, उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह प्रभारी चौकी रौता से वरिष्ठ उपनिरीक्षक परशुरामपुर, उपनिरीक्षक राजनाथ प्रसाद कोतवाली से छावनी, महिला उपनिरीक्षक अनीता यादव कोतवाली से हरैया, उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार कोतवाली से छावनी, उपनिरीक्षक ऋषि देव प्रसाद पुरानी बस्ती से छावनी, उप निरीक्षक दिनेश त्रिपाठी पुरानी बस्ती से पैकोलिया भेजा गया है। इसी प्रकार महिला उपनिरीक्षक पूजा पासवान वाल्टरगंज से दुबौलिया, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी चौकी गणेशपुर से प्रभारी चौकी

### गांधीनगर, रौता चौराहा और दक्षिण दरवाजा चौकी के इंचार्ज भी बदले

रौता चौराहा, उप निरीक्षक दिलीप कुमार सोनी वाल्टरगंज से थाना हरैया, उपनिरीक्षक जीउत प्रसाद मौर्य वाल्टरगंज से रुधौली, मीना सिंह महिला थाना से प्रभारी रिपोर्टिंग चौकी हरैया तबादला किया गया है। वहीं एसआइ अवधेश यादव रुधौली न्यायालय सुरक्षा से थाना दुबौलिया, रविंद्र नाथ शर्मा प्रभारी चौकी मेडिकल कॉलेज मुंडेरवा से दुबौलिया, ओम प्रकाश मिश्रा प्रभारी चौकी रखौना से प्रभारी चौकी गणेशपुर, विनय प्रताप सिंह प्रभारी चौकी लालगंज से प्रभारी चौकी मेडिकल कॉलेज थाना मुंडेरवा, उप निरीक्षक वीरेंद्र यादव कलवारी से छावनी, उपनिरीक्षक लल्लन यादव कप्तानगंज से लालगंज, उप निरीक्षक राजीव सिंह कप्तानगंज से प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा थाना पुरानी बस्ती, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार यादव दुबौलिया से थाना पुरानी बस्ती, उप निरीक्षक जय नाथ प्रसाद दुबौलिया से थाना मुंडेरवा, उप निरीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह दुबौलिया से कोतवाली, उपनिरीक्षक जयकिशन दुबौलिया से पुरानी बस्ती, संतोष कुमार सिंह एसएसआई थाना नगर से रुधौली, नंदलाल सरोज थाना नगर से कोतवाली, रामदेव फुटहिया चौकी प्रभारी से थाना सोनहा, विजय कुमार थाना नगर से वाल्टरगंज, सूर्यभान यादव थाना नगर से लालगंज, आशुतोष कुमार हरैया से प्रभारी चौकी लालगंज, अरविंद कुमार यादव परशुरामपुर से कोतवाली, मनीष कुमार जायसवाल प्रभारी चौकी विक्रमजोत से प्रभारी चौकी गांधी नगर कोतवाली, उपनिरीक्षक सिराज वारसी छावनी से थाना नगर, उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह गौर से थाना नगर, राकेश कुमार प्रभारी चौकी दक्षिण दरवाजा से थाना सोनहा, शंकर शरण पांडेय मुंडेरवा से थाना दुबौलिया, विजय कुमार गौतम सोनहा से थाना लालगंज, सुनील कुमार सिंह प्रभारी चौकी टांडा खुर्द थाना कलवारी से थाना रुधौली, जितेंद्र कुमार द्विवेदी दुबौलिया से थाना पैकोलिया, सुरेश यादव दुबौलिया से प्रभारी चौकी टांडा खुर्द, सुभाष यादव थाना नगर से छावनी, राम वशिष्ठ छावनी से थाना कलवारी, शंभू राम छावनी से थाना सोनहा, राजेश कुमार दुबे पैकोलिया से थाना रुधौली भेजा गया है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

**एसपी ने दिया निर्देश**

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों का तैयार करें डोजियर





विवेचकों के साथ बैठक करते एएसपी, चिल्हिया थाने का वार्षिक निरीक्षण करते एएसपी। फोटो : एसएनबी

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। शोहरतगढ़ सर्किल के विवेचकों के साथ लंबित मामलो की विवेचना करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने अफीम, चरस, गांजा व स्मैक की जैसे मादक पदार्थो की तस्करी करने वालो का डोजियर तैयार करने का निर्देश दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिया कि मादक पदार्थो के तस्करी में संलिप्त अपराधियो को डोजियर तैयार करने के साथ हो उनके पूर्व के मुकदमे के आधार पर सजा कराये तथा सक्रिय अभियुक्तो की लिस्ट लेकर उनके हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखें। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपराधियों के संभावित आवागमन वाले मार्गो पर अधिकाधिक सीसी टीवी कैमरा लगवाएं। विवेचकों के साथ बैठक करने के उपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना चिल्हिया का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक भवन,

**शोहरतगढ़ सर्किल के विवेचकों के साथ एएसपी ने बैठक कर 30 सितंबर तक लंबित मामलो को निस्तारित करने का दिया निर्देश**

**चिल्हिया थाना का किया निरीक्षण क्षेत्र के सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से किया संवाद**

आवासीय परिसर, भोजनालय थाना परिसर की जल निकासी व साफ-सफाई व्यवस्था को देखा। भोजनालय में नया डाइनिंग हाल बनवाने के औचित्य पूर्ण प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए । पुराने जर्जर निष्प्रयोज्य भवनों को नियमानुसार डिस्मेंटल की कार्यवाही तत्काल पूर्ण करने का निर्देश देने के साथ ही नवनिर्मित महिला हस्टल, पुरुष बैरक्स को अगले माह तक प्रारंभ कराए जाने का निर्देश दिया। सभी रजिस्टर की प्रविष्टियां पूर्ण करके नवीन बाइंडिंग कराए जाने के निर्देश दिए गए स समस्त ग्राम अपराध रजिस्टर में उल्लेखित अपराधियों को गांव में ही जाकर सत्यापित किए जाने के निर्देश दिए गए। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को 24 घंटे में तथा आइजीआरएस व अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का 1 सप्ताह में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिया। इस दौरान थाना क्षेत्र में निवास करने वाले 5 सेवानिवृत पुलिसकर्मियों से भी अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा वार्ता किया गया।

# पूरे हो चुके कार्यों का लोकार्पण व स्वीकृत का कराएं शिलान्यास

सिद्धार्थनगर | निज संवाददाता

**बोले सांसद**

- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में बोले जगदंबिका पाल
- विभागों के कार्यो की समीक्षा कर समय से काम पूरा कराने का दिया निर्देश




लोहिया कला भवन में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। • हिन्दुस्तान

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में सांसद जगदंहिबका पाल ने कार्यदायी संस्थाओं व अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण कराने व स्वीकृत कार्यो का शिलान्यास कराएं। डीएम को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा बनाई गई सड़कों को हैंडओवर कराने व उसकी मरम्मत कराने का निर्देश दिया।

लोहिया कलाभवन में आयोजित बैठक में उन्होंने व स्वास्थ मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रम में सभी सड़कों को शीघ्र गड्ढा मुक्त कराने की कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज डॉ. सलिल श्रीवास्तव को जिला अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने व डाक्टरो की समय से उपस्थित का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जहां पर डॉक्टर तैनात नहीं हैं वहां पर तैनाती की जाए। सांसद ने सभी तहसीलो/विकास खंडों में कैंप लगाकर श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन कराने व पंपलेट छपवाकर शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अधीक्षण अभियंताा विद्युत को जनपद में विद्युत के जर्जर/ढीले तारों को ठीक कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय भू-अभिलेखो का आधुनिकीकरण कार्यक्रम, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना सहित 30 बिन्दुओ की समीक्षा की गई। इसके अलावा ग्राम्य अभियंत्रण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत मार्गो की प्रगति, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाएं राष्ट्रीय सामाजिक सहायकता सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं शहरी की समीक्षा की गई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालायों की प्रगति की समीक्षा की गई। जनपद में पाइप पेयजल योजना के तहत चल रही सभी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी, सांसद राज्यसभा बृजलाल, अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, डीएम दीपक मीणा, एसपी यशवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## एडिशनल एसपी ने जर्जर भवनों के डिस्मेंटल की कार्यवाही तत्काल पूरी कराने के निर्देश दिए

# हॉस्टल व पुरुष बैरक्स अगले माह चालू करें

सिद्धार्थनगर | निज संवाददाता

एडिशनल एसपी सुरेश चंद्र रावत ने शुक्रवार को चिल्हिया थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक भवन, आवासीय परिसर, भोजनालय, जलनिकासी व साफ-सफाई का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवनिर्मित महिला हॉस्टल व पुरूष बैरक्स हर हाल में अगले माह तक प्रारंभ कर दिए जाएं।

निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी ने पुराने थाने के पुराने जर्जर निशप्रयोज भवनों को को नियमानुसार डिस्मेंटल की कार्यवाही तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समस्त रजिस्टर को चेक करत हुए कहा कि रजिस्टर की प्रविष्टियां पूर्ण करके नवीन बाइंडिंग कराई जाए। अपराध रजिस्टर में उल्लेखित अपराधियों को गांव में ही जाकर सत्यापित किया जाए। इसके अलावा महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को 24 घंटे में व आइजीआरएस वह अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को 1 सप्ताह में गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करें। इस दौरान थाना क्षेत्र में निवास करने वाले 5 सेवानिवृत पुलिसकर्मियों से संवाद भी किया।

इसके बाद थाना शोहरतगढ़,



एडिशनल एसपी ने चिल्हिया थाने का किया वार्षिक निरीक्षण। • हिन्दुस्तान

### निरीक्षण

- भोजनालय, जलनिकासी, साफ-सफाई का किया अवलोकन
- अपराध रजिस्टर में उल्लिखित अपराधियों को गांव में ही जाकर सत्यापित किया जाए

### लंबित प्रकरणों को 30 तक करें निस्तारित

लंबित प्रकरणों की विवेचना को 30 सितंबर तक निस्तारित किए जाने के निर्देश देते हुए एडिशनल एसपी ने कहा कि अफीम, चरस, गांजा, हीरोइन आदि मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों का डोजियर तैयार करके पूर्व के मुकदमों के आधार पर उनको सजा कराएं। एक्टिव लिस्ट पर लेकर उनकी गतिविधियों की निगरानी रखें। थाना क्षेत्रों में अपराधियों के संभावित आवागमन वाले मार्गो पर अधिकाधिक सीसीटीवी कैमरा लगवाएं।

चिल्हिया, ढेबरूआ व कठेला के थाने के विवेचको के विवेचनाओं क समीक्षा की गई।

---

### संदिग्ध युवक पुलिस के हवाले

**बढ़नी।** बढ़नी पुलिस चौकी क्षेत्र के मधवानगर गांव में गुरुवार रात एक संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि युवक गांव के एक घर में घुसने का प्रयास कर रहा था।

मधवानगर निवासी विनोद पांडेय का गांव के बाहर नया मकान बना हुआ है। गुरुवार रात वह घर के बरामदे में सोए हुए थे। करीब10 बजे एक संदिग्ध युवक उनके घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान ग्रामीणों ने देख लिया। शोर मचाने पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने उसे दबोच लिया। लोगों ने इसकी सूचना बढ़नी पुलिस चौकी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस चौकी पर ले जाकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम मुकेश निवासी बहराइच बताया। चौकी इंचार्ज विक्रम अजीत राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक अर्धविक्षिप्त लग रहा है। जांच की जा रही है।

---

## जमानत के बाद भी हरकत करना पड़ सकता है भारी

भड़रिया बाजार | हिन्दुस्तान संवाद

दुष्कर्म, छेड़खानी सहित महिलाओं के साथ अन्य अपराध करने वाले अपराधियों की मुश्किल बढ़ सकती हैं। जमानत पर जेल से छूटने पर भी अगर वह अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे तो पुलिस उनकी खबर लेगी।

डुमरियागंज थाने के प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत सरकार पिछले तीन साल के दौरान उन अपराधियों का ब्योरा जुटा रही है जो जमानत पर छूटे हैं। यह देखा जा रहा है कि जमानत पर छूटने के बाद समाज में उनका चाल-चलन कैसा है। इसके अलावा यह भी देखा जाएगा कि जेल से बाहर आने के बाद उनका बर्ताव पीड़िता के साथ कैसा है। मिशन शक्ति के तहत संबंधित बीट में नियुक्त की गई महिला पुलिस कर्मी पीड़ित महिला से अपराधी के बाबत फीडबैक लेंगी। जेल से छूटने के बाद मुकदमा में सुलह करने की धमकी दे रहा है या फिर किसी अन्य तरह से प्रताड़ित कर रहा है तो इसकी सूचना रजिस्टर में दर्ज कर जांच की जाएगी। आरोप सच साबित हुए तो आरोपी को खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शिकंजा

- मिशन शक्ति के तहत पुलिस जुटा रही आरोपियों का ब्योरा
- केस सुलह करने की धमकी या फब्तियां कसने पर कार्रवाई

छेड़खानी, दुष्कर्म आदि के मामले में जमानत पर छूटने के बाद गांव में आकर पीड़िता पर फब्तियां कसने व पीड़ित परिवार को मुकदमे में सुलह के लिए धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा है कि पीड़िता व उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। इसी मकसद से यह पहल की जा रही है।

अजय कुमार श्रीवास्तव
सीओ, डुमरियागंज

---

## सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

**भारतभारी** : तीन युगों के साक्षी भारतभारी धाम की निगरानी अब सीसीटीवी कैमरे की मदद से होगी। शुक्रवार को प्रशासन ने यहां सीसीटीवी कैमरा लगवाने की कवायद प्रारंभ की है। बता दें कि यहां कार्तिक पूर्णिमा पर विशाल मेले का आयोजन होता है जिसे दूर- दूर से लोग आते हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी मात्रा में फोर्स तैनात करनी पड़ती है। मंदिर परिसर में कैमरा लग जाने से सुरक्षा के इंतजाम और पुख्ता हो जाएंगे, और निगरानी में सहूलियत मिलेगी।



# पीड़ितों की तहरीर पर करें त्वरित कार्रवाई

**जासं,चिल्हियां,शोहरतगढ़ :** अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने गुरुवार को देर शाम थाना चिल्हिया का वार्षिक निरीक्षण किया। पीड़ितों की तहरीर पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी कीमत पर शिकायत थाने से उपर नहीं जानी चाहिए। थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात, महिला हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण किया। थाना परिसर में साफ- सफाई का अवलोकन कर संतुष्टी व्यक्त किया। थानाध्यक्ष यशवन्त सिंह से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों व आइजीआरएस और अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी प्रर्थाना पत्र मिले उसे गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई जरूर करें। लपरवाही करने पर आवश्यक कार्रवाई होगी। कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस क्षेत्र में हमेशा भ्रमणशील रहे। अपराध के ग्राफ को भी देखा। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने, हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। इसके पश्चात शोहरतगढ़ सर्किल के थाना शोहरतगढ़, ढेबरूआ व कठेला के विवेचको अधिकारियों से विवेचनाओं की समीक्षा किया।



थाना चिल्हिया का निरीक्षण करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत ● जागरण

## रास्ते के विवाद में दो का चालान

**जासं, बर्डपुर, सिद्धार्थनगर :** कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के मटियारिया निवासी मोहम्मद अली व मुबारक अली ने जिलाधिकारी शिकायत पत्र दिया था कि अलीगढ़वा रोड पर स्थिति चैनपुर चौराहे के पास मजार बनी है। करीब 50 वर्षो से मेला लगता है। मजार तक आने जाने के लिए रास्ता बना हुआ है। इसके बगल में कुछ लोग मकान का निर्माण कर रहे हैं। जिसका पिलर रास्ते पर कर दिए हैं।

मामले को जांच के लिए एसडीएम सदर को लगाया गया है। शुक्रवार को निर्माण कार्य चल रहा था। इसे रोकने के लिए कुछ लोग एकत्र हो गए। उप निरीक्षक किशोरीलाल चौधरी ने दो लोगो को गिरफ्तार करके शांति भंग में चालान कर दिया।

# यातायात नियमों की दी गई जानकारी

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ, सदर विधायक ने रैली को किया रवाना



एआरटीओ कार्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ करते सदर विधायक श्यामधनी राही व अन्य ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने शुक्रवार को एआरटीओ आफिस में यातायात सप्ताह का शुभारंभ किया। ई-रिक्शा की रैली को रवाना किया। वाहन चालकों को यातायात नियमों को बताया गया। नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

विधायक कपिलवस्तु ने कहा बच्चों को निर्धारित आयु पूर्ण करने के बाद वैध लाइसेंस जारी करवाएं। इसके बाद ही वाहन चलाने की अनुमति दें। सामान्य गति से वाहन चलाने पर दुर्घटना की आशंका बहुत कम होती है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। यह जीवन रक्षक उपकरण हैं। दुर्घटना से शारीरिक के साथ आर्थिक और मानसिक क्षति होती है। यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करें, इससे ध्यान भटकता है। टैक्सी चालक को ध्यान रखना चाहिए कि वाहन में क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाएं। मालवाहक वाहनों में ओवर लोडिंग करने से बचें। प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा यातायात नियमों का पालन करने से सुरक्षित रहेंगे।

सड़क पार करते समय जेब्रा लाइन का प्रयोग करें। वाहन को मोड़ते वक्त संकेतक का प्रयोग करना चाहिए। संचालन एआरटीओ आशुतोष कुमार शुक्ला ने किया। कमांडर होमगार्ड रवींद्र नाथ पांडेय, यात्री कर अधिकारी राजेंद्र प्रसाद, टीएसआइ अमरेश यादव, अक्षयवर, अध्यक्ष टैक्सी यूनियन गुड्डू शुक्ला, राजेंद्र गुप्ता, अरविंद कुमार वर्मा, मिन्हाजुल होदा, अजय सिंह, रघुवर यादव, मनोज शर्मा, देवानंद, प्रद्युमन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शुल्क जमा कर लाइसेंस बनवाने के लिए भटक रहे आवेदक

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में इस समय लाइसेंस बनवाने वालों की हर दिन लंबी भीड़ लग रही है। स्लाट संख्या घटने के चलते शुल्क जमा करने के बाद भी आवेदकों को 90 दिन बाद बुलावा मिल रही है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्लाट न मिलने की शिकायत प्रतिदिन एआरटीओ कार्यालय में आ रही है। आनलाइन प्रक्रिया होने के कारण जिम्मेदार कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

परिवहन मुख्यालय द्वारा स्थायी लाइसेंस की स्लाट की संख्या घटाकर 36 कर दी गई है। जबकि पूर्व में यह संख्या 100 के आसपास रही। इतना ही नहीं स्पेशल कोटा की संख्या भी घटाकर छह कर दी गई है। इसी तरह रिनवल के लिए 15 स्लाट निर्धारित किया गया है।संख्या सीमित होने से लोग परेशान हो रहे हैं। लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक 1000 शुल्क तो जमा कर देते हैं, लेकिन प्रक्रिया पूरी करने के लिए उन्हें बुलावा तीन माह बाद मिलता है। कई तो ऐसे हैं जिनका लर्निंग का समय समाप्त हो चुका है, उनका स्थायी लाइसेंस नहीं बन पा रहा है। जिससे लोगों में विभाग के प्रति रोष है।

> परिवहन मुख्यालय से स्लाट की संख्या कम कर दी गई है। इससे लाइसेंस के आवेदकों को थोड़ी समस्या जरूर हो रही है। लेकिन यहां से कुछ नहीं हो सकता। आवेदक हर दिन शिकायत करने पहुंच रहे हैं। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।
>
> **आशुतोष कुमार शुक्ला**, एआरटीओ प्रशासन

डुमरियागंज तहसील के बेवा निवासी काजी मो. तारिक परमानेंट लाइसेंस का फीस 100 जमा करके परेशान हैं। इनका लाइसेंस नहीं बन पा रहा है। इस संबंध में वह शिकायत एआरटीओ कार्यालय में लिखित की है। बांसी तहसील के गोनहाताल निवासी सुखराम, नौगढ़ के छितरापार निवासी दिलीप सहानी, बांसी के नरही निवासी प्रियंक द्विवेदी, खजुरिया निवासी कुलदीप गुप्ता, शोहरतगढ़ के कमहरिया निवासी महेश कुमार, बांसी के गोल्हौरा निवासी मो. वसीम, खजुरिया निवासी गौरव कुमार ने भी लिखित शिकायत की है।

# एससी-एसटी एक्ट में दो दोषी, 30 हुए बरी

**जासं, सिद्धार्थनगर:** विशेष न्यायाधीश एससी एसटी डा. राकेश कुमार नयन ने त्रिलोकपुर थाने के सिकटा गांव में अनुसूचित जाति का मकान जलाने और मारपीट की घटना में आरोपित 43लोंगों में से दो लोगों को दोषी पाते हुए उन्हें अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

28 आरोपितों को दोष मुक्त किया। दोनों अभियुक्तों की सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 27 सितंबर की तिथि तय की है। गांव निवासी राम कुमार थाना त्रिलोकपुर ने थाने पर तहरीर देकर 43 नामजद व्यक्तियों पर हरीराम के फूस के मकान को जलाने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट कोर्ट में पेश किया था। 23 वर्ष तक चले मुकदमें में दौरान 10 आरोपितों की मौत हो गई। तीन लोग नाबालिग पाए गए। 30 लोगों पर चले मुकदमें साक्षियों के बयान के आधार पर कपिलदेव सिंह और राजू सिंह को दोषी मानते हुए जेल भेज दिया।

# बैठक में उठा जर्जर तार व सड़क का मुद्दा

## विभागवार संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा, पूर्ण हो चुके सड़क योजना को किया जाएगा हैंडओवर

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को लोहिया कला भवन में हुई। जर्जर विद्युत तार व बदहाल सड़क का मुद्दा उठा। विद्युत विभाग को एक माह के भीतर तार बदलने के लिए निर्देशित किया। सभी सड़क को शीघ्र गड्ढामुक्त करने का निर्देश दिया। सभी विभागों के कार्य की समीक्षा की।

स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा जिला अस्पताल अब राजकीय मेडिकल कालेज का अंग हो गया है। इसके सफाई की जिम्मेदारी मेडिकल कालेज की है। जिस अस्पताल में चिकित्सक नहीं तैनात हैं, सीएमओ वहां पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करें। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. सतीश द्विवेदी ने कहा परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प योजना में हो रहे काम को समय से पूरा किया जाए। कोरोना संक्रमण के कारण प्रभावित हुए पाठ्यक्रम को समय से पूरा किया जाए।



लोहिया कला भवन में दिशा की बैठक को संबोधित करते सांसद जगदंबिका पाल व मंचासीन स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री डा़ सतीश द्विवेदी ●जागरण

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा पूर्ण हो चुके कार्यो का लोकार्पण कराने तथा स्वीकृत कार्यो का शिलान्यास कराया जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में निर्मित सड़कों को हैंडओवर कराया जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत कार्य भी समय से पूरा करें। स्वीकृत परियोजना व कार्य का शिलान्यास संबंधित विभाग कराएं। सभी तहसील व ब्लाक मुख्यालय पर कैंप लगाकर श्रमिको का रजिस्ट्रेशन कराया जाए। विभागवार शासन की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का काम किया जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा शासन की मंशा के अनुरूप सभी विकास कार्य किए जाए। समय से सभी काम पूरे किए जाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मनरेगा, दीन दयाल अन्त्योदय, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई, राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, ग्राम ज्योति योजना आदि योजनाओं की समीक्षा हुई। राज्यसभा सदस्य बृजलाल, अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, एडीएम सीताराम गुप्ता, एएसपी सुरेश चंद्र रावत, परियोजना निदेशक डीआरडीए संत कुमार, डीडीओ शेषमणि सिंह, डीसी मनरेगा संजय शर्मा, उप कृषि निदेशक लाल बहादुर यादव, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. राहुल गुप्ता, दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक, डिप्टी आरएमओ आरपी पटेल, डीएसओ बृजेश मिश्रा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत संतोष सिंह, डीपीआरओ आदर्श आदि मौजूद रहे।

# 'हादसे से बचने के लिए करें यातायात नियम का पालन'

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का एआरटीओ कार्यालय में हुआ शुभारंभ

### विधायक ने कार्यक्रम का उद्‌घाटन कर दिया हादसों से बचने का सुझाव

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सड़क हादसों को रोकने के लिए एआरटीओ कार्यालय में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। विधायक सदर ने कार्यक्रम को उद्‌घाटन किया और कहा कि सड़क हादसों से बचने के लिए यातायात नियम का पालन जरूर करें।

विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि अपने बच्चों को निर्धारित आयु पूर्ण करने के बाद ही वैध लाइसेंस जारी किया आए और वाहन चलाने की अनुमति दें।

नवयुवकों से कहा कि वाहन सामान्य गति से चलाएं, जिससे दुर्घटना की आशंका कम हो। होमगार्ड कमांडर रवीन्द्र नाथ पांडेय ने सीट बेल्ट, हेल्मेट लगाकर वाहन चलाने की अपील की। सीट बेल्ट, हेल्मेट की उपयोगिता बताते हुए कहा कि सीट बेल्ट, हेल्मेट पहने व्यक्ति की दुर्घटना में क्षति बहुत कम होती है।

एआरटीओ एके शुक्ल ने कहा कि यातायात नियम का पालन करें। इससे हादसे तो कम होंगे ही साथ ही आपके साथ सामने वाला भी सुरक्षित रहेगा।

कार्यक्रम जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी, अमरेश यादव ने भी जानकारी दी। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# एएसपी ने चिल्हिया थाने का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी



चिल्हिया थाने का निरक्षण करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत। संवाद

**शोहरतगढ़।** एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने बृहस्पतिवार देर शाम चिल्हिया थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इससे पूर्व पुलिस बल की ओर से एएसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

एएसपी ने थाना पहुंचने के बाद विभिन्न मामलों की गहनता से निरीक्षण करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष व महिला हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। थानाध्यक्ष यशवंत सिंह से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली।

वहीं, इस दौरान थाने में दर्ज विभिन्न घटनाओं के अनुसंधानकर्ताओं से घटनाओं व महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थनापत्रों व आईजीआरएस और अन्य माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# नाबालिग के अपहरण में दो आरोपित भेजे गए जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज पुलिस ने किशोरी को अगवा करने और धर्म परिवर्तन कराने के आरोप के मामले में फरार दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया है।

एचएसओ डुमरियागंज शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने किशोरी अगवा किए जाने के मामले में शिकायती पत्र दिया था। मिलने तहरीर के आधार पर अपहरण, एससी, एसटी एक्ट सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर टीम ने आरोपित शकील अहमद अंसारी व मोहम्मद शफीक निवासी हल्लौर को उस वक्त पकड़ लिया जब वह भागने की फिराक में थे। पूछताछ करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है। पकड़ने वाली टीम इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सिंह, विकास सिंह, गौरव कुमार, चंदन सिंह शामिल रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

# कच्ची शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र में सरयू के तटवर्ती गांव मांझा चहोड़ा के समीप गुरूवार की आधी रात को धनघटा पुलिस ने 20 लीटर तैयार कच्ची शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाने के पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक दूबे गुरूवार की आधी रात को मांझा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान मुखबिर ने फोन कर एक कारोबारी के मांझा क्षेत्र से कच्ची शराब लेकर बिक्री करने के लिए घर जाने की सूचना दी जिसपर भरोसा कर चौकी प्रभारी हमराही पुलिसकर्मियों के साथ मांझा चहोड़ा गांव के रास्ते पर पहुंचकर घेराबंदी कर लिए। उसी बीच एक व्यक्ति आता दिखाई पड़ा तो पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान पकड़ें गए व्यक्ति के कब्जे से दो डिब्बे में भरा 20 लीटर तैयार कच्ची शराब भी बरामद हो गया। पूछताछ में गिरफ्तार कारोबारी ने खुद का नाम पता क्रमशः अर्जुन पुत्र राममदन निवासी ग्राम मांझा चहोड़ा थाना धनघटा बताया है। पुलिस ने कारोबारी अर्जुन के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# छापेमारी में पांच कुंतल लहन बरामद

संतकबीरनगर/बेलहर(एसएनबी)। शुक्रवार को जिले के बेलहर थाना क्षेत्र के भेड़ौरा-पिकौरा निवासिनी कुछ महिलाओं ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर गांव में वर्षों से फल फूल रहे अवैध कच्ची शराब के धंधे को बंद कराने की मांग की। उक्त मामले को संज्ञान में वेलहर पुलिस व आवकारी विभाग की संयुक्त टीम ने वेलहर थाना क्षेत्र के भेड़ौरा-पिकौरा गांव के बाहर नदी के किनारे छापेमारी की। छापेमारी में वरामद पांच कुंतल लहन नष्ट किया गया लेकिन किसी कारोबारी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। चर्चा है कि पुलिस की मिलीभगत से अवैध कारोबारियों को छापेमारी की सूचना पहले से ही हो जाती है जिससे कारोबारियों की हर बार फरारी कहीं न कहीं संदिग्ध प्रतीत हो रही है। शुक्रवार की देर शाम बेलहर एसओ संतोष कुमार मिश्र व आबकारी टीम के विपिन कुमार यादव, शत्रुघ्न वर्मा की संयुक्त टीम ने भेड़ौरा-पिकौरा गांव के बाहर स्थित नदी के किनारे छापेमारी की। एसओ बेलहर संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र में लगातार छापेमारी की जा रही है। जहां से भी शराब बनाने की सूचना मिलेगी छापेमारी करके कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को बेलहर थाना क्षेत्र के भेड़ौरा-पिकौरा निवासिनी प्रेमा देवी, कमला देवी, मैना देवी, कैलाशी, इन्द्रावती देवी, विजय कुमारी, कमला देवी आदि ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर कहा है कि गांव में वर्षों से कच्ची शराब का अवैध धंधा कुछ महिला एवं पुरुषों के द्वारा बनाया जा रहा है। जिससे गांव की महिलाओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं।

## उपद्रव करने वाले 179 पर कार्रवाई अवैध शराब के साथ 19 गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आपरेशन एण्टी चियर्स के अन्तर्गत 160 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पुलिस ने 19 अभियुक्त गिरफ्तार है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर उपद्रव करने के मामले में कुल 179 लोगों के विरुद्ध की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब निर्माण, बिक्री व परिवहन के संबंध में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान एण्टी चियर्स के अन्तर्गत तीनों सर्किल के क्षेत्राधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में समस्त थानों द्वारा कुल 160 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले कुल 73 लोगों के विरुद्ध धारा 34 पुलिस एक्ट व 106 लोगों के विरुद्ध 290 भादवि की कार्रवाई की गयी।

**प्रदेश में संतकबीरनगर जिले को पंजीकृत अभियोगों के विवेचना निस्तारण में मिला 6 वां स्थान**

# जिले को जोन में दूसरा व परिक्षेत्र में प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जनपद संतकबीरनगर को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किये गये कानून व्यवस्था/अपराध समीक्षा में पंजीकृत अभियोगों की विवेचनाओं के निस्तारण में प्रदेश में 6वां स्थान मिला है। सभी विवेचकों द्वारा पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुए विवेचनाओं का सफल व उत्कृष्ट निस्तारण किया गया। विवेचना निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले टॉप 07 विवेचकों को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने उनके उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ज्ञात हो कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार तथा पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती अनिल कुमार राय के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के कुशल मार्गदर्शन व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह' के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक द्वारा समय-समय पर विवेचना निस्तारण का अभियान चलाया गया। विवेचकों के साथ गोष्ठी कर विवेचनाओं को अतिसूक्ष्मता, अत्यन्त लगन, कर्मठता तथा निष्पक्षता व त्वरित गति से संपादित करने हेतु निर्देशित किया गया था। उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार विवेचना की समीक्षा अपने स्तर से की जा रही थी और सभी विवेचकों द्वारा पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुए विवेचनाओं का सफल व उत्कृष्ट निस्तारण किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि प्रदेश में 6वें स्थान के साथ-साथ जनपद को जोन गोरखपुर में दूसरा व परिक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विवेचना निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले टॉप 07 विवेचकों प्रभारी चौकी बघौली उ.नि. बलराम पाण्डेय, प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट उ.नि. रजनीश राय, प्रभारी चौकी गोला बाजार उ.नि. अनिरुद्ध सिंह, उ.नि. हसमत अली थाना दुधारा, उ.नि. शैलेन्द्र सिंह थाना दुधारा, उ.नि. जनार्दन सिंह थाना दुधारा, प्रभारी चौकी जगदीशपुर थाना धनघटा उ.नि.. लालबिहारी निषाद को पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एसपी ने थानो की एंटी रोमियो टीम के साथ की बैठक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** नारी सुरक्षा-नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन के लिए संचालित मिशन शक्ति फेज-3 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीम के साथ बैठक की गई।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एंटी रोमियो टीम को अपने-अपने बीट क्षेत्र के ग्रामीण/शहरी इलाकों व स्कूल/कालेजों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन/योजनाओं (उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टप (आपकी सखी) योजना, महिला शक्ति केंद्र, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, सुकन्या समृद्धि योजना इत्यादि) से जागरूक करें जिससे महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान से संबंधित समस्याओं के निदान के साथ-साथ उन्हें स्वावलम्बन की राह भी दिखायी जा सके। थानाक्षेत्र के सभी स्कूल/कालेजों में पिंक लेटर बक्स लगवाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे छात्राएं अपनी शिकायत पिंक लेटर बाक्स में डाल सकें। उन्होंने बताया कि असामाजिक व शोहदे किस्म के लोगों पर कड़ी कार्यवाही करें जिससे मिशन शक्ति अभियान की सार्थकता सिद्ध हो सके।

महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उसका त्वरित एवं विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा जिन समस्याओं का निस्तारण अपने स्तर से संभव न हो तो वह अपने उच्चाधिकारियों को समस्या के बारे में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# शांति भंग की आशंका में दो का चालान

संतकबीरनगर। एसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद पुलिस ने दो आरोपितों को शांति भंग की आशंका में चालान किया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ का अभियान चलाया। कोतवाली थाना पुलिस ने दो आरोपितों को शांति भंग की आशंका में चालान किया।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**संतकबीरनगर | विधि संवाददाता**

शादी का सब्जबाग दिखा कर दुष्कर्म करने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने शुक्रवार को निरस्त कर दिया। आरोपी आशुतोष यादव पर एक युवती को शादी का झांसा देकर सात वर्ष से शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया गया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी हेमंत कुमार मिश्र ने बताया कि घटना महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की है। इस प्रकरण में पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने दुष्कर्म का अभियोग पंजीकृत किया है। पीड़िता का आरोप है कि आशुतोष यादव पुत्र हरिराम यादव ग्राम गालिमपुर थाना महुली शादी का झांसा देकर सात वर्ष से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए रहा। घर वालों द्वारा शादी का दबाव बनाने पर शादी से इंकार कर रहा है। शादी से इंकार करने का कारण यह है कि उसकी मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी लग गई है। आरोपी आशुतोष यादव के जमानत प्रार्थना पत्र का सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि आरोपी का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र जिला स्तर के अलावा हाईकोर्ट से भी निरस्त हो चुका है।

# ऑपरेशन एंटी चियर्स में 19 को पकड़ा

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर ऑपरेशन एंटी चियर्स जनपद पुलिस ने चलाया।

अवैध शराब निर्माण, बिक्री व परिवहन के संबंध में अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान एण्टी चियर्स के तहत 160 लीटर शराब के साथ 19 को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में गठित टीम ने 10 लीटर शराब के साथ एक दुधारा पुलिस 20 लीटर शराब के साथ दो, महुली पुलिस ने 50 शराब के साथ पांच, मेहदावल पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ चार, बखिरा पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ दो, थाना बेलहरकला 10 लीटर शराब के साथ एक और धर्मसिंहवा ने 20 लीटर शराब के साथ चार को गिरफ्तार किया।



बेहतर कार्य के लिए पुरस्कार पाने वाले पुलिसकर्मी।

# विवेचना निस्तारण में जिले का प्रदेश में छठवां स्थान

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

जनपद में पंजीकृत अभियोगों की विवेचना निस्तारण में जिले को प्रदेश में छठवां स्थाान प्राप्त हुआ। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के मार्गदर्शन व अपर पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कानून व्यवस्था व अपराध समीक्षा में यह मुकाम हासिल हुआ। एसपी ने जिले को प्रदेश में टॉप टेन के अंदर स्थान बनाने के लिए विवेचकों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को प्रशस्तिपत्र दिया।

जिले में एसपी द्वारा समय-समय पर विवेचना निस्तारण का अभियान चलाया गया। विवेचकों के साथ गोष्ठी कर विवेचनाओं को अतिसूक्ष्मता, लगन, कर्मठता तथा निष्पक्षता व त्वरित गति से संपादित करने के लिए निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान उच्चाधिकारियों ने लगातार विवेचना की समीक्षा अपने

## उत्साहवर्द्धन

- टाप टेन में आने से एसपी ने विवेचकों का किया उत्साहवर्धन
- एसपी ने विवेचकों को दिया प्रशस्ति पत्र

करते हुए विवेचनाओं का सफल व उत्कृष्ट निस्तारण किया। इसके वजह से जिले को प्रदेश में छठवां स्थान के साथ-साथ जनपद को जोन गोरखपुर में दूसरा व परिक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विवेचना निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले टॉप सात विवेचकों में प्रभारी चौकी बघौली एसआई बलराम पाण्डेय, प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट रजनीश राय, प्रभारी चौकी गोला बाजार अनिरुद्ध सिंह, हसमत अली थाना दुधारा, शैलेन्द्र सिंह थाना दुधारा, जनार्दन सिंह थाना दुधारा, प्रभारी चौकी जगदीशपुर थाना धनघटा लालबिहारी निषाद को पुलिस अधीक्षक ने उनके उत्साहवर्धन के लिए

# एंटी रोमियो टीम की हुई गोष्ठी

**संतकबीरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियों टीम के साथ गोष्ठी किया। जिले में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के लिए संचालित मिशन शक्ति फेज-3 के सफल संचालन के लिए एसपी ने मौजूद सभी को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

एसपी ने गोष्ठी में उपस्थित एंटी रोमियो टीम को अपने-अपने बीट क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी इलाकों के स्कूल एवं कालेजों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं में जागरूकता फैलाने के आदेश दिए। कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर

# चौकी इंचार्ज को व्यापारियों ने दी विदाई

**संतकबीरनगर।** पिछले दिनों लोहरैया से स्थानांतरित हुए चौकी इन्चार्ज विवेकान्द तिवारी और पदोन्नति पाने वाले माहेश्वरी सिंह को शुक्रवार को विदाई दी गई। चौराहे के व्यापारियों ने विदाई देने के साथ कहा कि लगभग पांच महीने से इस चौकी पर तैनाती मिली थी। इस दौरान बद्री प्रसाद शुक्ल, इंद्रभान शुक्ल, रविन्द्र पाठक, रणविजय सिंह, धर्मपाल पाल, ईश्वर शुक्ल, धर्मेन्द्र पाण्डेय, घनश्याम शुक्ल, संजय पाठक, दुर्गा राय, संजय पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, प्रसिद्ध नारायण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# 113 वाहनों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद पुलिस ने 113 वाहन स्वामियों से जुर्माना भरवाया।

सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 113 वाहनों के स्वामियों से 90 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# बेवजह घूमने पर महिला पुलिस ने तीन शोहदों को लगाई फटकार

जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर: धनघटा महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी की प्रभारी गौरी शुक्ला शुक्रवार को स्कूलों, कालेजों के अलावा विभिन्न चौराहों का निरीक्षण किया।

इस दरम्यान महुली थानाक्षेत्र के परशुरामपुर में तीन शोहदे बेवजह घूमते हुए मिल गए। उन्होंने इनसे घर से बाहर निकलने का कारण पूछा। इस पर ये संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

इस पर उन्होंने फटकार लगाई। बिना किसी काम के दोबारा घूमते हुए मिलने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।



बेलहर थाना क्षेत्र के भेडौरा पिकौरा में पुलिस व आबकारी टीम ने लहन व कच्ची शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए। संवाद

# कच्ची शराब के ठिकाने पर छापा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बेलहर**। भेड़ौरा पिकौरा में बेलहर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गांव के बाहर नदी के किनारे छापा मारा। इस दौरान पांच क्विंटल नष्ट की गई।

शुक्रवार शाम बेलहर एसओ संतोष कुमार मिश्र व आबकारी टीम के विपिन कुमार यादव, शत्रुघ्न वर्मा की संयुक्त टीम ने भेड़ौरा पिकौरा गांव के बाहर स्थित नदी के किनारे छापा मारा। घंटों चली छानबीन के बाद वहां से करीब पांच क्विंटल लहन बरामद करके नष्ट किया गया। हालांकि धंधेबाज भाग निकले।

एसओ बेलहर संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र में लगातार छापा मारा जा रहा है। जहां से भी शराब बनाने की सूचना मिलेगी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जयप्रकाश मिश्र, राजेश कुमार चौरसिया, महिला आरक्षी सुमन यादव आदि

# विवेचना निस्तारण में जिला प्रदेश में छठे स्थान पर

## बेहतर कार्य करने वाले सात उपनिरीक्षकों को एसपी ने किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** शासन द्वारा की गई कानून व्यवस्था/अपराध समीक्षा में पंजीकृत अभियोगों की विवेचनाओं के निस्तारण में जिले को प्रदेश में छठा स्थान मिला है। इस पर एसपी ने समस्त पुलिस कर्मियों को बधाई दी है। इसके साथ ही बेहतर विवेचना करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि समय-समय पर विवेचना निस्तारण का अभियान चलाया गया और विवेचकों के साथ गोष्ठी कर विवेचनाओं को अतिसूक्ष्मता, अत्यंत लगन, कर्मठता तथा निष्पक्षता व त्वरित गति से संपादित करने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार विवेचना की समीक्षा अपने स्तर से की जा रही थी, सभी विवेचकों द्वारा पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुए विवेचनाओं का सफल निस्तारण किया गया। शासन की समीक्षा में जिले को प्रदेश में छठा स्थान के साथ-साथ जनपद को जोन गोरखपुर में दूसरा और परिक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि विवेचना निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अव्वल सात विवेचकों प्रभारी चौकी बघौली बलराम पांडेय, प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट रजनीश राय, प्रभारी चौकी गोला बाजार अनिरुद्ध सिंह,



बेहतर विवेचकों को एसपी ने सम्मानित किया। संवाद

एसआई हसमत अली, एसआई शैलेंद्र सिंह, एसआई जनार्दन सिंह, प्रभारी चौकी जगदीशपुर लालबिहारी निषाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य पुलिस कर्मी भी बेहतर तरीके से कार्य करें। जिससे वह भी सम्मान पा सकें।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021



## जिले में सुलभ होगी मेडिकल आक्सीजन



शुक्रवार को जिला अस्पताल में आक्सीजन प्लांट का उद्घाटन करते आयुक्त

गोण्डा | संवाददाता

मंडलायुक्त एसवीएस रंगाराव ने आईजी राकेश सिंह के साथ शुक्रवार को जिला अस्पताल परिसर में बनाया गया पीएसए मेडिकल ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का फीता काटकर उद्घाटन किया। एसोचैम की संयुक्त निदेशक कविता शर्मा ने बताया कि यह मेडिकल ऑक्सीजन गैस प्लांट एसोचैम व एक्सेन्जर के सहयोग से निर्मित किया गया है।

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के पीएस मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के जनपद बलिया, बीघापुर व अंबेडकरनगर जिले में भी ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। सीडीओ ने एसोचैम के प्रयासों की सराहना की। सीएमओ डॉ. आरएस केसरी, सीएमएस घनश्याम सिंह रहे।

# सीएम आज प्रतिमा अनावरण करेंगे

**तैयारी**

कटराबाजार | संवाददाता

ब्लाक परिसर में नवनिर्मित पार्क में लगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा अनावरण प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ शनिवार को करेंगे। शुक्रवार को सीएम का कार्यक्रम आनन-फानन में तय होने से जिले के अधिकारियों में खलबली मच गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के आला अधिकारी दिन भर ब्लाक परिसर की प्रत्येक कमी को दुरुस्त करने में लगे रहे।

बनगांव पुल के पास बन रहे हेलीपैड का आयुक्त एसवीएस रंगाराव, आईजी राकेश सिंह, डीएम मार्कण्डेय शाही, सीडीओ शशांक त्रिपाठी व एसडीएम हीरालाल ने हैलीपैड व कार्यक्रम स्थल का गहनता से निरीक्षण किया। बताया जाता है मुख्यमंत्री सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद कृषि विभाग की ओर से आयोजित गरीब कल्याण मेले के अवलोकन के साथ ही दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भेट करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी कर सकते है। शुक्रवार देर रात तक जिले के आलाधिकारी कार्यक्रम स्थल पर जुटे रहे।



कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते कमिश्नर व डीएम • हिन्दुस्तान

# जिला अस्पताल में मरीजों को अब नहीं होगी आक्सीजन की किल्लत

## आयुक्त व आइजी ने आक्सीजन प्लांट का किया लोकार्पण

संसू, गोंडा: जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। गंभीर स्थिति में उन्हें आक्सीजन की कमी से परेशान होना नहीं होगा। इसके लिए 500 लीटर प्रति मिनट आक्सीजन बनाने वाले प्लांट ने काम करना शुरू कर दिया है। इससे काफी हद तक मरीजों की मुश्किलें दूर हो सकेंगी।

शुक्रवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त एसवीएस रंगाराव ने जिला अस्पताल परिसर में आक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया। आयुक्त ने कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। यहां पर दो और आक्सीजन प्लांट बन रहे हैं, जल्द ही वह भी शुरू हो जाएंगे। पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह ने अधिकारियों से आक्सीजन प्लांट के बारे में जानकारी ली। सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने बताया कि कोविड हास्पिटल के समीप बन रहे आक्सीजन प्लांट का चैंबर तैयार किया जा रहा है।

जल्द ही मशीन स्थापित किया जाएगा। प्रमुख अधीक्षक डा. घनश्याम सिंह ने आक्सीजन की उपलब्धता व आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सीएमओ डा. आरएस केसरी, संयुक्त निदेशक कविता शर्मा, डा. दीपक कुमार, अनिल कुमार, दिनेश मिश्र, इस्लाम मौजूद थे।

कोविड हास्पिटल में शुक्रवार को कोरोना से बचाव को लेकर की गई तैयारियों का पूर्वाभ्यास संयुक्त निदेशक एसके राना की मौजूदगी में हुआ। पीडियाट्रिक वार्ड में तैनात मेनका पांडेय से अधिकारियों ने सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। दवाओं व उपकरणों की उपलब्धता परखी गई। एसीएमओ डा. एपी सिंह की निगरानी में वजीरगंज सीएचसी में भी पूर्वाभ्यास किया गया।



जिला अस्पताल में आक्सीजन प्लांट का उद्घाटन करते आयुक्त एसवीएस रंगाराव, साथ में आइजी डा. राकेश सिंह बाएं से • जागरण

### छात्राओं को दी गई जानकारी

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की महिला इकाई ने राजकीय बालिका इंका में मिशन पिंक हेल्थ योजना के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इसमें छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही सेहतमंद रहने के टिप्स के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डा. रेनू अग्रवाल, डा. ऊषा अग्रवाल, डा. गौरी मलिक, डा. अंजू अग्रवाल, डा. आभा किरण सिन्हा, डा. स्मिता स्वर्णकार मौजूद थे।

CS Scanned with CamScanner

# नष्ट कराई अवैध शराब

**गोंडा :** कर्नलगंज के आबकारी निरीक्षक रामधनी वर्मा के नेतृत्व में टीम ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान लहन व अवैध शराब को नष्ट कराया गया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि कटरा बाजार के चाईपुरवा व शेरापार में अवैध शराब बनने की सूचना पर दबिश दी गई। इस दौरान 15 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। (संसू)

CS Scanned with CamScanner

# आज आएंगे सीएम, करेंगे गरीब कल्याण दिवस में प्रतिभाग



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लेते डीएम मार्कण्डेय शाही व एसपी संतोष कुमार मिश्र ● जागरण

**संसू, कटरा बाजार (गोंडा):** शनिवार को होने वाले गरीब कल्याण दिवस के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिस्सा लेंगे। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी की गई है। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया है।

शनिवार की दोपहर एक बजकर 55 मिनट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से हेलीकाप्टर से सीधे विकास खंड कटरा बाजार में बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचेंगे। वहां ब्लाक में आयोजित कार्यक्रम के बाद वह भारतीय इंका कटरा बाजार में सभा को संबोधित करेंगे। दोपहर दो बजकर 45 मिनट पर मुख्यमंत्री लखनऊ के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आते ही प्रशासनिक तंत्र में खलबली मच गई। सुबह से ही अफसरों ने वहां पर डेरा डाल दिया। बनगांव पुल के पास बन रहे हेलीपैड का आयुक्त देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव,पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश सिंह, जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही, एसपी संतोष कुमार मिश्र, सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने जायजा लिया।

## सड़कों को गड्ढामुक्त करने में लगे रहे अफसर

मुख्यमंत्री के भ्रमण को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों को गड्ढामुक्त करने में लगे रहे। साथ ही परिसर को नया लुक देने में अधिकारी लगे रहे। खुद डीएम की निगरानी में व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### प्रतिमा का करेंगे अनावरण

मुख्यमंत्री सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कृषि विभाग के गरीब कल्याण मेले का अवलोकन करने के साथ ही दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल भेंट करेंगे। विधायक बावन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी कर सकते हैं।

CS Scanned with CamScanner

# आइजी ने किया वार्षिक निरीक्षण

संसू, गोंडा : पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज डा. राकेश सिंह ने पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्हें सलामी दी गई। पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर क्राइम प्रोटेक्शन किट, मेडिकल किट, दंगा निरोधक उपकरण, हूटर/फ्लैशर लाइट को चेक किया। आइजी ने प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, कैश कार्यालय व जीडी कार्यालय का निरीक्षण किया। एसपी संतोष कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीओ मुन्ना उपाध्याय, सीओ शिवबरन यादव उपस्थित रहे।

CS Scanned with CamScanner

# आज आएंगे मुख्यमंत्री, कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**कटरा बाजार (गोंडा)।** कटरा बाजार ब्लॉक परिसर में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सीएम बनगांव पुल के पास बनाये गए हेलीपैड पर उतरकर सीधे ब्लॉक परिसर में आयोजित गरीब कल्याण मेले में शिरकत करेंगे। ब्लॉक परिसर में नव निर्मित पार्क में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। मेले में दिव्यांग जन को ट्राईसाइकिल भी वितरित करेंगे। देर रात्रि को एकाएक घोषित कार्यक्रम से पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सुबह बड़े सबेरे ही ब्लॉक के सभी सफाई कर्मचारियों को बुलाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाने लगी। सुबह से ही जनपद के सभी बड़े अधिकारी कटरा बाजार ब्लॉक मुख्यालय पर कैंप किये हुए हैं। ब्लॉक परिसर व हेलीपैड परिसर की व्यवस्था देखने में मंडलायुक्त एस वी रंगाराव, डीआईजी, जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही, सीडीओ शशांक त्रिपाठी, एसपी संतोष कुमार मिश्र व डीडीओ दिनकर विद्यार्थी सहित जिले के तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे। संवाद

CS Scanned with CamScanner

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

# महिलाओं को जागरूक किया गया

बलरामपुर | संवाददाता



देहात क्षेत्र के रतनपुर कम्पोजिट विद्यालय परिसर में महिलाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी । ● हिन्दुस्तान

मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के रतनपुर कम्पोजिट विद्यालय में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। महिला आरक्षी दीपिका पांडेय ने अपनी टीम के साथ बालिकाओं व महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकरी देने के साथ अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही महिलाओं का प्रौढ़ शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें साक्षर बनाया गया।

एसपी हेमंत कुटियाल के निर्देशन में मिशन शक्ति के तहत गांव-गांव में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के रतनपुर कम्पोजिट विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला आरक्षी दीपिका पांडेय ने बालिकाओं व महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही एसआई श्रवण कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल अनिरुद्ध यादव व महिला आरक्षी मोनी देवी ने इसमें सहयोग किया। महिला आरक्षी दीपिका पांडेय ने बतााय कि सभी के सहयोग से महिलाओं को साक्षर बनाने के साथ-साथ हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

# दूसरे चिकित्सक के विरुद्ध केस दर्ज

बलरामपुर | संवाददाता

## कार्रवाई

- पिछले दिनों दोनों चिकित्सकों के बीच हुई थी गाली-गलौज
- सीएमओ ने जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया था

आपस में गाली गलौज करने वाले दो सरकारी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश भले ही सीएमओ ने दिया था। बावजूद इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर में तैनात चिकित्सक की तहरीर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महराजगंज तराई में तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। हालांकि इस संदर्भ में पीएचसी के चिकित्साधिकारी डा. सोहेल का फोन बंद होने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका है। फिरहाल एसएचओ महराजगंज तराई ने बताया कि चिकित्सक आशीष तिवारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पिछले 20 सितंबर को दोनों चिकित्सकों के बीच आपसी बातचीत हो रही थी। इसी दौरान सीएचसी तुलसीपुर में तैनात डा. आशीष तिवारी व महराजगंज पीएचसी में के प्रभारी चिकित्साधिकरी डा. सोहेल के बीच कहासुनी हो गई थी।

दोनों चिकित्सकों के बीच मतभेद इतना बढ़ा कि कहासुनी का मामला गाली-गलौज तक पहुंच गया। एक-दूसरे ने जमकर गालियां दी। इस बीच एक चिकित्सक ने सीएम योगी पर भी अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके बाद यह मामला तूल पकड़ लिया। सीएमओ डा. सुशील कुमार ने इस मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम व गठन किया था। प्रथम दृष्टया दो चिकित्सक दोषी पाए गए थे। दोनों व बयान भी सीएमओ कार्यालय में द हुआ था। वहीं सीएचसी तुलसीपुर वे चिकित्सक आशीष तिवारी ने था महराजगंज तराई में तहरीर देक पीएचसी महराजगंज के चिकित्सव डा. सोहेल पर आरोप लगाया था वि उन्होंने बातचीत के दौरान श्री तिवारी क धमकी देते हुए जान से मारने की धमक दी है। दोनों चिकित्सकों के बीच हु बातचीत का आडियो वायरल हो गय था। इस संदर्भ में डा. आशीष तिवारी क तहरीर पर महराजगंज तराई पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभार निरीक्षक चंद्रहास मिश्रा ने बताया वि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है मामले की जांच कराई जा रही है।

# गाली-गलौज मामले में की गई कार्रवाई

**संसू, बलरामपुर :** गत दिनों दो चिकित्सकों के बीच हुई गाली गलौज मामले में सीएमओ डा.सुशील कुमार ने शुक्रवार को कार्रवाई की है। तुलसीपुर के अधीक्षक डा.सुमंत सिंह चौहान, डा.सुहेल खान व डा.आशीष तिवारी को हटा दिया गया है।

तुलसीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक रहे डा. सुमंत सिंह चौहान को वहां से नंदनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चिकित्साधिकारी बनाया गया है। तुलसीपुर क्षेत्र के महाराजगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात रहे डा. सुहेल खान व तुलसीपुर में चिकित्साधिकारी डा.आशीष तिवारी को जिला मुख्यालय के अस्पतालों से संबद्ध कर दिया गया है। बता दें कि दोनों चिकित्साधिकारियों के बीच गालीगलौज का आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें मुख्यमंत्री को भी गाली दी गई थी। तुलसीपुर में डा. अशोक कुमार को तुलसीपुर सीएचसी का अधीक्षक व नंदनगर में तैनात डा. महेश कुमार को तुलसीपुर में चिकित्साधिकारी द्वितीय बनाया गया है।

## आरोपित गिरफ्तार

**ललिया** : पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष राम आशीष ने बताया कि थाना क्षेत्र के घुमनाहवा गांव निवासी खालिद के खिलाफ तहरीर मिली थी। आरोपित को जेल भेज दिया गया है।(संसू)

# 12 बोटा सागौन बरामद

**हरैया सतघरवा** : वन विभाग की टीम ने गनेशपुर गांव के पास एक पिकअप पर 12 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद किया है। वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पिकअप को रेंज कार्यालय में सीज कर दिया गया है। चालक मौके से भाग गया। (संसू)

# चिकित्सक के खिलाफ केस

**बलरामपुर** : दो चिकित्सकों के बीच गाली गलौज का आडियो वायरल होने के मामले में शुक्रवार को एक चिकित्सक के खिलाफ थाना महराजगंज तराई में मुकदमा लिखा गया है। सीएचसी तुलसीपुर में तैनात रहे चिकित्सक डा. आशीष तिवारी ने तहरीर देकर पीएचसी महाराजगंज तराई में तैनात डा. सुहेल खान पर गाली व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास ने बताया कि मुकदमा दर्ज छानबीन हो रही है। (संसू)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

# 15 लाख की चरस के साथ गिरफ्तार

**पयागपुर।** पयागपुर में पुलिस ने 15 लाख रुपए की मूल्य की आधा किलो अवैध चरस बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष बृज आनंद सिंह ने बताया की गुरुवार देर शाम वह गश्त पर थे। गोपनीय सूचना मिली कि इमलिया गंज के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में देखा गया है। जब उन्होंने पुलिस टीम के साथ उसको पकड़ा, तो उसके पास से अवैध रूप से आधा किलो चरस बरामद हुई। जिसका अंतर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 15 लाख है।

पकड़े गए व्यक्ति की पहचान ग्राम पिपरा कमाल निवासी चंदन सिंह पुत्र देशराज सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी वह अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है, और इसके ऊपर लगभग आधा दर्जन मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा दरोगा रामकेश, कांस्टेबल रविशंकर, रूपेश चंद्र एवं विजय दीप शामिल रहे।

# पिंटू हत्याकांड में एक को आजीवन कारावास

बहराइच | संवाददाता

न्यायालय तृतीय जिला एंव अपर सत्र न्यायाधीश सुरजन सिंह ने पिंटू हत्याकांड में आरोपी पर दोषसिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दोषसिद्ध अपराधी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। यह वारदात अगस्त 2017 में हुई थी।

सुजौली थाने के रमपुरवा गांव में 24 अगस्त 2017 को बड़े भाई की ससुराल में आए लखीमपुर जिले के निघासन थाने के बोझिया फार्म निवासी पिंटू पुत्र रामकुमार की हत्या हुई थी। एडीजीसी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में मृतक के बड़े भाई राम नारायण पुत्र रामकुमार की तहरीर पर रमपुरवा निवासी सुनील को हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था।

## कार्रवाई

- कोर्ट ने दोषसिद्ध अपराधी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया
- प्रेम प्रसंग में हुई थी हत्या की वारदात

तहकीकात के बाद केस की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई। जिस पर विचारण शुरू हुआ। गवाह आदि के बयान कोर्ट में दर्ज किए गए।

गुरुवार को जज ने बचाव पक्ष व अभियोजन से एडीजीसी प्रमोद कुमार सिंह के तर्कों को सुना। जज ने इस मामले में नामजद सुजौली थाने के रमपुरवा निवासी सुनील पुत्र मैकू को दोष सिद्ध पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई हैं। वही कोर्ट ने दोषसिद्ध अपराधी पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

# व्यापारियों में पुलिस के प्रति बढ़ा विश्वास

## सम्मान

बहराइच | संवाददाता

फखरपुर थाना क्षेत्र में महाराष्ट्र निवासी महिला व तीन मासूम बच्चों की नृशंस हत्याकांड का 72 घंटे में पुलिस ने पर्दाफाश किया था। नानपारा कोतवाली क्षेत्र में डेढ़ साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में त्वरित विवेचना कर डेढ़ माह में आरोपी को मृत्युदंड भी दिलाया था। शुक्रवार को उद्योग व्यापार मंडल ने पुलिस पुलिस लाइन सभागार में एसपी सुजाता सिंह, एसओजी व पुलिस टीम को पुष्पगुच्छ, शाल देकर तथा माल्यार्पण कर सार्वजनिक सम्मान किया है।

अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा ने बताया कि पुलिस की कार्यप्रणाली के कारण व्यापारियों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। फखरपुर में महिला व तीन छोटे छोटे बच्चों की अज्ञात लाशें मिली थीं। पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह व अधीनस्थ अधिकारियों तथा एसओजी व पुलिस टीम ने दिन रात मेहनत कर ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा किया था। महामंत्री दीपक सोनी दाऊजी ने कहा कि नानपारा क्षेत्र में जून में डेढ़ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म से बच्ची की मौत हो गई थी।

घटना के डेढ़ माह में ही अदालत ने आरोपी को फांसी की सजा सुनाई थी। गौरीशंकर भानीरामका ने कहा कि पुलिस का इकबाल बरकरार रहे तो समाज में निर्भयता तथा अपराधियों में भय और दहशत कायम रहती है। पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने कहा कि व्यापार मंडल व अनेक संस्थाओं की ओर से पुलिस टीम को सम्मानित किए जाने से हमारे पुलिस टीम का उत्साह बढ़ा है। सम्मान समारोह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन मातनहेलिया, उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, व्यापारी नेता सुमित खन्ना, अमित टंडन, अमित मित्तल, सईद अहमद आदि ने सम्बोधित किया।



पुलिस लाइन सभागर में सम्मानित एसपी व पुलिस टीम के साथ मौजूद उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारीगण।

# कोविड से सचेत कर रही यातायात पुलिस

**बहराइच।** एसपी सुजाता सिंह के निर्देश पर यातायात प्रभारी अनिल तिवारी ने गुरुवार व शुक्रवार को अभियान चलाकर कोविड के संक्रमण से बचाव को मास्क लगाए रहने का आह्वान किया।

यातायात पुलिस ने नगर के विभिन्न चौराहों पर वाहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो दिनों में 24 बिना मास्क लगाए व्यक्तियों से नौ हजार नकद व 86 वाहनों से 1,33,500 रुपये जुर्माना किया गया। जिसमें दो ऐसे वाहन का चालान किया गया, जो नो एंट्री क्षेत्र में संचालन करते हुए पाया गया व माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में तीन ऐसे बुलेट मोटरसाइकिल का चालान किया गया। जिसमें पटाखे के साथ तेज आवाज करने वाला साइलेंसर लगा हुआ था।

# जेएसडी ने पुलिस टीम को किया सम्मानित

**बहराइच।** शहर स्थित पुलिस लाइन सभागार में जन सत्ता दल के जिलाध्यक्ष देवानन्द सिंह व उनकी टीम ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह को पुष्प गुच्छ देकर फखरपुर के दो दोहरे हत्याकांड के खुलासे को पुलिसिंग के बेहतरीन नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया। अनावरण करने वाली पुलिस टीम का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। पुलिस टीम को चेक देकर टीम का उत्साहवर्धन किया गया।

# रानीपुर थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक  सुजाता सिंह ने शुक्रवार को रानीपुर थाने में नवनिर्मित महिला हेल्पडेस्क कक्ष का उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को महिला बीट पुलिस सिपाही, पयागपुर सीओ ने महिला हेल्प डेस्क को स्थापित करने के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा मिशन शक्ति व मिशन अपराजिता के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई।

# धूपकली की हत्या में पति सहित तीन को आजीवन कारावास

बहराइच | संवाददाता

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के जज नितिन कुमार पांडेय ने धूपकली हत्याकांड में दोषसिद्ध पति, जेठ- जेठानी को आजीवन कारावास व तीस हजार के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। यह वारदात अप्रैल 2014 में हुई थी। श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाने के शिकारी चौड़ा गांव निवासी सियाराम वर्मा पुत्र राम स्वरूप वर्मा ने अपनी बेटी धूपकली की दहेज के लिए हत्या की तहरीर नवाबगंज थाने में 20 अप्रैल 2014 को दी थी।

डीजीसी मुन्नु लाल मिश्रा ने बताया कि जिसमें मृतका के पति रामू वर्मा पुत्र हंसराज, जेठ बाबूलाल, जेठानी प्रभावती को नामजद किया गया था। सियाराम के मुताबिक उसने अपनी बेटी धूपकली की शादी नवाबगंज थाने के कुंडा के मजरे लोखड़ियनपुरवा निवासी रामू वर्मा पुत्र हंसराज के साथ की थी।

उसकी बेटी धूपकली को कम दहेज की बात कहकर ससुराल वालों की ओर से मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही थी। 20 अप्रैल 2014 को वह किसी तरह जानकारी पाकर बेटी की ससुराल पहुंचा तो उसकी बेटी की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। पुलिस ने इस मामले में मारपीट कर उत्पीड़न व हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। लाश का पोस्टमार्टम कराया गया था।

# घाघरा में कूदे युवक की पुलिस ने बचाई जान

**संसू, महसी (बहराइच):** चहलारीघाट पुल से घाघरा नदी में कूदे युवक की गुरुवार की रात पुलिसकर्मियों ने जान बचा ली। नाव के सहारे नदी की धारा से बाहर निकाल युवक को एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा। इस कार्य के लिए लोग सिपाही व होमगार्ड की सराहना कर रहे हैं।

रामगांव थाना क्षेत्र के टेपरहाचक गांव निवासी 32 वर्षीय संतोष कुमार लोधी नाराज होकर घर से निकला। परिवारजन ढूंढते हुए चहलारीघाट पुल पर पहुंचे। नाराज युवक को समझा पाते, इससे पहले उसने रेलिंग से नदी में छलांग लगा दी। सूचना पिकेट ड्यूटी में मौजूद पुलिसकर्मियों को दी गई। आरक्षी संजीव कुमार चौधरी व होमगार्ड सुरेश पांडेय स्थानीय ग्रामीण मुकेश, सोनू मिश्र के साथ नाव से पहुंचकर युवक को बचा लिया। एसओ भानुप्रताप सिंह ने बताया कि आरक्षी और होमगार्ड को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# वकीलों व पुलिस का टकराव टला, आरोपित भेजे गए जेल

**जासं, बहराइच:** शुक्रवार को कोतवाली नगर पुलिस ने तीन आरोपितों को हत्या के प्रयास, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, पुलिस पर पथराव करने व सेवन क्रिमिनल लॉ एक्ट के तहत गिरफ्तार किया, इसमें दो आरोपित अधिवक्ता पुत्र हैं। इसके चलते वकील व पुलिस आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कचहरी परिसर छावनी में तब्दील हो गया। वकील पुलिस को न्यायालय परिसर के अंदर नहीं आने दे रहे थे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के हस्तक्षेप के बाद आरोपितों को सीजेएम न्यायालय में पेश किया गया। आरोपित मोहित शुक्ल, आकर्षित शुक्ल व उत्कर्ष उर्फ नंदू निवासी वजीरबाग को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। अधिवक्ताओं के प्रार्थनापत्र पर सीजेएम ने आरोपितों का चिकित्सकीय परीक्षण जेल प्रशासन को कराने का निर्देश दिए।

# उद्योग व्यापार मंडल ने किया एसपी को सम्मानित



पुलिस लाइन सभागार में एसपी सुजाता सिंह को बुके देकर सम्मानित करते व्यापारी कुलभूषण अरोड़ा

**जासं, बहराइच :** महाराष्ट्र निवासी महिला व तीन मासूम बच्चों की नृशंस हत्याकांड का त्वरित राजफाश करने व नानपारा कोतवाली क्षेत्र में डेढ़ साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में त्वरित विवेचना कर डेढ़ माह में आरोपी को मृत्युदंड दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह, एसओजी व पुलिस टीम का उद्योग व्यापार मंडल ने पुष्पगुच्छ व शाल देकर सम्मान किया।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित समारोह में उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा ने पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस पर व्यापारियों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि फखरपुर में चार हत्या का खुलासा कर पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने सराहनीय काम किया है। समारोह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन मातनहेलिया, उपाध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, महामंत्री दीपक सोनी दाऊजी, जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका, सुमित खन्ना, अमित आदि ने संबोधित किया।

# तीन हत्याभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा, गए जेल

**संसू, बहराइच :** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम नितिन पांडेय ने शुक्रवार को हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को दोष सिद्ध करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

घटना 19 अप्रैल 2014 की है। श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर के शिकारीचौड़ा निवासी सियाराम वर्मा ने अपनी लड़की धूपकली की शादी हिंदू रीति-रिवाज से नवाबगंज के लोखड़ियनपुरवा निवासी हसंराम वर्मा के बेटे रामू वर्मा के साथ की थी। धूपकली की कोई संतान नहीं थी। रामू का अपनी भाभी से नाजायज संबंध था। इसी को लेकर रामू अक्सर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था।

19 अप्रैल रात नौ बजे के करीब उसकी पत्नी अपनी बहन से बात कर रही थी। इसी दौरान रामू की भाभी कुल्हाड़ी और रामू का भाई बाबूलाल डंडा लेकर एक साथ घर में घुसे और धूपकली को गालियां देते

**19 अप्रैल 2014 को हुई थी घटना पुलिस ने इस मामले में अदालत में दाखिल किया आरोप पत्र, 30 हजार का अदालत ने लगाया अर्थदंड**

हुए विवाद शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि रामू ने वहीं पर रखा हुआ फावड़ा उठाकर भाई व भाभी के साथ मिलकर हमला कर दिया। वह खून से लथपथ होकर तड़प-तड़पकर मर गई।

पुलिस ने इस मामले में अदालत आरोप पत्र दाखिल किया। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मुन्नूलाल मिश्र व बचाव पक्ष ने तर्क प्रस्तुत किए। अदालत ने अभियुक्त रामू वर्मा, बाबूलाल व गुरगाना उर्फ गुनगाना उर्फ प्रभावती को हत्या के मामले में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। हत्याभियुक्तों का सजयावी वारंट तैयार कर सजा भुगतने के लिए जेल रवाना कर दिया।

# त्योहारों को लेकर की शांति समिति बैठक

**संवादसूत्र, नानपारा/फखरपुर (बहराइच) :** राजाबाजार पुलिस चौकी नानपारा में शुक्रवार को एसडीएम रामआसरे वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। चेहल्लुम पर शांति व्यवस्था रखने पर जोर दिया गया।

कोतवाल संजय सिंह ने कहा कि किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। नदीम, गुड्डू, शशि राणा, अनुराग, रंभा अरविंद मौजूद रहे।

फखरपुर थाने में सीओ कमलेश कुमार सिंह ने बैठक की। आपसी भाइचारे के साथ त्योहार मनाने पर जोर दिया। प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर, नायब तहसीलदार विजय, एसओ राजेश, सीताराम, अजय, मंगल, सुभाष, श्यामजी, लड्डन मौजूद रहे।

# विवाहिता की हत्या में पति, जेठ व जेठानी को उम्रकैद

**बहराइच।** पत्नी की नृशंस हत्या के मामले में थाना नवाबगंज के लोखड़ियनपुरवा निवासी पति, जेठ व जेठानी को अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ने शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। तीनों अभियुक्तों को न्यायाधीश के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

डीजीसी क्रिमिनल मुन्नूलाल मिश्रा ने बताया कि थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती के ग्राम शिकारी चौडा निवासी सियाराम वर्मा ने थाना नवाबगंज में 20 अप्रैल, 2014 को तहरीर देकर कहा था कि उसकी 27 वर्षीय पुत्री धूपकली का विवाह थानाक्षेत्र नवाबगंज के लोखड़ियनपुरवा निवासी रामू वर्मा के साथ दस वर्ष पूर्व हुआ था। उसके दामाद का अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध चल रहा था। इसी को लेकर बेटी व दामाद में आए दिन झगड़ा होता रहता था। पिता सियाराम ने बताया कि 19 अप्रैल, 2014 को दामाद रामू, जेठ बाबूलाल, बाबूलाल की पत्नी गुनगुना व उसके बेटे विक्रम ने कुल्हाड़ी, डंडा, फरसा आदि से उसकी बेटी की निर्मम हत्या कर दी।



तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करते हुए आरोपपत्र न्यायालय को प्रस्तुत किया था। डीजीसी क्रिमिनल मिश्रा ने बताया कि मामला अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम नितिन पांडेय के न्यायालय में चल रहा था। शुक्रवार को न्यायाधीश पांडेय ने बचाव व अभियोजन पक्ष की बहस सुनने के बाद पति रामू, जेठ बाबूलाल व बाबूलाल की पत्नी गुरगाना उर्फ प्रभावती को घटना में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। -संवाद

# नदी में कूदे युवक को पुलिस कर्मियों ने बचाया

**बौंडी (बहराइच)।** हरदी थाना क्षेत्र के चहलारी घाट पुल से बृहस्पतिवार शाम एक युवक ने सरयू नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मौके पर मुस्तैद पिकेट टीम के पुलिस कर्मियों ने युवक को सकुशल बचा लिया। रामगांव थाना क्षेत्र के टेपरा चक गांव निवासी संतोष कुमार लोधी (35) ने पारिवारिक कलह से तंग आकर हरदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित चहलारी घाट पुल से सरयू नदी में छलांग लगा दी। पिकेट टीम के पुलिसकर्मियों ने देखा तो तत्काल नाव की मदद से संतोष कुमार को बाहर निकाला। टीम के आरक्षी संजीव कुमार व होमगार्ड सुरेश कुमार पांडे ने मिलकर संतोष कुमार को नदी से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिली तो एसओ भानु प्रताप सिंह ने उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह को मौके पर भेजा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। हरदी थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि रामगांव थाना क्षेत्र टेपरा चक निवासी संतोष कुमार लोधी ने परिवारिक कलह के कारण पुल से छलांग लगाया था जिसे पिकेट टीम के पुलिसकर्मियों ने सकुशल बचा लिया है। इलाज चल रहा है। संवाद

# हत्याकांड के खुलासे पर सम्मान



**बहराइच।** व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को एसपी समेत उनकी पूरी टीम को फखरपुर में हुए जघन्य हत्याकांड के खुलासे पर सम्मानित किया। उधर जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भी एसपी को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। फखरपुर थाना क्षेत्र में एक महिला व उसके तीन मासूम बच्चों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। मामले में एसपी सुजाता सिंह की अगुवाई में एसओजी व पुलिस टीम ने महज एक सप्ताह में ही घटना का खुलासा करते हुए सभी आरोपियों को धर दबोचा था। घटना के जल्द खुलासे पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा की अगुवाई में व्यापारियों ने एसपी को सम्मानित किया। व्यापार मंडल ने टीम को 21 रुपये नगद पुरस्कार भी दिया। इस दौरान मनीष मल्होत्रा, दीपक सोनी दाऊजी, सुमित खन्ना, अब्दुल सईद आदि मौजूद रहे। शुक्रवार को ही जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के जिलाध्यक्ष व मंडल प्रभारी देवानंद सिंह की अगुवाई में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एसपी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सभी ने घटना के खुलासे पर एसपी व उनकी पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए एसपी को गुलदस्ता भेंटकर उनको सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष सिंह ने 21 सौ रुपये की धनराशि पुलिस टीम को भी प्रदान कर सभी का उत्साहवर्धन किया। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 25-09-2021

# चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने चोरी की योजना बनाते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम परसा प्राथमिक स्कूल के पास बैठे हैं जिनकी गधिविधयों संदिग्ध मालूम पड़ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस परसा स्कूल पहुंच गई और वहां मौजूद दो लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला कि वे दोनों चोरी की योजना बना रहे थे। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आरोपियों के कब्जे से एक अदद चाकू व चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए। बरामद उपकरण को पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपियों की पहचान अतीक खां पुत्र हफीज व वित्तन पुत्र जिब्राइल निवासीगण ग्राम बहादुर पुरवा थाना मल्हीपुर के रूप में हुई।

# पुलिस ने 10 वाहनों का चालान काटा

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी चेक पोस्टों पर वाहन चेकिंग की गई। वाहन चेकिंग के दौरान वाहनों के कागजात, सीट बेल्ट व हेलमेट के साथ ही वाहन में सवार यात्रियों के मास्क को देखा गया। इसमें 10 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया।

# 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशन गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को कोतवाली भिनगा की पुलिस गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को संदिग्ध वस्तु के साथ पकड़ लिया।

# ट्रैफिक नियम के प्रति जागरूक किया

गोण्डा | संवाददाता

## सड़क सुरक्षा

- विधायक प्रतीक भूषण ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया
- सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया

संभागीय परिवहन कार्यालय में शुक्रवार को द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान एक रैली भी निकाली गई। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवन कर शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि को सम्भागीय परिवहन अधिकारी उमाशंकर यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी बबिता वर्मा व आरआई संजय कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। सदर विधायक श्री सिंह ने कहा कि सभी लोग सडक सरक्षा के नियमों का पालन करें और दूसरों को इस नियम का पालन करने के लिए जागरूक करें।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि सरकार के निर्देश पर द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा। कहा कि जिस प्रकार आज के युवाओं द्वारा बिना हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस के तेज रफ्तार से ड्राइविंग की जा रही है, वह सडक सरक्षा नियमों का उल्लंघन है। कहा बाइक चलाते समय हेलमे[illegible] का प्रयोग करें और अधिक स्पीड में [illegible] चलाएं। आरआई टेक्निकल संज[illegible] कुमार ने कहा कि 18 वर्ष से कम उ[illegible] के बच्चों को वाहन न चलाने दें औ[illegible] न ही निर्धारित गति से तेज वाह[illegible] चलाएं। दुर्घटना होने पर तत्काल टोल फ्री नम्बर डायल करें। कार्यक्रम [illegible] सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय प[illegible] शपथ दिलाई गई और प्रचार वाहन [illegible] बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाक[illegible] रवाना किया गया। जिसमें सौ बाइकर[illegible] ने प्रतिभाग किया। रैली शहर के मुख[illegible] चौराहों से होती हुई गुजरी। इस मौके पर अभिनव प्रताप सिंह, सभाजी[illegible] त्रिपाठी, जीडी गुप्ता, अनिल देव शर्मा लवकश सिंह. मनोज मिश्रा आदि रहे।

# घर में मानक से अधिक शराब रखने पर होगी कार्रवाई

**श्रावस्ती।** प्रदेश सरकार की ओर से घर में व्यक्तिगत तरीके से शराब रखने की मात्रा तय है। यदि कोई भ[illegible] व्यक्ति निर्धारित मात्रा से अधिक शराब घर में रखत[illegible] पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए ग[illegible] हैं। मानक से अधिक शराब रखने के लिए लेना होग[illegible] वैयक्तिक होम लाइसेन्स।

जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरि ने बताय[illegible] कि प्रदेश सरकार की ओर से घर में शराब रखने क[illegible] सीमा तय है। यदि कोई भी घोषित निर्धारित सीमा स[illegible] अधिक घर में शराब रखता है और किसी व्यक्ति क[illegible] ओर से ज्यादा शराब रखने की शिकायत मिली औ[illegible] जांच के दौरान सही पाया गया तो सम्बन्धित व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही विधिक कार्रवाई की जायेगी उन्होंने बताया कि निर्धारित सीमा-देशी शराब में प्रत्येक तीव्रता में एक-एक लीटर, विदेशी मदिरा में भारत [illegible] निर्मित डेढ़ लीटर, विदेशों से आयातित विदेशी मदिर[illegible] डेढ़ लीटर तथा बियर 12 केन रखने की छूट है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी शराब के लिए सीमा से अधिक शराब रखने के लिए लोगों को 12 हजार रुपये वार्षिक शुल्क जमाकर कर लाइसेंस लेना होगा।

# तमंचे के साथ चोर गिरफ्तार चोरी का सामान बरामद

श्रावस्ती | संवाददाता

अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने एक चोर को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस की ओर से जेल भेज दिया है।

अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने सभी थाना प्रभारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देश के अनुपालन में शुक्रवार को सोनवा पुलिस ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक चोर को अवैध तमंचे के साथ धर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सारा सामान भी बरामद कर लिया। थाना सोनवा के ग्राम दुलहिया मे 20 सितम्बर की रात गांव निवासी राम फकीरे पुत्र भगौती प्रसाद के घर में चोरी हुई थी। इस पर राम फकीरे से सोनवा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इस पर पुलिस की ओर से चोरी का मामला दर्ज किया गया। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा टीम के साथ क्षेत्र में वांछितों की धर पकड़ के लिए भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की वारदात में शामिल मुन्डे पुत्र इतवारी निवासी दुलहिया को प्रानपुर से नेवरिया जाने वाले रास्ते के मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। सख्ती के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान एक सोने की मंगल सूत्र, एक अदद सोने की नाक की कील व अन्य सामान बरामद हुआ

# 15 लीटर शराब बरामद

**श्रावस्ती :** आबकारी निरीक्षक अब्दुल कैस व गोंडा के आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन मोहम्मद अशलम की संयुक्त टीम ने उल्लहवा गांव में छापामारी की। इस दौरान भस्सू के घर से 15 लीटर कच्ची शराब व बाइक बरामद किया गया। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।(संसू)



सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय से यातायात नियमों की जानकारी देने को रवाना किया गया प्रचार वाहन

# सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी : एडीएम

**संसू, श्रावस्ती:** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय से शुक्रवार को द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। एडीएम कमलेश चंद्र ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सड़क पर सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान प्रचार वाहन भी रवाना किया गया।

एडीएम ने कहा कि सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में, सफर सुरक्षित रहे, इसके लिए जगह-जगह यातायात संकेतक लगाए गए हैं। इन्हें ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा पूरी करें। वाहन के रफ्तार पर नियंत्रण रखें। हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं। निर्माण एजेंसी, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग व परिवहन विभाग से जुड़े बस, ट्रक, आटो यूनियन के पदाधिकारियों को सड़क पर सुरक्षित सफर के बारे में बताया गया। यात्री/मालकर अधिकारी रणवीर चौहान, यातायात प्रभारी सुरेंद्र कुमार, लेखाकार शिवम सिन्हा, सचिन शुक्ला, टीएन भद्र, सुरेश चंद्र मालवीय, अमरदीप मौजूद रहे।

# तय मात्रा से अधिक रखी शराब तो होगी कार्रवाई

## डीएम के निर्देश के बाद आबकारी विभाग ने कसा शिकंजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** अब कोई भी व्यक्ति निर्धारित मात्रा से अधिक देशी व विदेशी मदिरा अथवा बीयर आदि नहीं रख सकेगा। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके घर अथवा प्रतिष्ठान पर आबकारी विभाग की टीम कभी भी छापा मार सकती है। इस दौरान निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में मादक पेय पदार्थ आदि मिलने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी की ओर से जिला आबकारी अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरि ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसी भी व्यक्ति को मादक पेय पदार्थ रखने की मात्रा निर्धारित की गई है। जिसका अनुपालन करने के लिए जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसके क्रम में जिलाधिकारी टीके शिबु की ओर से पत्र भेजा गया है। जिसमें कहा गया है कि आबकारी विभाग यह सुनिश्चित करे कि प्रदेश सरकार द्वारा घोषित निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में कोई भी व्यक्ति शराब न रखे।

यदि किसी व्यक्ति द्वारा शराब रखने की शिकायत मिली और जांच के दौरान सही पाया गया तो संबंधितों के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कराकर विधिक कार्रवाई की जाए।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि निर्धारित मात्रा देशी शराब में प्रत्येक तीव्रता में एक-एक लीटर, विदेशी मदिरा में भारत में भरी हुई व भारत में निर्मित डेढ़ लीटर (02 बोतल), विदेशों से आयातित विदेशी मदिरा 1.5 लीटर (02 बोतल) व बीयर 12 केन से अधिक नहीं रख सकता है। अंग्रेजी शराब मात्रा से अधिक रखने के लिए लोगों को 12,000 रुपये वार्षिक लाइसेंस फीस तथा 51,000 रुपये सिक्योरिटी देकर जिलाधिकारी से वैयक्तिक होम लाइसेंस लेना होगा। साथ ही आवेदक को इनकम टैक्स जमा करना आवश्यक है। केवल रिहायशी घर के लिए यह लाइसेंस जारी होगा। फार्म हाउस व गेस्ट हाउस के लिए यह लाइसेंस कदापि नहीं मिलेगा। वैयक्तिक होम लाइसेंस लेने वाला व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदार, मित्र आदि को निःशुल्क मदिरापान करा सकेगा।



### शराब रखने का मानक

अंग्रेजी शराब-6 बोतल, रम-2 बोतल, ब्रांडी-2 बोतल, जिन-2 बोतल, वोदका-2 बोतल, वाइन-1 बोतल, टकीला-01 बोतल तथा बियर- 12 बोतल का ही स्टाक रख सकेगा।

# यातायात नियमों का सभी करें पालन

## द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पर निकला जागरूकता वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग द्वारा द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत शुक्रवार को एआरटीओ कार्यालय से हुई। जहां से जागरूकता वाहन निकाला गया। जिसे अपर जिलाधिकारी व यात्री मालकर अधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र बाजपेई ने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण आए दिन मार्ग दुर्घटनाएं घटित होती हैं। ऐसे में खुद सुरक्षित रहें तथा दूसरे को भी सुरक्षित रखें। प्रत्येक वाहन चालक को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। यात्री मालकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि वाहन के सामने लाइट रिफलेक्टर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।

इससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम रहती हैं। यदि कोई मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करता मिला अथवा वाहन पर अनाधिकृत रूप से नीली बत्ती, लाल बत्ती, हूटर, सायरन, प्रेशर हार्न, गलत नंबर प्लेट, अपारदर्शी काली फिल्म, दो पहिया पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करते मिला तो उस पर कार्रवाई होगी।

लेखाकार सुरेंद्र कुमार ने कहा कि निर्धारित गति से तेज वाहन चलाने वालों के साथ ही शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों को सीज कर वाहन स्वामियों को जेल भी भेजा जा सकता है। इस मौके पर प्रधान सहायक ओपी मिश्रा, वरिष्ठ सहायक सचिन शुक्ला, शिवम सिन्हा, टीएन भट्ट, गौरव कुमार, सुरेश चंद्र मालवीय व अमर सहित एआरटीओ कार्यालय के कई अन्य कर्मचारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



एआरटीओ कार्यालय से जागरूकता वाहन को रवाना करते एडीएम। -संवाद

### दस वाहनों का ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से शुक्रवार को शातिर अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 10 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 12,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। वहीं पुलिस ने कोविड-19 का उल्लंघन करने वाले 47 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4700 रुपये जुर्माना वसूल किया। (संवाद)

# डीआईजी ने मल्हीपुर थाने का किया निरीक्षण



मल्हीपुर थाने में ग्राम प्रहरियों को सम्मानित करते डीआईजी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस महानिरीक्षक देवी पाटन मंडल गोंडा ने गुरुवार को मल्हीपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रहरियों से मिल कर उनका हाल जाना। साथ ही बेहतर कार्य करने वाले ग्राम प्रहरियों को सम्मानित भी किया। मल्हीपुर थाने पहुंचे डीआईजी को सबसे पहले सम्मान गार्द द्वारा सलामी दी गई।

पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल गोंडा डॉ. राकेश सिंह ने गुरुवार को मल्हीपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भोजनालय, आवास, थाना परिसर, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने थाना परिसर को साफ रखने, कार्यालय में अभिलेखों का सही से रखरखाव करने, शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित सफाई करने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदल कर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित, लावारिस एवं जब्त वाहनों की नीलामी कराने, मिशन शक्ति कक्ष व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

## सराहनीय कार्य करने वाले ग्राम प्रहरियों को किया सम्मानित

इसके बाद उन्होंने ग्राम प्रहरियों के साथ मिलकर उनका हाल जाना। साथ ही उनसे उनकी बीट के उप निरीक्षक व आरक्षियों की जानकारी ली गई। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले ग्राम प्रहरियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। उन्होंने उपनिरीक्षकों, आरक्षियों व महिला आरक्षियों से शस्त्र अभ्यास भी कराया। साथ ही उनके बीट बुक चेक कर सभी प्रविष्टियां बीट बुक में अंकित करने एवं उसकी निगरानी, बैंकों व प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

# तमंचा व चोरी के सामान के गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सोनवा पुलिस ने रमनगरा के मजरा दुलहिया में दो दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। इस दौरान पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी गया सामान व देशी तमंचा बरामद किया।

सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम रमनगरा के मजरा दुलहिया निवासी राम फकीरे ने बुधवार सोनवा थाने आकर तहरीर दी थी। जिसमें उसने कहा था कि उसके घर में चोरी हो गई है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने पुलिस को मामला दर्ज कर इसका खुलासा करने का निर्देश दिया था। घटना का खुलासा करने के लिए थानाध्यक्ष सोनवा सुरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा मुखबिरों का सहारा लिया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ने गांव निवासी मुंडे को प्रानपुर से नेवरिया जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक देशी तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया।

गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया मंगल सूत्र, एक नाक की कील, 16 चांदी के विछुआ, एक चांदी की अंगूठी, एक चांदी की चैन, एक जोड़ी पायल बरामद किया। जिसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से बाद में उसे जेल भेजा गया है। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ युवक को दबोचा

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने गुरुवार शाम क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम बैरागीजोत निवासी भस्सू के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई किया है। (संवाद)

# अलग-अलग मामलों में 10 धरे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने गुरुवार रात चलाए गए अभियान के दौरान अलग-अलग मामलों में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में सात शांति भंग के व तीन अन्य आरोपी शामिल हैं। जिनके विरुद्ध संबंधित पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। (संवाद)